14 जनवरी, 2025
माघ, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 87

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही




# असिस्टेंट अकाउंटेंट, स्टूडियो संचालक, मछली व्यवसायी और ग्राम प्रधान की गोली मार कर हत्या

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में अपराधियों का तांडव बढ़ता जा रहा है। राज्य के हर हिस्से से आये दिन हत्या, लूटपाट आदि की सूचनाएं आ रही हैं। पिछले चौबीस घंटे में सरकारी कर्मी से लेकर व्यवसायी तक अपराधियों के शिकार हुए। हजारीबाग के असिस्टेंट अकाउंटेंट की रविवार रात को बोकारो में घर में गोली मार कर हत्या कर दी गयी। चांडिल में स्टूडियो संचालक को सोमवार सुबह दुकान खोलते वक्त गोली मारी गयी। पाकुड़ में मछली व्यवसायी की सिर कूच कर नृशंस हत्या कर दी गयी। सोमवार सुबह तालाब किनारे शव मिला। वहीं, साहिबगंज में ग्राम प्रधान पर ताबड़तोड़ फायरिंग की गयी। उन्हें गंभीर हालत में भागलपुर (बिहार) के मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गयी। चारों कांड में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## कसमार में असिस्टेंट अकाउंटेंट की गोली मार कर हत्या



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** कसमार थाना क्षेत्र अंतर्गत मधुकरपुर पंचायत में 35 वर्षीय पिंटू कुमार नायक की रविवार रात अपराधियों ने गोली मार कर हत्या कर दी। उस वक्त पिंटू अपने घर में सो रहे थे। एक गोली बाईं कनपटी तथा दूसरी गोली पिंटू के सीने में मारी गयी है। घटना को अंजाम देकर दोनों अपराधी फरार हो गये। पिंटू कुमार नायक एक डेढ़ वर्ष पूर्व हजारीबाग जिला के ट्रेजरी में बतौर असिस्टेंट अकाउंटेंट पर बहाल हुए थे। पिंटू रविवार को छुट्टी होने के कारण अपने घर मधुकरपुर के ऊपर टोला आये हुए थे। रविवार देर रात दो लोग छत से होते हुए घर में घुस गये और गोली मार दी। आवाज सुन कर बरामदे में सो रहे पिंटू कुमार नायक के पिता सकुल साव की नींद खुली। दो लोगों को छत की ओर भागते देखा। मां बगल के कमरे में सोयी थी। घटना की सूचना पाकर कसमार थाना पुलिस पहुंची। जख्मी पिंटू को जरीडीह अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## चांडिल में दिनदहाड़े स्टूडियो संचालक को गोलियों से भूना



**चांडिल (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल में सोमवार को एक स्टूडियो संचालक की गोली मार कर हत्या कर दी गयी। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कल्पना स्टूडियो के मालिक दिलीप गोराई की दुकान मुख्य बाजार में है। वह सुबह अपनी दुकान खोलने पहुंचे। तभी वहां मोटरसाइकिल पर दो अपराधी पहुंचे। दिलीप अपनी दुकान खोल रहे थे, इसी बीच अपराधियों ने उन पर हमला कर दिया। दोनों अपराधी दिलीप के नजदीक पहुंच कर गोली मारी। आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने घायल दिलीप को टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी। इसके बाद चांडिल थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच में जुट गये। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है।

## पाकुड़ में मछली कारोबारी की सिर कूच कर निर्मम हत्या



**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** पाकुड़ जिले में एक मछली व्यापारी की निर्मम हत्या का मामला सामने आया है। मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं। हिरणपुर थाना क्षेत्र के मोहनपुर करणडांगा स्थित एक पोखर के पास से सोमवार को 30 वर्षीय अशराफुल अंसारी तबारक मोमिन का शव बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार कुछ ग्रामीणों ने सबसे पहले शव को देखा और इसकी सूचना थाने में दी। हिरणपुर थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि मौके से खून का नमूना लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। मृतक के भाई सरफुल अंसारी ने बताया कि अशराफुल रविवार की शाम को घर से निकला था और उसके बाद लापता हो गया। सोमवार सुबह उन्हें शव मिलने की सूचना मिली। दोनों भाई पहले हैदराबाद की एक बेकरी में काम करते थे। कुछ साल पहले अशराफुल गांव लौट आया था और मछली का व्यवसाय करने लगा था। परिजनों ने दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

## मिर्जा चौकी ग्राम प्रधान को गोली मारी अस्पताल में मौत



**साहिबगंज (आजाद सिपाही)।** सहिबगंज जिला के मिर्जा चौकी थाना क्षेत्र के महादेववरण के ग्राम प्रधान होली कोड़ा को अपराधियों ने निशाना बनाया है। अपराधियों ने ग्राम प्रधान को जान से मारने की नीयत से उन पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें एक गोली ग्राम प्रधान के पेट में लगी। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उन्हें घायल अवस्था में साहिबगंज सदर अस्पताल लाया गया, जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर बड़े अशपताल में रेफर किया। ग्राम प्रधान को परिजन भागलपुर (बिहार) लेकर गये। वहां, उनका इलाज चल रहा है। घायल होली कोड़ा ने अपने बयान में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुनील सिंह पर आरोप लगाया है। उनके मुताबिक जब वे सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे, तभी अपराधी ने उन पर हमला कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुनील सिंह से पुराना जमीन विवाद चल रहा है। उन्होंने ग्राम प्रधान को जान से मारने की धमकी दी थी। इस बीच एसडीपीओ साहिबगंज ने घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीएम ने सोनमर्ग टनल का उद्घाटन किया

# मैं जो वादा करता, उसे निभाता हूं : नरेंद्र मोदी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में जेड मोड़ टनल का उद्घाटन किया। श्रीनगर-लेह हाइवे एनएच-1 पर बनी 6.4 किलोमीटर लंबी डबल लेन टनल श्रीनगर को सोनमर्ग से जोड़ेगी। टनल बनने से लोगों को सभी मौसम में आने-जाने में सुविधा होगी। टनल का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की लद्दाख की एक और बहुत पुरानी मांग आज पूरी हुई है। आप पक्का मानिये ये मोदी है वादा करता है तो निभाता है। हर काम का एक समय होता है और सही समय पर सही काम होने वाले हैं।

### एक घंटे की दूरी 15 मिनट में होगी पूरी

प्रधानमंत्री ने जेड मोड़ टनल का जायजा लिया। वे खुली जीप में बैठ कर टनल देखने गये। जेड मोड़ टनल के इनॉगरेशन के बाद श्रीनगर-लेह हाइवे पर गगनगीर से सोनमर्ग के बीच एक घंटे की दूरी अब 15 मिनट में पूरी होगी। इसके अलावा गाड़ियों की स्पीड भी 30 किमी/घंटा से बढ़ कर 70 किमी/घंटा हो जायेगी। दुर्गम पहाड़ी वाले इस इलाके को क्रॉस करने में पहले 3 से 4 घंटे का समय लगता था।

### टनल बनानेवाले श्रमिक डिगे नहीं

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश और जम्मू-कश्मीर की उन्नति के लिए जिन श्रमिक भाइयों ने कठिन परिस्थितियों में काम किया, जीवन को संकट में डाल कर काम किया, अपनी जान गंवाई, लेकिन संकल्प से डिगे नहीं। श्रमिक साथी डिगे नहीं, किसी ने घर वापस जाने की बात नहीं की। उन्होंने हर चुनौती को पार करते हुए इस काम को पूरा किया है। जिन सात साथियों को हमने खोया है, मैं आज सबसे पहले उनका स्मरण करता हूं। मोदी ने कहा कि हर देशवासी 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने में जुटा है। ये तभी हो सकता है, जब हमारे देश का कोई हिस्सा कोई भी परिवार तरक्की से विकसित होने से पीछे न छूटे। इसके लिए ही हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास की भावना के साथ पूरे समर्पण से काम कर रही है। इस टनल से सोनमर्ग समेत पूरे इलाके में टूरिज्म को भी नये पंख लगने वाले हैं।




# महाकुंभ में डेढ़ करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगायी

- काफी संख्या में विदेशी पर्यटक भी पहुंचे
- 44 घाटों पर किया स्नान, हेलिकॉप्टर से बरसाये गये फूल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**प्रयागराज।** महाकुंभ का शुभारंभ हो चुका है। पौष पूर्णिमा पर सोमवार को पहला स्नान शुरू हुआ। देर शाम तक 44 घाटों पर डेढ़ करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। भक्तों पर हेलिकॉप्टर से 20 क्विंटल फूलों की वर्षा की गयी। महाकुंभ 144 साल में दुर्लभ खगोलीय संयोग में हो रहा है। यह वही संयोग है, जो समुद्र मंथन के दौरान बना था। देश के कोने-कोने से भक्त प्रयागराज आये हैं। हेलिकॉप्टर और एनएसजी कमांडो महाकुंभ में आये लोगों पर नजर रख रहे हैं। विदेशी श्रद्धालु भी बड़ी तादाद में कुंभ में स्नान करने पहुंचे। प्रशासन के मुताबिक, जर्मनी, ब्राजील, रूस समेत 20 देशों से भक्त पहुंचे हैं। सोमवार से ही श्रद्धालु 45 दिन का कल्पवास शुरू करेंगे। संगम पर एंट्री के सभी रास्तों पर भक्तों की भीड़ लगी रही। श्रद्धालु बस और रेलवे स्टेशन से 10-12 किलोमीटर पैदल चल कर संगम पहुंचे। सुरक्षा व्यवस्था को 60 हजार जवान संभालने में लगे हैं।

**एपल के को-फाउंडर स्टीव जॉब्स की पत्नी पहुंचीं :** संगम के पहले स्नान पर ब्राजील, अफ्रीका, अमेरिका, फ्रांस, रूस समेत 20 देशों से विदेशी भक्त पहुंचे हैं। पूरे महाकुंभ के दौरान लाखों विदेशी मेहमानों के आने की उम्मीद है। एपल के सह-संस्थापक स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन पॉवेल भी अमेरिका से कुंभ पहुंची हैं। वह 29 जनवरी तक कल्पवास करेंगी। कल्पवास के दौरान वह 16 दिन तक ध्यान, तपस्या और आत्मशुद्धि करेंगी। लॉरेन निरंजनी अखाड़ा में स्वामी कैलाशानंद गिरी की मौजूदगी में व्यासनंद गिरी महाराज के पट्टाभिषेक (राजतिलक) में शामिल हुईं।

# शर्मनाक: दो गज जमीन भी नहीं मिली कैरो के दुखा उरांव को

- आदिवासी परिवार में जन्मा था, लेकिन बन गया था ईसाई
- मसना में नहीं मिली दफनाने की अनुमति
- इसाई कह रहे हैं कि वह महुवरी का नहीं था

**मो वसीम अकरम**

**कैरो (आजाद सिपाही)।** कैरो थाना क्षेत्र के महुवरी निवासी दुखा उरांव इतना बदनसीब निकला कि उसे अब दो गज जमीन भी नसीब नहीं हो रही है। उसका कसूर केवल इतना था कि आदिवासी परिवार में जन्म लेने के बाद उसने इसाई धर्म कबूल कर लिया। अब मरने के बाद उसे दफनाने के लिए न मसना में जगह मिल रही है और न इसाइयों के कब्रिस्तान में।

दुखा उरांव की मौत रांची के सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हो गयी। परिजन उसके शव को महुवरी ले आये। उसे दफनाने की तैयारी चल रही थी, तभी गांव के उरांव समाज ने मसना में उसका अंतिम संस्कार करने पर आपत्ति जता दी। समाज के लोगों ने कहा कि चूंकि दुखा ने धर्म बदल लिया था और दूसरे धर्म के मृतकों को मसना में दफनाने की अनुमति नहीं है। इसलिए दुखा उरांव को भी मसना में नहीं दफनाया जा सकता। उनका कहना है कि यदि दुखा उरांव का पूरा परिवार फिर से सरना धर्म मान लेता है और उरांव समाज की विधि के अनुसार अंतिम संस्कार करता है, तो मसना में जगह देने पर विचार किया जायेगा। उधर इसाइयों का कहना है कि दुखा महुवरी का नहीं था। इसलिए उसे गांव के कब्रिस्तान में दफनाया नहीं जा सकता है।



महुवरी निवासी दुखा उरांव के घर के बाहर स्थानीय लोग और पुलिस के पदाधिकारी।

### गांव का पहान था दुखा उरांव

जानकारी के अनुसार दुखा उरांव पूर्व में गांव का पहान था। उसे पहनई जमीन भी दी गयी थी। बाद में उसने इसाई धर्म अपना लिया और 2007 में रांची में बस गया। तब उरांव समाज ने उसे दी गयी पहनई जमीन वापस ले ली। जानकारी मिलने पर कैरो थाना पुलिस ने मामले को सुलझाने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं बनी। इसकी जानकारी बीडीओ और सीओ को भी मिली। सीओ कुमारी शीला उरांव ने सरकारी जमीन में दफनाने का प्रस्ताव दिया, लेकिन ग्रामीणों ने साफ कहा कि गांव की सीमा में वे अंतिम संस्कार की अनुमति नहीं देंगे।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# कार्मेल स्कूल: आरोप और उसके खंडन की गुत्थी सुलझाने की चुनौती

- आरोप: प्रिंसिपल ने छात्राओं की शर्ट को उतरवाया, प्रिंसिपल : सभी आरोप निराधार
- बच्चियों ने पेन डे मनाया, लेकिन स्कूल को रास न आया, उतरवा दी 80 बच्चियों की कमीज
- अभिभावक: बच्चियों पर दबाव बनाया, उनके आंसुओं से भी नहीं पसीजा स्कूल प्रबंधन का दिल, कह दिया: उतारो शर्ट
- अभिभावक: हमारी बच्चियों की इज्जत नहीं है क्या? कैसे मेरी बेटी शर्म से घर आयी, एक पिता के लिए कितना पीड़ा का विषय है
- सवाल: आखिर इतने सारे अभिभावक अपनी बेटियों को लेकर झूठ क्यों बोलेंगे?
- झारखंड की इमेज के लिए खतरनाक हैं कार्मेल स्कूल जैसी घटनाएं
- छात्राओं की शर्ट उतरवा, इनर और ब्लेजर में घर भेजना, स्कूल प्रबंधन की दिमागी बीमारी को दर्शाता है
- जांच तो हो रही है, लेकिन छात्राओं के आंसुओं को नजरअंदाज करना घातक होगा
- प्रिंसिपल की भी सुनें, लेकिन गलत किया है, तो सजा तो मिलनी ही चाहिए, ध्यान दे जांच कमेटी

**आजाद सिपाही विशेष**

मम्मी आज मेरे लिए बटर टोस्ट और ऑमलेट बना दो, मैं वही स्कूल में लेकर जाऊंगी, ठीक है बेटी। मां सुबह-सुबह आधी नींद में उठती है, अपनी बेटी के लिए नाश्ता तैयार करती है, उसे स्कूल भेजती है। सभी काम छोड़ कर पिता मोटर साइकिल निकालता है, सबसे पहले अपनी बेटी को स्कूल छोड़ता है, या फिर बस में बिठा देता है। अब माता-पिता मानते हैं कि उन्होंने अपनी बच्ची को सबसे सुरक्षित स्कूल में भेजा है। लेकिन अगर शाम को उसी बच्ची के शरीर पर शर्ट न हो और वह इनर और ब्लेजर में घर पहुंचे तो उस माता-पिता पर क्या गुजरेगी। आप ही बताइये। अगर आप किसी बेटी के पिता हैं या मां हैं, अगर आप अपनी बेटी के साथ ऐसा अनुभव करेंगे, तो आप पर क्या गुजरेगी। जी हां, ऐसी घटना हुई है। यह कहना है उन अभिभावकों का, जिन्होंने अपनी बेटी को सिर्फ इनर और ब्लेजर में स्कूल से घर आते देखा है। क्या आप सोच सकते हैं कि ऐसा भी कोई स्कूल हो सकता है, जो पेन डे मनाने पर छात्रों की कमीज उतरवा दे और उन्हें इनर और ब्लेजर में घर भेज दे। जी हां, ऐसा ही एक मामला झारखंड के धनबाद के डिगवाडीह स्थित कार्मेल स्कूल में सामने आया है। जैसे ही एक खबर आयी कि झारखंड के धनबाद में एक प्राइवेट स्कूल में करीब 100 छात्राओं की शर्ट्स उतरवायी गयी है और उन्हें बिना शर्ट ही घर भेज दिया गया, ऐसा लगा मानो ये कौन से हैवान झारखंड में पैदा हो गये, जिन्होंने ऐसा घिनौना काम किया है। कार्मेल स्कूल, डिगवाडीह की 20-25 छात्राओं के पैरेंट्स ने 11 जनवरी को डीसी माधवी मिश्रा से मुलाकात कर कार्मेल स्कूल, डिगवाडीह की प्रिंसिपल के खिलाफ शिकायत की थी। पैरेंट्स का आरोप है कि 9 जनवरी को छात्राओं की 10वीं क्लास का अंतिम दिन था। इस पल को यादगार बनाने के लिए बच्चियों ने स्कूल में पेन डे सेलिब्रेट किया। यानि कमीज पर लिख कुछ-कुछ अपनी फीलिंग्स को शेयर किया। एक दूसरे की शर्ट पर बधाई संदेश, मन के भाव और परीक्षा के लिए बेस्ट आफ लक लिखा। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है। हम लोग भी जब छोटे थे, तब हमने भी ऐसा कार्य किया है। पेन डे मनाने के क्रम में अचानक प्रिंसिपल देवाश्री वहां पहुंचीं, बच्चियों को डांटा, छात्राओं की शर्ट उतरवायी और कहा कि इनर वियर और ब्लेजर में ही घर जाओ। अगर ऐसा हुआ है, तो इससे घिनौना कार्य कुछ हो ही नहीं सकता। ऐसे स्कूलों पर ताला लगा देना चाहिए। ऐसी मानसिकता झारखंड की इमेज के लिए कितनी खतरनाक है। ऐसे स्कूल प्रबंधन के लोगों पर जितना हो सके कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। पूरे मामले में क्या कहना है छात्राओं, उनके अभिभावकों और प्रिंसिपल का बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

## प्रिंसिपल का कहना था शर्ट तो खोलना ही पड़ेगा: अभिभावक

कार्मेल स्कूल में पढ़ रही एक बच्ची के अभिभावक का कहना है कि मेरी बेटी पेन डे सेलिब्रेट कर रही थी, किसी ने प्रिंसिपल को कंप्लेन किया। उसके बाद प्रिंसिपल आयीं और कहा कि सब अपनी-अपनी शर्ट उतारो। उसके बाद दबाव देकर सभी की शर्ट को उतरवाया गया। छात्राओं ने प्रोटेस्ट किया कि वे अपनी शर्ट नहीं उतारेंगी। लेकिन फिर भी प्रिंसिपल का कहना था कि शर्ट तो खोलना ही पड़ेगा। आखिर में डर कर छात्राओं ने शर्ट उतार दिये। उनके साथ में खड़ीं कुछ अभिभावकों का कहना था कि क्लास 11 की लड़कियों को कहा गया कि इनका शर्ट उतार दो। अभिवावकों का कहना था कि कुछ लड़कियों के पास फोन भी थे, जो स्कूल में अलाउड नहीं हैं, शर्ट खोलने से पहले उनके फोन को सीज कर लिया गया। शर्ट उतरवाने के बाद कहा गया कि पैरेंट्स को कॉल करो, जब वे शर्ट लेकर आयेंगे, तब जाने देंगे नहीं तो नहीं जाने देंगे। कुछ बच्चे घबरा कर ऐसे ही घर चले गये, लेकिन कुछ बच्चियां वहीं रोने लगीं। अभिवावक ने कहा कि उनकी बेटी वहीं रोने लगी और टीचर से शर्ट छिन कर किसी तरह घर आयी। अभिभावकों का कहना था कि ये लडकियां सेक्शन 10 ए और 10 बी की थीं। वहीं एक पिता का कहना है कि क्या मेरी बेटी की इज्जत नहीं है क्या। कैसे मेरी बेटी का शर्ट उतरवाया गया। ब्लेजर से सब ढंक जाता है क्या। अगर स्कूल को कोई ऑब्जेक्शन होता तो पैरेंट्स को कॉल करना चाहिए था। लेकिन इसके बजाय मेरी बेटी का शर्ट खुलवा लिया गया और कहा गया कि ऐसे ही घर जाओ। उनका कहना था कि कैसे उनकी बेटी शर्म से घर आयी, एक पिता के लिए कितनी पीड़ा का विषय है। शर्ट खोलने के बाद एक पिता को अगर स्कूल बुलाया भी जायेगा तो क्या मैं अपनी बेटी को ऐसे देख पाऊंगा क्या। मेरी बेटी की दसवीं की परीक्षा है, मेंटली डिस्टर्ब हो गयी है वो। दिन भर मेरी बेटी रोयी थी उस दिन। हमारी मांग है प्रिंसिपल को हटाया जाये और अरेस्ट किया जाये।




## ये सब झूठ है: प्रिंसिपल सिस्टर देवश्री

वहीं स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर देवश्री का कहना है कि मैंने छात्राओं को यह सब नहीं करने को कहा था, ना ही उन्हें शर्ट उतारने के लिए कहा। मैंने उनसे कहा कि आप लोग प्रॉपर यूनिफार्म में ही घर जायें, आस-पास नहीं घूमिये। उनका कहना है कि ये सभी आरोप निराधार हैं। गलत है।

## धनबाद की डीसी एक्टिव

इस मामले का संज्ञान लेते हुए धनबाद की डीसी माधवी मिश्रा से इसकी लिखित शिकायत की गयी है। तत्काल डीसी ने एसडीएम राजेश कुमार और डीइओ निशु कुमारी को जांच के निर्देश दिये हैं। डीसी के निर्देश के बाद जिला, पुलिस प्रशासन एवं शिक्षा विभाग की टीम कार्मेल स्कूल डिगवाडीह पहुंची। डीसी माधवी मिश्रा ने कहा कि इस मामले को डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन ने बहुत गंभीरता से लिया है। जांच कमिटी जो भी फाइंडिंग्स प्रस्तुत करेगी, उसके आधार पर कार्रवाई की जायेगी। पैरेंट्स की जो भी 10वीं की परीक्षा के लिए चिंताएं हैं, उससे वे निश्चिंत हो जायें, बच्चियों को कोई दिक्कत आने नहीं दी जायेगी। हमारी टीम जांच करने कार्मेल स्कूल गयी हुई है, जरूरत पड़ने पर एफआइआर भी दर्ज की जायेगी।

## मामले में जांच चल रही है

फिलहाल कार्मेल स्कूल की 10वीं की छात्राओं की शर्ट उतरवाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सोमवार को घटना की जांच के लिए दो अलग-अलग टीम स्कूल पहुंची। एसडीएम राजेश कुमार और जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी के नेतृत्व में पहली टीम ने जांच शुरू की। साथ ही, झारखंड लीगल सर्विसेज अथॉरिटी (झालसा) और बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) की टीम भी मौके पर पहुंच कर घटना की जांच में जुट गयी है। बच्चों के पैरेंट्स भी स्कूल में मौजूद थे। इधर, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ता स्कूल के मुख्य द्वार पर धरना पर बैठ गये हैं और जम कर नारेबाजी भी की। वे स्कूल का रजिस्ट्रेशन रद्द करने और प्रिंसिपल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। स्थिति इतनी तनावपूर्ण रही कि डालसा की टीम को स्कूल में प्रवेश के लिए पैदल जाना पड़ा।

## प्रिंसिपल का कमरा सील

झारखंड लीगल सर्विसेज अथॉरिटी (झालसा) ने स्वतः संज्ञान लेते हुए पूरे प्रकरण की जांच का निर्देश दिया है। धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन वीरेंद्र कुमार तिवारी ने लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के आठ सदस्यों की जांच टीम बनायी है। टीम ने रविवार को भी पुलिस के साथ स्कूल में जाकर छानबीन की थी। उन्होंने छात्राओं, पैरेंट्स और स्कूल प्रबंधन से बातचीत भी की। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को सुरक्षित रखने के लिए प्रिंसिपल के कमरे को सील कर दिया, जहां डीवीआर लगा है। इससे पहले, शनिवार को जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम के नेतृत्व में गठित टीम भी जांच करने स्कूल गयी थी। मामले में झरिया के धर्मशाला रोड में प्राचार्य का पुतला भी जलाया गया।

## इस स्कूल के बारे में मैंने कई बार शिकायत सुनी, लेकिन आज आंखों से भी देख लिया: रागिनी सिंह

वहीं झरिया की विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि एक महिला होकर महिला का अपमान कैसे कोई कर सकता है। उन्होंने डीसी से मुलाकात भी की। डीसी इस घटना से दुखी हैं। उन्होंने इस मामले में संज्ञान लिया है। आश्वासन दिया है कि कार्रवाई होगी। वैसे हम लोग डीसी की बातों से संतुष्ट हैं, लेकिन अगर कार्रवाई नहीं होती है, तो हम लोग न्याय के लिए लड़ेंगे। बच्चियों के साथ हम लोग खड़े हैं। आज हमारी बच्चियों के साथ जो कुछ हुआ है, कल यह फिर से नहीं हो इसके लिए आवाज उठाने की जरूरत है। उनका कहना है कि इस स्कूल के बारे में मैंने कई बार शिकायत सुनी है, लेकिन आज आंखों से भी देख लिया। हम लोग यह बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# निगम और निकाय चुनाव: अवमानना याचिका पर अब 16 को सुनवाई

**हाइकोर्ट ने केंद्रीय चुनाव आयोग को जारी किया नोटिस**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** शहरी निकाय चुनाव कराने को लेकर निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो द्वारा दाखिल याचिका पर हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सोमवार की सुनवाई के दौरान सरकार ने अदालत को बताया कि ट्रिपल टेस्ट करवा कर चुनाव कराया जायेगा। इस पर न्यायालय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने यह कहा है कि ट्रिपल टेस्ट के बगैर ही निकाय चुनाव कराया जाये। ट्रिपल टेस्ट की आड़ में निकाय चुनाव रोक नहीं सकते हैं। यह आदेश दिये जाने पर भी राज्य सरकार द्वारा चुनाव नहीं कराना, कोर्ट के आदेश की अवमानना है। स्टेट इलेक्शन कमीशन के अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि केंद्रीय चुनाव आयोग ने नये वोटर लिस्ट को अभी तक राज्य निर्वाचन आयोग को उपलब्ध नहीं कराया है। साथ ही राज्य सरकार राज्य निर्वाचन आयोग को सहयोग नहीं कर रही है, इसलिए अभी तक शहरी निकाय चुनाव राज्य में नहीं कराया जा सका है। इसके बाद न्यायालय ने केंद्रीय चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। अब अदालत इस मामले की अगली सुनवाई 16 जनवरी गुरुवार को करेगा। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंदा सेन की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। यह जानकारी प्रार्थी रोशनी खलखो ने दी। दरअसल निवर्तमान पार्षद रोशनी खलखो ने राज्य में जल्द नगर निगम और निकाय चुनाव कराने के लिए हाइकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की है।

# एसबीयू और पेंसिल्वेनिया विवि के बीच शैक्षणिक सहयोग की सहमति

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची और पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय, फिलाडेल्फिया, अमेरिका के बीच शैक्षणिक सहयोग पर सहमति बनी है। इस आशय से संबंधित मुंबई में हुई बैठक में एसबीयू के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक और पेंसिल्वेनिया विवि की ओर से विवि के इंजीनियरिंग विभाग के डीन एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। आइवी लीग में शामिल पेंसिल्वेनिया विवि अपनी अकादमिक उत्कृष्टता, चुनिंदा प्रवेश प्रक्रिया एवं जीवंत परिसर के लिए मशहूर रहा है। आइवी लीग विश्वविद्यालयों को दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित और प्रतिस्पर्धी विश्वविद्यालयों में माना जाता है। दोनों विश्वविद्यालयों के बीच हुए शैक्षणिक सहयोग पर एसबीयू के कुलाधिपति बिजय कुमार दलान, सांसद डॉ प्रदीप वर्मा, कुलपति डॉ सी जगनाथन सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.0 °c | 12.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.22 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.32 बजे |



# सीएम हेमंत सोरेन और बाबूलाल ने बलिदान दिवस पर बाबा तिलका मांझी को किया नमन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** देश की आजादी के महानायक और शूरवीर आदिवासी नेता बाबा तिलका मांझी का सोमवार को बलिदान दिवस है। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने उन्हें नमन किया है। इसे लेकर सीएम और बाबूलाल ने अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट साझा किया है। सीएम हेमंत ने अपने पोस्ट में लिखा, 1857 से कहीं पहले झारखंड में देश की



आजादी की पटकथा लिखी जा चुकी थी। देश की आजादी के



महानायक बाबा तिलका मांझी के शहादत दिवस पर शत-शत नमन।

बाबूलाल मरांडी बाबा तिलका मांझी को नमन करते हुए लिखा है, संथाल विद्रोह के प्रणेता और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रथम महानायक अमर शहीद बाबा तिलका मांझी जी की बलिदान दिवस पर उन्हें कोटि-कोटि नमन।

E-mail - mdjscb@jscb.gov.in Ph. No. 0651-2913111
Jharkhand State Cooperative Bank Ltd., Ranchi
1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi- 834001
Ref. : 2852 Walk-In - Interview Date: 13.01.2025
Jharkhand State Cooperative Bank Ltd. invites applications from eligible Candidates for the following posts on contract basis :-
1. Cooperative Intern (1 no.)
2. Domain Experts (5 nos.)
Date & Time of Walk - In - Interview: 18.01.2025 11.00 AM For eligibility criteria and other details, please visit website: https://www.jscb.gov.in
Sd/-
CEO, JSCB Ranchi

## शिक्षा मंत्री ने कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय का किया उद्घाटन

# झारखंड में और 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले जायेंगे: रामदास सोरेन

- वर्तमान में राज्य में 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस हैं
- शिक्षा के माध्यम से ही गरीबी दूर की जा सकती है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** रामगढ़ जिला के दुलमी प्रखंड अंतर्गत सिरु पंचायत में नवनिर्मित कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय का शिक्षा मंत्री के द्वारा फीता काट कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया गया। इस मौके पर मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में शिक्षा विभाग का यह प्रयास है कि शिक्षा संबंधित सभी तरह की सुविधा राज्य के बच्चों को उपलब्ध करायी जाये। इस दिशा में शिक्षा विभाग निरंतर कार्य कर रहा है। वर्तमान में राज्य में 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस हैं। बहुत जल्द ही राज्य में 80 और सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले



जायेंगे। मंत्री ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा रास्ता है जिसके माध्यम से ना केवल अपनी गरीबी दूर कर सकते हैं बल्कि देश और समाज के विकास में भी अपना योगदान दे सकते हैं। मौके पर मंत्री ने शिक्षा, स्वास्थ्य के अलावा पलायन रोकने की दिशा में किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इस मौके पर कस्तूरबा विद्यालय के छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

### बेहतर शिक्षा से ही विकास संभव हो सकता है : ममता देवी

इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक ममता देवी ने भी शिक्षा के प्रति प्रकाश डालते हुए कहा कि झारखंड में बेहतर शिक्षा से ही हमारा विकास संभव हो सकता है। पूरे राज्य से निरक्षरता रूपी कलंक को दूर हटाना है। घर-घर में शिक्षा का दीप जलाना है। इस मौके पर रामगढ़ के उपायुक्त चंदन कुमार ने भी संबोधित करते हुए कहा कि पूरे जिला भर के कस्तूरबा विद्यालयों में सीसी टीवी कैमरा लगाये जाने का प्रयास किया जायेगा जिससे छात्र-छात्राएं सुरक्षित महसूस कर सकें। इस मौके पर उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम कुमारी, जिला शिक्षा अधीक्षक संजीव कुमार, एसडीओ अनुराग तिवारी, दुलमी के बीडीओ, सीओ के अलावा सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, चित्रगुप्त महतो, सुधीर कुमार, मंगलेश, डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# इंटर यूथ फेस्ट में आरयू के छात्रों का बेहतरीन प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के छात्रों ने 8-12 जनवरी तक पश्चिम बंगाल में संपन्न इस्ट जोन इंटर यूथ फेस्टिवल 2024-25 के कई इवेंट में शानदार प्रदर्शन किया है।

छात्रों के इस बेहतरीन प्रदर्शन पर कुलपति रांची विश्वविद्यालय प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्रों को बधाई दी है। विभिन्न प्रतियोगिताओं में आरयू के छात्रों का प्रदर्शन इस प्रकार है : लिटरेरी डिबेट : फर्स्ट, मेहंदी : फर्स्ट, लिटरेरी क्विज : थर्ड, म्यूजिक ग्रुप सोंगः थर्ड, माइम : सेकेंड, मिमिक्रीः सेकेंड, स्पॉट फोटोग्राफीः सेकेंड, इंस्टालेशनः थर्ड, प्रभातफेरी : फर्स्ट, लिटरेरी ओवरऑल : फर्स्ट, थियेटर

### कुलपति ने दी बधाई

ओवरऑलः थर्ड, फाइनआर्ट ओवरऑल :थर्ड, म्युजिक क्लासिकल वोकल सोलोः फोर्थ, क्ले मॉडलिंगः फोर्थ, ओवरऑलः फोर्थ। विभिन्न इवेंट्स में फर्स्ट सेकेंड तथा थर्ड आने वाले कुल 9 इवेंट 38वें नेशनल इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल में हिस्सा लेंगे। छात्रों के अच्छे प्रदर्शन पर पूरी टीम तथा साथ गये शिक्षकों, टीम मैजजरों को कुलपति के साथ ही रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू, कुलसचिव बी नारायण, डॉ प्रीतम कुमार, प्रोक्टर डॉ एमसी मेहता, डिप्टी डायरेक्टर वोकेशनल डॉ स्मृति सिंह और अन्य ने बधाई दी है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** नौकरी-व्यापार में अवरोध, परिश्रम से आवश्यक कार्य में सफलता मिलेगी।
- **वृष** प्रॉपर्टी खरीदने के संयोग बनेगा, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।
- **मिथुन** कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण की प्राप्ति होगी
- **कर्क** महत्वकांक्षा पूरी होगी, नौकरी में बदलाव होने का संयोग बन सकता है।
- **सिंह** रोजी-रोजगार में सफलता, रुका हुआ काम पूरा होगा, शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी।
- **कन्या** बाधित उन्नति, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।
- **तुला** परिवार में संतान के विवाहादि शुभ मांगलिक कार्य संपन्न होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग।
- **वृश्चिक** जमीन-जायदाद संबंधी काम बनेगा। संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।
- **धनु** शिक्षा संबंधी कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय।
- **मकर** आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा का, परिवार में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।
- **कुंभ** इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।
- **मीन** सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

## राजद कार्यालय में श्रम मंत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

# कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरिः संजय यादव

- मंत्री ने कहा- पार्टी, संगठन को मजबूत और बड़ा बनाना लक्ष्य
- मंत्री की सक्रियता से राजद को कई क्षेत्रों में सफलता मिल रही

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्रम मंत्री संजय प्र. यादव ने सोमवार को राजद प्रदेश कार्यालय में राज्य के विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का सम्मान हमेशा सर्वोपरि होना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए कहा कि वे पार्टी की रीढ़ होते हैं। इस अवसर पर राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव



ने मंत्री संजय प्रसाद यादव को बुके देकर गर्मजोशी से स्वागत किया।

श्रम एवं उद्योग मंत्री संजय यादव ने कोडरमा, लोहरदगा, गुमला, रामगढ़ चैनपुर और एचइसी धुर्वा से आये कार्यकर्ताओं से मुलाकात के दौरान कहा कि राजद एक मजबूत पार्टी है। पार्टी की विचारधारा और सुप्रीमो लालू यादव तथा तेजस्वी यादव की नीतियों से प्रेरित होकर आप लोग राजद का प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने यह भी बताया कि हेमंत सोरेन सरकार में मंत्री बनने के बाद लोगों में एक नयी आशा जागी है। उन्होंने कहा कि वे अपनी पूरी कोशिश करेंगे कि कार्यकर्ताओं की आकांक्षाओं को पूरा किया जाये। राजद महासचिव कैलाश यादव ने बताया कि मंत्री संजय यादव की सक्रियता और 4 विधायक निर्वाचित होने से राजद में काफी उत्साह बढ़ा है। मंत्री संजय यादव के कर्मठ कार्यशैली से लोगों को काफी उम्मीद बंधी है। इस दौरान मंत्री संजय यादव ने बताया कि वे लगातार राज्य के विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं।

## रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नमो पतंग उत्सव का किया उद्घाटन

# देश के युवा भी प्रगति की उड़ान भरें : संजय सेठ

- पूरे मैदान में बच्चों ने पतंग उड़ा कर पतंग उत्सव का आनंद लिया
- बच्चों के बीच नमो पतंग, धागे, कंबल का संजय सेठ ने किया वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति, रांची के सानिध्य में सोमवार को ओटीसी ग्राउंड (रातू रोड) के मैदान में नमो पतंग उत्सव का आयोजन धूमधाम से मनाया गया। सांसद और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के द्वारा प्रातः 8:30 बजे नमो पतंग उत्सव की शुरुआत की गयी। संजय सेठ ने कहा हिंदू भारतीय संस्कृति में आने वाली पीढ़ियों को जागृत करने के लिए, हिंदू धर्म के संग हमारी भारतीय संस्कृति का पूर्ण निर्वाह करते हुए हम आज भी पतंग उत्सव, मकर संक्रांति, लोहड़ी, टुसू सहित अन्य त्योहारो को बड़े ही धूमधाम से मनाते आ रहे हैं। पतंग की उड़ान के संग हम चाहते हैं कि आज देश के युवा भी अपनी प्रगति पर ऐसी उड़ानों के साथ देश और समाज का भविष्य तय करें।

इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नमो पतंग, लटेर और धागे का युवाओं और बच्चों के बीच वितरण किया। साथ ही उन्होंने पतंग उड़ा कर उसका उद्घाटन किया। इस अवसर श्री



सेठ के द्वारा महिलाओं ओर ब्योबृद्ध लोगों को कंबल भी दिया गया। समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया नमो पतंग उत्सव का भव्य आयोजन 2006 से समिति द्वारा किया जा रहा है, जो निरंतर आज तक चल रहा है। आयोजन का प्रायोजक प्रेमसंस मोटर है। प्रातः 8:30 बजे निश्चित समय पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के संग पतंग उत्सव प्रारंभ किया गया। इसके अंतर्गत समिति द्वारा लोगों के बीच नमो पतंग का भी वितरण किया। साथ ही जरूरतमंद व्यक्तियों के बीच कंबल वितरण किया गया।

इस अवसर पर आयोजन में शामिल सभी लोगों के बीच खिचड़ी के महाभोग सहित तिलकुट, मूढ़ी लड्डू, टॉफी, खिलौना का भी वितरण लोगों के बीच किया गया। इस अवसर पर लोगों ने नमो पतंग उत्सव का आनंद उठाया। काफी संख्या में लोग सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, अध्यक्ष मुकेश काबरा, सचिव, रवींद्र मोदी, पुनीत पोद्दार, अमरेंद्र श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी प्रमोद सारस्वत, संजय पोद्दार, कमलजीत सिंह शंटी, अमित चौधरी, मनीष लोढ़ा, संतोष सेठ, नीतू सिंह, पूनम आनंद, सुबेश पांडे, नीलम चौधरी, नीरज चौधरी, सोनू भारद्वाज, कुमुद झा, संजय गोयल, सत्येंद्र सिंह गुड्डू, बैजू सोनी, विकास कुमार, ललन श्रीवास्तव, मनोज तिवारी, विषम सिंह, विजय ओझा, ओम प्रकाश, राजीव वर्मा, रमेंद्र कुमार, नरेंद्र लखोटिया, किशन साबू, प्रदीप राजगढ़िया, संजीव साहू सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## झारखंड और बंगाल के सांसदों के साथ रेलवे के अधिकारियों की बैठक

# टाटानगर स्टेशन का 319 करोड़ की लागत से होगा विकास

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे के रेल जीएम अनिल कुमार मिश्रा ने सोमवार को जमशेदपुर में झारखंड और बंगाल के 9 सांसदों के साथ बैठक कर यात्री सुविधाओं पर चर्चा की। इस बीच रेल जीएम ने कहा कि रेलवे की ओर से यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी करने का काम रेलवे स्टेशनों पर किया जा रहा है। बैठक में रांची और चक्रधरपुर रेल मंडल के डीआरएम भी मौजूद थे। रेल जीएम एके मिश्रा ने एक सवाल के जवाब में कहा कि किसी भी स्टेशन पर ठहराव तब होता है, जब वहां से यात्री बड़ी संख्या में ट्रेनों पर सवार होते हैं। पूर्व में कई ट्रेनों का ठहराव भी बंद कर दिया गया था, लेकिन अब अधिकांश ट्रेनों का ठहराव दे दिया गया है। ट्रेनों के ठहराव की हरी झंडी रेलवे बोर्ड से ही मिलती है। वे सिर्फ मांग को ही पहुंचा सकते हैं। जीएम ने कहा कि टाटानगर स्टेशन का विकास 319 करोड़ रुपये से होने वाला है। इसके लिए टेंडर भी निकाला गया है। जीएम ने कहा कि आदित्यपुर स्टेशन पर अब प्लेटफार्मों की संख्या 5 हो गयी है। यहां का काम 21 जनवरी तक पूरी कर लिया जायेगा।



प्लेटफार्मों की लंबाई भी 600 मीटर कर दी गयी है।

### सांसद दीपक प्रकाश ने रखी मांग

राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने बैठक में दक्षिण पूर्व रेलवे अंतर्गत रांची डिवीजन में लंबे समय से रेल नीर प्लांट की मांग के मुद्दे को उठाया। कहा कि अब तक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हो पायी है। रांची में रेल नीर प्लांट की स्थापना करायी जाये। उन्होंने बैठक में पुरुलिया सुपरफास्ट एक्सप्रेस का विस्तार रांची तक, रांची जलपाईगुड़ी नयी साप्ताहिक एक्सप्रेस, हटिया-मेंगलुरु स्पेशल ट्रेन, रांची-जलपाइगुड़ी नयी साप्ताहिक एक्सप्रेस की जल्द शुरूआत की भी मांग रखी। हटिया से सिकंदराबाद, रांची से माता वैष्णो देवी, कटरा नयी स्पेशल सुपरफास्ट, हटिया से अहमदाबाद (वाया सिंगरौली, भोपाल, उज्जैन, रतलाम), रांची से नयी दिल्ली (वाया बरकाकाना, हजारीबाग टाउन, कोडरमा) के परिचालन की पहल हो, इस इसकी भी मांग रखी। श्री प्रकाश ने यात्री सुविधा में विस्तार हेतु के सुझाव दिये। दक्षिण-पूर्व रेलवे के रांची एवं अन्य जिन रेलवे स्टेशनों के नवीनीकरण का कार्य और फुट ओवरब्रिज का निर्माण हो रहा है वहां रैंप बनाया जाये। ट्रेन सं 18611 रांची वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस में यात्रियों की भारी मांग को देखते हुए इस ट्रेन में 3ए के 2 कोच और एक 2ए का कोच अतिशीघ्र लगाकर चलाया जाये। साथ ही इस ट्रेन को शीघ्र ही एलएचबी कोच में परिवर्तित किया जाये जिससे यात्रियों को सुविधा मिल सके। रांची से नयी दिल्ली (रांची -नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस) प्रत्येक दिन चलायी जाये। कोंकण रेलवे की तर्ज पर रांची और टाटानगर से रो–रो रेल सेवा उत्तर भारत के शहरों तक चलायी जाये। टाटीसिलवे स्टेशन पर कोचिंग यार्ड की स्थापना की जाये।

### बैठक में ये थे मौजूद

बैठक में जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो, खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा, पश्चिम सिंहभूम सांसद जोबा मांझी, लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत, चतरा सांसद कालीचरण सिंह, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, आदित्य साहू, प्रदीप वर्मा और अन्य मौजूद थे।

# जेसीआइ रांची ने खेला कंट्री क्रिकेट क्लब के साथ फ्रेंडली मैच

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेसीआइ रांची अपने क्रिकेट प्रेम के लिए जाना जाता है। जेपीएल और आरसीएल लीग मैच पूरे रांची से लोग देखने और खेलने आते हैं।

इसकी शुरुआत करते हुए सोमवार को जेसीआइ और कंट्री क्रिकेट क्लब (सीसीसी) के बीच जेएससीए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के ओवल ग्राउंड में एक फ्रेंडली मैच खेला गया। जिसमें सीसीसी ने 2 रनों से जीत दर्ज की। इस रोमांचक मैच में आखिरी दो गेंदों में जेसीआइ रांची की ओर से राजेश जैन ने दो छक्के मारे लेकिन केवल दो रनों से मैच जीत




नहीं पाये। सीसीसी ने कुल 8 विकेट खो कर 16 ओवर में 155 रन बनाये, वहीं जेसीआइ ने 9 विकेट खो कर 16 ओवर में 153 रन बनाये। बेस्ट बल्लेबाज का खिताब पीयूष सिंह को, बेस्ट गेंदबाज का खिताब अनुपम को और मैन ऑफ मैच का खिताब पीयूष सिंह को दिया गया। इस कार्यक्रम का संचालन जेसी राजीव रंजन ने कुशलता से किया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW




# झारखंड के 10 आइपीएस अफसरों को प्रमोशन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कैडर के भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) के 10 अधिकारियों का प्रमोशन हो गया है। ये सभी 2016 बैच के आइपीएस अधिकारी हैं। जिन लोगों को प्रमोशन मिला है, उनके नाम अंजनी अंजन, सौरभ, अमित रेणु, ऋषभ कुमार झा, शंभु कुमार सिंह, अजय कुमार सिन्हा, पूज्य प्रकाश, सहदेव साव, अमित कुमार सिंह और मुकेश कुमार हैं। प्रमोशन मिलने के बाद ये लोग भारतीय पुलिस सेवा के जूनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड के पे लेवल-12 ऑफ पे मैट्रिक्स में प्रोन्नत हो गये हैं। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गयी है। इनका प्रमोशन 1 जनवरी 2025 से लागू हो गया है।

### प्रमोशन पाने वाले आइपीएस अधिकारियों की पूरी लिस्ट

1. अंजनी अंजन, भारतीय पुलिस सेवा
2. सौरभ, भारतीय पुलिस सेवा
3. अमित रेणु, भारतीय पुलिस सेवा
4. ऋषभ कुमार झा, भारतीय पुलिस सेवा
5. शंभु कुमार सिंह, भारतीय पुलिस सेवा
6. अजय कुमार सिन्हा, भारतीय पुलिस सेवा
7. पूज्य प्रकाश, भारतीय पुलिस सेवा
8. सहदेव साव, भारतीय पुलिस सेवा
9. अमित कुमार सिंह, भारतीय पुलिस सेवा
10. मुकेश कुमार, भारतीय पुलिस सेवा

झारखंड सरकार की ओर से जो अधिसूचना जारी की गयी है, उसमें प्रोन्नति की शर्त भी लगायी गयी है। कहा गया है कि इन सभी अधिकारियों को इस शर्त के साथ प्रमोशन दिया जाता है कि ये लोग प्रशिक्षण के अगले स्लॉट में एमसीटीपी फेज-तीन प्रशिक्षण पूरा कर लेंगे। 10 जनवरी 2025 को सरकार के उप सचिव ओम प्रकाश तिवारी ने झारखंड के राज्यपाल के आदेश से यह अधिसूचना जारी की है। इसमें यह भी स्पष्ट कर दिया है कि प्रोन्नति के बाद इन पुलिस पदाधिकारियों का वर्तमान पदस्थापन प्रभावित नहीं होगा।यानी उनकी ट्रांसफर-पोस्टिंग नहीं की जा रही है।

## राजू राम को विधायक प्रतिनिधि बनाये जाने पर लोगों ने बधाई दी



**रांची (आजाद सिपाही)। कांके विधानसभा (शहरी) क्षेत्र के खाद्य जनवितरण और उपभोक्ता मामले के विधायक प्रतिनिधि के रूप में राजू राम की नियुक्ति पर विधायक रिम्स के प्रतिनिधि विनोद सिंह ने बुके देकर बधाई दी। इस अवसर पर मेहुल प्रसाद, राकेश सिंह, वशिष्ठ लाल पासवान, गौरी शंकर महतो, अमित कुमार चौरसिया, सुरज कुमार राम, प्रकाश राम, बसंत पासवान, शिव कुमार पासवान सहित कई अन्य लोग शामिल थे।**

# विद्यार्थियों के लिए गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज और गवर्नमेंट प्लस 2 स्कूल साझा कार्यक्रम चलायेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सोमवार को राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन एजुकेशन इन झारखंड एवं राजकीय प्लस 2 उच्च विद्यालय कांके रांची के बीच साझा कार्यक्रम हेतु महाविद्यालय के प्रभारी प्रो दुलाल चंद्र महतो के नेतृत्व में शैक्षणिक वातावरण, रमणीक परिसर, सांस्कृतिक कार्यक्रम, डिजिटल लिटरेसी, खेलकूद, संगीत, साहित्यिक गतिविधियों के साझा कार्यक्रम को लेकर बातचीत हुई। इस अवसर पर अखंड भारत साहित्य परिषद के संस्थापक एवं राष्ट्रीय संयोजक सेवानिवृत प्राचार्य डॉ वासुदेव प्रसाद ने राजकीय प्लस 2 उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य मो कुर्बान अंसारी को नव वर्ष की शुभकामना के साथ सॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ने महाविद्यालय की ओर से मो कुर्बान अंसारी को कैनवास पेंटिंग से सम्मानित किया। मौके पर महाविद्यालय के शिक्षक एवं लिटरेरी इवेंट्स के संयोजक डॉ ओम प्रकाश ने बताया कि विद्यालय एवं महाविद्यालय दोनों मिलकर भाषा विज्ञान एवं साहित्य विभाग की ओर से समय समय पर ऊर्दू, हिंदी, अंग्रेजी एवं जनजातीय भाषा से संबंधित गतिविधियां चलायेगा। विद्यालय के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रशिक्षु शिक्षकों एवं समय-समय पर विद्वानों का उद्बोधन भी कराया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि भारत सरकार के इनफॉर्मेशन एंड टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट के अंतर्गत नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के साथ मिलकर दोनों विद्यालय एवं प्रशिक्षण महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए डिजिटल लिटरेसी में पारंगत करवाया जायेगा। इस अवसर पर डॉ ओम प्रकाश तिवारी, ध्रुव पांडेय, विद्यालय प्रबंधन, विद्यालय के खेल शिक्षक, महाविद्यालय के प्रशिक्षु चंदन साहू एवं अन्य मौजूद थे।

# एसएस मेमोरियल कॉलेज में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनायी गयी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** संजय गांधी मेमोरियल कॉलेज की एनएसएस इकाई की ओर से सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती मनायी गयी। प्राचार्य डॉ राजेश कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद कोई साधारण व्यक्ति नहीं थे, जिनकी जयंती मनायी जा रही है। वह कहते थे कि अगर देश के नौजवानों को सुशिक्षित, संस्कारी, ज्ञानी, विद्वान बनायें तो देश अपने-आप ही आगे बढ़ेगा।

डॉ सुखदेव साहू ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के नाम में ही संपूर्ण विश्व का ज्ञान छुपा हुआ है। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ पंपा सेन विश्वास ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के कर्णधार हैं। कार्यक्रम पदाधिकारी अरुण सौमित्र ने कहा कि स्वामी विवेकानंद नवयुवकों के आदर्श रहे हैं, उनके दिखाये गये रास्ते पर चलने से समाज बहुत आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम में गोपाल महतो सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# लक्ष्मण दास मिढ़ा बने बहावलपुरी पंजाबी समाज के अध्यक्ष, मीडिया का प्रभार नरेश पपनेजा को

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** बहावलपुरी पंजाबी समाज की सोमवार को हुई नयी कार्यकारिणी की पहली बैठक में आपसी सहमति से लक्ष्मण दास मिढ़ा को अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा मुकेश बजाज को सचिव और विजय किंगर को कोषाध्यक्ष चुना गया। साथ ही किशोरी पपनेजा, अश्विनी सुखीजा और आशीष दुआ को उपाध्यक्ष, रंजीत चूचरा, मोहन खीरबाट और समीर काठपाल को सह सचिव तथा कामराज खत्री को सह - कोषाध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी गयी। मीडिया प्रभारी की जिम्मेवारी एक बार फिर से नरेश पपनेजा को सौंपी गयी। संस्था का मुख्य संरक्षक डॉ सतीश मिढ़ा को बनाया गया। कार्यकारिणी के सदस्यों में वेद प्रकाश मिढ़ा ललित किंगर, प्रमोद चूचरा, अमरजीत बेदी, सोनू पपनेजा, रमेश गिरधर, महेश कुक्कड़, जितेंद्र मुंजाल, सिद्धार्थ छाबड़ा, दिनेश गाबा तथा पूर्व अध्यक्ष अंचल किंगर, कंवलजीत मिढ़ा हैं। कार्यकारिणी में राकेश बरेजा, हरीश नागपाल, सुशील पपनेजा को मनोनीत सदस्य बनाया गया।

सभी नवनिर्वाचित सदस्यों का मुख्य चुनाव प्रभारी देवराज खत्री और सह चुनाव प्रभारी मोहनलाल अरोड़ा ने माला पहनकर स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। बहावलपुरी पंजाबी समाज की नयी द्विवार्षिक कार्यकारिणी (2025-27) के हुए चुनाव में नामांकन करने वाले सभी 21 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए थे। मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने चुनावी प्रक्रिया में योगदान के लिए बहावलपुरी पंजाबी समाज के मुख्य संरक्षक डॉ सतीश मिढ़ा एवं कार्यकारिणी के सदस्यों ने मुख्य चुनाव पदाधिकारी देवराज खत्री और सह चुनाव प्रभारी मोहनलाल अरोड़ा का आभार जताया है। कार्यकारिणी के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों के चयन पर संस्था के मुख्य संरक्षक डॉ सतीश मिढ़ा, पूर्व अध्यक्ष अंचल किंगर, कवलजीत मिढ़ा, पूर्व सचिव चंद्रशेखर किंगर, नारायण दास अरोड़ा, ओम प्रकाश बरेजा, मनोहर लाल मिढ़ा, सत्संग सभा के प्रधान द्वारका दास मुंजाल, सचिव अर्जुन देव मिढ़ा, उपाध्यक्ष सुरेश मिढ़ा, गुरुनानक भवन कमेटी के अध्यक्ष हरविंदर सिंह बेदी, सचिव चरणजीत मुंजाल, गुरुनानक बाल मंदिर स्कूल कमेटी के अध्यक्ष नीरज गखड़, श्री राधा कृष्ण मंदिर कमेटी के मुखी राधेश्याम किंगर, अध्यक्ष नंद किशोर अरोड़ा एवं सचिव सुनील कटारिया तथा चंदन सिडाना ने हर्ष व्यक्त किया और शुभकामनाएं दी हैं।

## बाबूलाल का राज्य सरकार पर निशाना, कहा-

# सक्षम महिलाओं को 2500 और विधवाओं को केवल 1000 रुपये

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है। इसमें बाबूलाल ने लिखा है, सक्षम महिलाओं को 2500 रुपये और विधवाओं को केवल 1000 रुपये। हेमंत सरकार किस तर्क से यह अन्यायपूर्ण अंतर पैदा कर रही है। सरकार को सबसे कमजोर वर्ग असहाय विधवा महिलाओं के अधिकारों पर कुठाराघात करने के निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए।

## इंटर परीक्षा का फार्म भरने की तिथि बढ़ायी जाये: एस अली

**रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड छात्र संघ के केंद्रीय अध्यक्ष एस अली ने झारखंड एकेडमिक काउंसिल से 12वीं (इंटर) की परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ाने की मांग की है। मालूम हो कि 13 जनवरी को 12वीं परीक्षा फार्म भरने से वंचित छात्राएं जिला शिक्षा पदाधिकारी रांची के कार्यालय परिसर में चक्कर काट रही थीं। इसपर अली की नजर पड़ी तो उन्होंने छात्राओं से जानकारी ली। पता चला कि वो सभी बालकृष्ण +2 विद्यालय फाइनल इयर की छात्राएं हैं। 100 से अधिक छात्राएं 12वीं (इंटर) परीक्षा फार्म भरने से वंचित रह गयी हैं।**

# मकर संक्रांति पर सजे रांची के बाजार, खरीदारों की लगी भीड़

- **तिल का लड्डू 100 रुपये पैकेट (200 ग्राम), गजक 340 रुपये, रेवड़ी 220 रुपये और तिलपट्टी 280 रुपये है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**रांची।** मकर संक्रांति पर राजधानी रांची के हर चौक-चौराहों पर बाजार सज चुके हैं। पर्व से पहले बाजार में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ लगी हुई है। रांची के विभिन्न चौक-चौराहों कोकर, लालपुर, बरियातू, हरमू, किशोरगंज, डोरंडा, हिनू, रातू रोड, बूटी मोड़ और कांके चौक पर लगे बाजार में लोग खरीदारी कर रहे हैं।

बाजार में स्थानीय तिलकुट के साथ गया के गुप्ता तिलकुट भी मिल रहे हैं। खोवा के तिलकुट की वैरायटी की भी डिमांड काफी है। साथ ही गजक, स्पेशल गजक, रेवड़ी और तिल पापड़ी भी ग्राहक खरीद रहे हैं। कोकर के तिलकुट भंडार के संचालक जोगेश्वर ने कहा कि 300 रुपये किलो तिलकुट बेच रहे हैं। इस बार तिल का लड्डू 100 रुपये पैकेट (200 ग्राम), गजक 340 रुपये, रेवड़ी 220 रुपये और तिलपट्टी 280 रुपये है।

बरियातू में दुकानदार मुन्ना कुमार ने कहा कि तिलकुट 280 रुपये किलो गया का गुप्ता तिलकुट, गुड़ बादाम 240 रुपये किलो, तिल लड्डू 400 किलो, चूड़ा 60, 100, 70 50 और 120 रुपये किलो, भूरा 100 रुपये, गुड़ 60 किलो, चूड़ा लड्डू 160 रुपये किलो, चावल लड्डू 160 किलो के भाव से बिक्री हो रही है। पंजाब स्वीट के स्टाफ अनिल ने कहा कि इस बार लोग घी वाले घेवर अधिक खरीद रहे हैं। एक घेवर की कीमत 120 रुपये है। इसमें मलाई डाला गया है। इसके अलावा प्रीमियम गुड़ रेवड़ी 440 रुपये किलो, स्पेशल खोवा तिलकुट 500 रुपये किलो, तिल रोल 400 रुपये किलो, गुड़ तिलकुट 360-400 रुपये किलो, स्पेशल तिलपट्टी 380 रुपये किलो और स्पेशल तिलकुट 360 किलो है।

इस संबंध में पंडित मनोज पांडे ने सोमवार को कहा कि पंचांग के अनुसार, माघ माह की प्रतिपदा तिथि पर मकर संक्रांति मनायी जायेगी। इस दिन आत्मा के कारक सूर्यदेव धनु राशि से निकलकर मकर राशि में गोचर करेंगे। इसलिए 14 जनवरी को मकर संक्रांति मनायी जायेगी। इस दिन पुण्य काल प्रातः काल 09 बजकर 03 मिनट से लेकर संध्याकाल 05 बजकर 46 मिनट तक है। इस अवधि में स्नान-ध्यान, पूजा, जप-तप और दान कर सकते हैं। महापुण्य काल सुबह 09 बजकर 03 मिनट से लेकर 10 बजकर 48 मिनट तक है। इस दौरान पूजा और दान करने से सूर्य देव की विशेष कृपा प्राप्त होगी। संक्रांति का शुभ समय 09 बजकर 03 मिनट पर है।

# खाद्य सामग्री देनेवाली आदर्श एंटरप्राइज को तत्काल ब्लैक लिस्ट करने का आदेश



- **मंत्री चमरा लिंडा ने अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने सोमवार को रांची के कमड़े स्थित अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने पाया कि मिड डे मील में तय मेन्यू के अनुसार भोजन नहीं मिल रहा है। इससे लिंडा काफी नाराज हुए और मौके पर ही कल्याण आयुक्त को फोन कर खाद्य सामग्री देने वाली आदर्श एंटरप्राइज को तत्काल ब्लैक लिस्ट करने का आदेश दिया। साथ ही प्रिंसिपल को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

# सांझी लोहड़ी में दिखा नवविवाहित जोड़ों और नवजात शिशुओं के परिवारों में उत्साह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सोमवार की सर्द शाम में बहावलपुरी पंजाबी समाज ने पूरे उल्लास और उत्साह के साथ लोहड़ी मनायी। खुशी के इस पर्व में जैसे ही लोहड़ी जली, सर्द का एहसास जाता रहा और लोग झूमने लगे.लबों से बोल भी फूट रहे थे, देह माई लोहड़ी जीवे तेरी जोड़ी, तेरे कोठे ऊपर मोर/ रब्ब पुत्तर देवे होर/साल नूं फेर आवा... सुंदर मुंदरिये-होय... तेरा कौन विचारा-होय... दुल्ला भट्टी वाला-होय... कुड़ी दा लाल पटाका-होय... लोहड़ी के चारों तरफ नाचते हुए लबों पर बोल फूट रहे थे।

कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा मंदिर चौक में सोमवार को रात 9 बजे अरदास एवं मंत्रोच्चारण के साथ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची के विधायक सीपी सिंह ने लोहड़ी प्रज्ज्वलन किया। मौके पर महिला समिति की सदस्यों ने जमकर गिद्दा, भांगड़ा और नृत्य प्रस्तुत किया। महिला समिति की अध्यक्ष रवि नागपाल और संस्था के अध्यक्ष लक्ष्मण दास मिढ़ा द्वारा सीपी सिंह को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया एवं रेवड़ी तिलकुट का प्रसाद भेंट किया गया। संस्था के मुख्य संरक्षक डॉ सतीश मिढ़ा ने लोगों को लोहड़ी की बधाई दी। संस्था के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लक्ष्मण दास मिढ़ा एवं सचिव मुकेश बजाज ने समाज के नव विवाहित जोड़ों और नवजात शिशुओं के परिवार को उनकी पहली लोहड़ी की बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन अश्विनी सुखीजा ने किया।

सांझी लोहड़ी के कार्यक्रम में मुखी राधेश्याम किंगर, द्वारका दास मुंजाल, नंद किशोर अरोड़ा, अर्जुन देव मिढ़ा, सुनील कटारिया, चंदन सिडाना, सुरेश मिढ़ा, हरविंदर सिंह बेदी, मनीष मिढ़ा, नीरज गखड़, ललित किंगर, किशोरी पपनेजा, रंजीत सिंह चूचरा, वेद प्रकाश मिढ़ा, प्रमोद चूचरा, आशीष दुआ, मोहन खीरबाट, कामराज खत्री, अमरजीत बेदी, सोनू पपनेजा, रमेश गिरधर, महेश कुक्कड़, जितेंद्र मुंजाल, सिद्धार्थ छाबड़ा, दिनेश, कंचन, ज्योति मिढ़ा ऋचा मिढ़ा समेत अन्य उपस्थित थे।

# लायंस क्लब ने ग्रामीणों के साथ मनायी मकर संक्रांति

- **सैकड़ों ग्रामीणों के बीच तिल, चूड़ा, बिस्किट, लड्डू और पतंग का किया वितरण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** सोमवार को सामाजिक संस्था लायंस क्लब ऑफ समर्पण की ओर से कांके रोड स्थित पतरा गोंदा गांव में ग्रामीणों के बीच ग्रामीणों के बीच तिल, चूड़ा, बिस्किट, लड्डू और गुड़ का वितरण किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब ऑफ समर्पण के सदस्यों ने सभी को मकर संक्रांति पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही साथ सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। सभी ने कहा कि हमारे देश के विभिन्न हिस्सों में मकर संक्रांति त्योहार को फसलों का त्योहार, पोंगल और बिहू के रूप में मनाया जाता है। यह सांस्कृतिक पर्व सर्दियों के अंत और लंबे दिनों की शुरुवात का प्रतीक है। इस अवसर पर संस्था के द्वारा ग्रामीणों के बीच ऊनी वस्त्र का भी वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से लायंस क्लब ऑफ समर्पण की अध्यक्ष सीमा सिंह, उपाध्यक्ष रीना अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नीलम कुमारी, सचिव हेमा बंका, फाउंडर सुमिता बेदी, सारिका अग्रवाल, संजीवनी साहू, सिंधु बाला, संगीता झुलका, शिवप्रिया सिंह आदि मौजूद थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पतरा गांव की उप मुखिया नमिता देवी, समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी, सुमन मुंडा सेविका, शुभम चौधरी, लखन मुंडा,अजय वर्मा, रमेश मुंडा आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। आज के कार्यक्रम की स्पांसर सुमिता थीं और सामग्री वितरण- तिल चूड़ा, बिस्किट, लड्डू की जिम्मेदारी संगीता की थी। वहीं पतंग वितरण कार्यक्रम कि स्पांसर- संजीवनी साहू, सुप्रिया, हेमा बंका थीं और कपड़ा वितरण कार्यक्रम की स्पांसर सुमिता बेदी थीं। यह जानकारी लायंस क्लब ऑफ समर्पण की अध्यक्ष सीमा सिंह ने दी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 73,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 94,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 14 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in



# सूरमाओं ने बंगाल टाइगर्स को दी 4-1 से मात

## वीमेंस एचआइएल : सलीमा टेटे को मिला प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह हॉकी स्टेडियम में चल रही वीमेंस एचआइएल के दूसरे दिन सूरमा हॉकी क्लब और बंगाल टाइगर्स के बीच मैच खेला गया। दूसरे दिन मैच में जहां सूरमाओं ने बंगाल टाइगर्स को 4-1 से मात दी, वहीं दर्शकों ने अपने उत्साह से ठंड को पटखनी देकर अपनी टीम का हौसला बढ़ाते रहे। बता दें कि दूसरे दिन भी मैच देखने करीब पांच हजार से अधिक दर्शक पहुंचे थे। दर्शकों ने जेएसडब्लू सूरमा हॉकी क्लब और बंगाल टाइगर्स की खिलाड़ियों का खूब हौसला बढ़ाया। गिरते पारा के बीच दर्शकों का जोश चरम पर जा रहा था। जैसे-जैसे मैच का रोमांच बढ़ता जा रहा था, दर्शकों के जोश और शोर आसमान छू रहा था। दूसरे दिन खेले गये मैच में जेएसडब्लू सूरमा हॉकी क्लब पिछड़ने के बाद मैच को एकतरफा करते हुए रोमांचक के साथ साथ दर्शकों का दिल अपने जौहर से जीत लिया।

**रंग बिरंगे रोशनियों से जगमगाता रहा स्टेडियम :** रांची के इस मैदान में नीली और नारंगी रंग की जर्सी में दोनों टीमें अपना मैच खेल रही थीं। नीली और नारंगी रंग के जर्सी के अलावा मैदान रंग बिरंगी रोशनी ने मैच का नजारा बेहद ही खूबसूरत कर दिया था। बड़ी संख्या में दर्जक इस दौरान दोनों टीमों को चीयर कर रहे थे। खिलाड़ियों का दर्शकों के उत्साह का असर खिलाड़ियों पर भी पड़ रहा था। खिलाड़ी अपनी टीम के और बेहतर प्रदर्शन करते दिख रहे थे।

### डिफेंस की वजह से इतना गोल कर पाये: टेटे

अपने होम ग्राउंड में खेल रही झारखंड की बेटी और सूरमा हॉकी क्लब की कप्तान को उनके बेहतर खेल के लिए मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। इस दौरान सलीमा टेटे ने कहा कि पहले हाफ में पिछड़ने के बाद हमने दूसरे हाफ में शानदार खेल दिखाया। हमने अपने बेहतर डिफेंस के कारण चार गोल किये और जीत का अंतर बड़ किया। उम्मीद है कि आने वाले मैच में और बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

# दलित समाज ने अपने अधिकारों के लिए एकजुट होने का संकल्प लिया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी धुर्वा रांची में आयोजित चिंतन बैठक और भोज कार्यक्रम में शामिल हुए। इसमें राज्य भर से बड़ी संख्या में अनुसूचित जाति समाज के प्रतिनिधि भाग लिये। कार्यक्रम में उपस्थित समाज के सभी संघर्षशील और बुद्धिजीवी बंधुओं ने समाज कैसे अपने अधिकारों के लिए एकजुट हो सकता है, इस दिशा में सुझाव दिये। उपस्थित लोगों ने कहा कि वे अमर कुमार बाउरी के नेतृत्व में पूरे झारखंड में दौरा कर अनुसूचित जाति समाज के सवालों और समस्याओं पर गोलबंद करेंगे। अमर कुमार बाउरी ने कहा कि राज्य में रह रहे 50 लाख अनुसूचित जाति के लोगों को संवैधानिक अधिकारों के लिए एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि हमें अब सिर्फ संघर्ष की जरूरत नहीं है, हमें शिक्षा के साथ अपने हक-अधिकार के लिए एकजुट होना होगा। इस अवसर पर कमलेश राम, अशोक राम, प्रभात भुइयां, दीपक कुमार रवि, डब्ल्यू बावरी, रंजय भारती, विशाल वाल्मीकि, युवराज पासवान, संदीप नायक, योगेंद्र लाल, धुरू हरी, बिमल बैठा, सुनील पासवान, राकेश राम, सुरेंद्र राजवंशी, कन्हाई चौधरी, गोविदा वाल्मिकी, मुकेश नायक, दीपक राम, प्रदीप रवि, नीरज नायक, रामलगण राम, सुनीता देवी, राजु रजक, संतोष रवि, संदीप मिर्धा, प्रो कमलेश, विकास रवि, सागर पासवान, फुल जोशी, कुमार गोरो, प्रकाश बावरी सहित समाज के कई लोग उपस्थित थे।

# देवेंद्रनाथ मिले राज्यपाल से सौंपा घटनाक्रम का सबूत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के विरोध के दौरान युवा नेता देवेंद्रनाथ महतो पर लाठीचार्ज को लेकर सोमवार को पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला। इसमें खुद महतो भी शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने साक्ष्य में पेन ड्राइव में दो वीडियो फुटेज राज्यपाल को सौंपे। इसमें एक में लाठीचार्ज और दूसरे में नामकुम एएसआइ संतोष कुमार को दिखाया गया है, जो इशारे से छात्रों को भड़का रहे हैं। साथ ही फोटोग्राफ, पेपर कटिंग का प्रिंटआउट सौंपा गया। राज्यपाल ने निष्पक्ष जांच कर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया। ये जानकारी छात्र आंदोलनकारी चंदन कुमार रजक ने दी। इस अवसर पर देवेंद्रनाथ महतो ने जेपीएससी अध्यक्ष पद जल्द नियुक्ति करने और जेएसएससी सीजीएल परीक्षा रद्द करने में पहल करने आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल में देवेंद्रनाथ महतो, छात्र चंदन कुमार रजक, राजीव कुमार, लक्की रामू राज, शिक्षिका बबीता कुमारी थीं।

# 'ड्राफ्टिंग ऑफ चार्जशीट' पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के सतर्कता विभाग की पहल**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के सतर्कता विभाग द्वारा सोमवार को ड्राफ्टिंग ऑफ चार्जशीट विषय पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सीसीएल, सीएमपीडीआइ और एनसीएल के सतर्कता अधिकारियों के कौशल को उन्नत करना था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एलएन मिश्रा, पूर्व निदेशक (कार्मिक), एमसीएल ने प्रशिक्षण सत्र का संचालन किया। श्री मिश्रा ने विषय से संबंधित व्यावहारिक अनुभवों और प्रक्रियाओं को साझा किया, जिससे अधिकारियों को आरोप पत्र तैयार करने की प्रक्रिया को गहरायी से समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम में सीसीएल, सीएमपीडीआइ और एनसीएल के सतर्कता विभागों से कुल 37 अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान, प्रतिभागियों को आरोप पत्र तैयार करने में उपयोग होने वाले विधिक प्रावधानों, प्रक्रियाओं और इसके महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए विषय की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, आरोप पत्र न केवल अनुशासनात्मक प्रक्रियाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, बल्कि यह न्यायपूर्ण और पारदर्शी निर्णय लेने की प्रक्रिया का आधार भी है। सतर्कता अधिकारियों को इस विषय में दक्षता प्राप्त करने से संस्थान की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित होगा। कार्यक्रम के दौरान, प्रतिभागियों ने प्रशिक्षक के साथ संवादात्मक सत्रों में भाग लिया और अपने अनुभवों और मुद्दों को साझा किया। श्री मिश्रा ने प्रतिभागियों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए उनके संदेहों को दूर किया और इस महत्वपूर्ण विषय पर उनके ज्ञान को और समृद्ध किया।

# राज्य सरकार पेसा कानून को हूबहू लागू करे : प्रेमशाही मुंडा

**3 फरवरी को राजभवन के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश में पेसा को लेकर बहस छिड़ गयी है। इसी मुद्दे को लेकर के सोमवार को रांची के करमटोली स्थित भारत आदिवासी पार्टी ने बैठक कर झारखंड सरकार से इसे हूबहू लागू करने की मांग की।

बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष प्रेमशाही मुंडा ने की। इसमें मुख्य रूप से पार्टी के राष्ट्रीय सचिव प्रभाकर तिर्की शामिल हुए। इस दौरान पेसा कानून लागू होने तक बालू घाट की नीलामी पर रोक, मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की टाटा में प्रतिमा लगाये जाने के प्रकरण सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गयी। प्रेमशाही मुंडा ने कहा कि राज्य सरकार पेसा कानून को हूबहू लागू करें। सरकार टालमटोल कर रही है। इनकी मंशा इसे लागू करने की नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर भारत आदिवासी पार्टी के हजारों कार्यकर्ता 3 फरवरी को राजभवन के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर अजय कच्छप, कुंदरसी मुंडा, अभय भुटकुंवर सहित अन्य मौजूद थे।

**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**ई-एनआईटी सं. एसटी-आरएनसी-टी05-एएमसी-पीडीएमयूएक्स, दिनांक 11.01.2025,** मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम :** ओईएम या ओईएम के अधिकृत डीलर द्वारा 02 (दो) वर्ष की अवधि के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे के राँची मंडल में स्थापित प्राइमरी ड्रॉप इंसर्ट मक्स कार्डों की वार्षिक मरम्मत का अनुबंध। **विज्ञापित लागत:** रु.19,78,503.28, **बयाना राशि:** रु.39,600/-, **निविदा कागजात की लागत (रु. में):** 0, **ई-निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 05.02.2025, 11.00 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 22.01.2025, **वेबसाइट का विवरण एवं वर्णन: www.ireps.gov.in** (कार्य निविदा)। **(PR-1006)**

# योगदा सत्संग कॉलेज में लचर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एनएसयूआइ और प्राचार्या के बीच नोकझोंक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** योगदा सत्संग कॉलेज में सोमवार को एनएसयूआइ के सदस्यों और प्राचार्या के बीच लचर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर काफी देर तक नोकझोंक हुई। एनएसयूआइ के प्रदेश महासचिव रोहित पांडेय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को कॉलेज की प्राचार्या डॉ प्रगति बक्शी से मिलने पहुंचा। कॉलेज में लचर सुरक्षा व्यवस्था पर एनएसयूआइ के सदस्य सवाल उठाने लगे। इस पर प्राचार्या भड़क गयीं और सदस्यों से कहा कि यह कॉलेज उनका है। यहां किसी छात्र संगठनों की आवश्यकता नहीं है। प्राचार्या ने एनएसयूआइ सदस्यों द्वारा हंगामा किये जाने पर कहा कि वे महिला आयोग में इसकी शिकायत करेंगी। इस पर एनएसयूआइ सदस्यों ने कहा कि वे लोग छात्र हित में सदैव तत्पर हैं और रहेंगे। हंगामा बढ़ता देख कॉलेज के अन्य शिक्षकों व कर्मचारियों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। एनएसयूआइ प्रदेश उपाध्यक्ष अमन अहमद ने कहा कि पिछले दिनों कॉलेज परिसर में असामाजिक तत्वों द्वारा हाथ में तलवार लहराते हुए घुस गया, लेकिन कॉलेज प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी। जबकि कॉलेज में कुल 17 सुरक्षाकर्मी मौजूद थे। सदस्यों ने कहा कि कुछ वर्ष पूर्व इसी प्रकार की घटना संत जेवियर्स कॉलेज में भी हुई थी, जिसमें एक छात्रा का गला काट कर हत्या कर दी गयी थी। इस तरह की घटना जानने के बावजूद योगदा कॉलेज प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी। सदस्यों ने कॉलेज में पुलिस पिकेट बनाने व असामाजिक तत्वों को चिन्हित करने और लापरवाह सुरक्षाकर्मियों पर कार्रवाई करने की मांग की। इस मौके पर साहिल सिंह सोनू, अमन, प्रभात, निरंजन सहित अन्य शामिल थे।

# पेसा कानून 1996 के सभी प्रावधानों को अक्षरशः लागू करने की मांग

**आदिवासी समन्वय समिति ने पेसा कानून पर विशेष परिचर्चा की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आदिवासी समन्वय समिति द्वारा आयोजित एक दिवसीय विशेष परिचर्चा में पांचवीं अनुसूची क्षेत्र, पेसा एक्ट और जेपीआरए पर चर्चा की गयी।

परिचर्चा का मंच संचालन लक्ष्मी नारायण मुंडा ने किया। परिचर्चा में आदिवासी महासभा के अध्यक्ष विजय कुजूर ने जेपीआरए 2001 के तहत बनायी गयी नियमावली का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि इससे समुदाय को ताकत मिलेगी। आदिवासी बुद्धिजीवी मंच के विक्टर मालतो ने कहा कि पेसा कानून के 23 प्रावधानों को हूबहू लागू करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मौजूदा नियमावली में आदिवासियों के जमीन से संबंधित अधिकार को शून्य कर दिया गया है।

परिचर्चा में आदिवासी क्षेत्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष ग्लैडसन डुंगडुंग ने कहा कि सोशल मीडिया में फैलाये जा रहे भ्रम के पीछे कॉरपोरेट, सत्ता, सरकारी अधिकारी और दलाल शामिल हैं। परिचर्चा के अंत में सर्वसम्मति से एक संकल्प पत्र जारी किया गया, जिसमें पेसा कानून 1996 के सभी 23 प्रावधानों को अक्षरशः लागू करने, पेसा नियमावली 2024 को रद्द करने और झारखंड सरकार को आदिवासी संगठनों के साथ वार्ता करने की मांग की गयी।

# 10 डिसमिल तक के लंबित म्यूटेशन के मामलों का कैंप लगाकर होगा निष्पादन

**सभी अंचलों में 10 जनवरी तक प्राप्त 10 डिसमिल तक के दाखिल-खारिज के लंबित मामलों की सूची तैयार करने को कहा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आगामी दिनों में रांची जिला में दाखिल-खारिज से संबंधित मामलों का शिविर लगाकर निष्पादन किया जायेगा। रांची डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने इस संबंध में सोमवार को जिला के सभी अंचल अधिकारियों के साथ ऑनलाइन मीटिंग करते हुए इससे संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मंजूनाथ भजंत्री ने अपर समाहर्ता, रांची रामनारायण सिंह को जिला के सभी अंचलों में 10 जनवरी 2025 तक प्राप्त 10 डिसमिल तक के दाखिल-खारिज के लंबित मामलों की सूची तैयार करने को कहा है। उन्होंने बिना आपत्ति 30 दिन एवं 90 दिनों तक आपत्ति के साथ 10 डिसमिल तक के म्यूटेशन से संबंधित मामलों की सूची तैयार करने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान डीसी ने कहा कि सूची उपलब्ध होने के पश्चात सभी अंचल कार्यालय में कैंप लगाकर लंबित मामलों का निष्पादन किया जायेगा। म्युटेशन के लंबित मामलों के निष्पादन के लिए रविवार के दिन कैंप आयोजित किया जायेगा ताकि अन्य कार्य दिवस में कार्य प्रभावित न हो। मंजूनाथ भजंत्री ने सभी अंचल के लंबित दाखिल-खारिज मामलों की समीक्षा की। उन्होंने म्यूटेशन के निष्पादन में तेजी लाने के निर्देश दिये। साथ ही कहा कि अगर किसी केस में अन्य दस्तावेज की आवश्यकता है तो सीधे आवेदन रिजेक्ट ना करते हुए आवेदक को नोटिस निर्गत करें।

# टुसू महोत्सव एकता और बलिदान का प्रतीक : डॉ राजाराम महतो

## मोरहाबादी मैदान में टुसू महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित टुसू महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। टुसू महोत्सव का आयोजन कुड़माली भाषा परिवार की ओर से किया गया। इसमें रांची, खूंटी, तमाड़, बुंडू, सिल्ली, ओरमांझी व ईचागढ़ की दर्जनों खोड़हा टीमें शामिल हुईं। इस महोत्सव में आदिवासी किसान चौड़ल समिति के कलाकारों ने 30 फीट ऊंचा चौड़ल प्रस्तुत किया, जबकि सरना समिति कुजियामबा खूंटी के कलाकारों ने 25 फीट और तमाड़ के कलाकारों ने 20 फीट ऊंची चौड़ल प्रस्तुत की।

कुड़माली भाषा परिवार के अध्यक्ष डॉ राजाराम महतो ने कहा कि टुसू महोत्सव एकता और बलिदान का प्रतीक है। इस पर्व को पूरे राज्य में हर्षोउल्लास से मनाते हैं। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि टुसू पर्व पहले गांवों में मनाया जाता था, अब शहर में भी धूमधाम से मनाने लगा है। यह पर्व झारखंडी संस्कृति, एकता और भाईचारा का प्रतीक है।

महोत्सव में सामलौंग महिला समिति ने पारंपरिक पीठा का स्टॉल लगाया, जिसमें जयंती कुमारी, पार्वती महतो, सुनीता महतो, रेखा महतो, नीलू महतो, सीता, रीता और रंभा महतो शामिल थीं। उन्होंने बताया कि घर से बनाकर पीठा लाये थे और इसे प्रसाद के रूप में लोगों के बीच वितरण किया गया।

टुसू महोत्सव में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, रांची विश्वविद्यालय व वीमेंस कॉलेज के कुड़माली भाषा विभाग के छात्रों ने भी भाग लिया। वे अपने साथ लकड़ी, बांस, कांटी, फूल, प्लास्टिक से बनी टुसू प्रतिमा लेकर पहुंचे थे। लोगों को उनके द्वारा बनायी चमचमाती टुसू अपनी ओर आकर्षित कर रही थीं।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

## कोर्ट नोटिस

न्यायालय श्रीमान् सिविल जज सिनियर डिवीजन 1, कोडरमा।
ओ० एस० केश नं० 05/2023
सिता राम व अन्य .............वादी
बनाम
दीलीप कुमार व अन्य...........प्रतिवादी
नोटिश
बनाम
1. दिलीप कुमार पिता स्व० टुकलाल माहतो
2. पवन कुमार पिता स्व० टुकलाल माहतो
3. भीम माहतो पिता स्व० कामेश्वर माहतो
4. सहदेव माहतो पिता स्व० कामेश्वर महतो
5. महादेव माहतो पिता स्व० कामेश्वर माहतो 6. जीबलाल माहतो पिता स्व० कामेश्वर महतो 7. गोपाल कुमार पिता स्व० विजय माहतो 8. चुंडली देवी पति स्व० अजय माहतो 9. प्रदीप वर्मा पिता स्व० अजय माहतो 10. सरजु माहतो पिता स्व० किशोरी माहतो 11. अंजु देवी पति स्व० हुलाश माहतो 12. सुनील कुमार पिता स्व० किशोरी माहतो
13. शिवलाल महतो पिता स्व० कारू माहतो
14. सिताराम माहतो पिता स्व० कारू माहतो, 15. मुरली माहतो पिता स्व० कारू माहतो

सभी निवासी साकिन गुमो बरवाडीह, पो०- बरवाडीह, थाना - तिलैया, जिला - कोडरमा

वजरिये :-

इस अखबार प्रकाशन के माध्यम से आपको सुचित किया जाता है कि उपरोक्त वाद में आप प्रतिवादी है। उपरोक्त वाद आपकी उपस्थिति हेतु मेरे न्यायालय में लंबित है। नजारत एवं रजिस्टर्ड डाक से आपको नोटिश भेजा जा चुका है इसके बावजुद आप उपस्थित नही हुए। पुनः बजरीये इस अखबार प्रकाशन से आपको पुनः सुचित किया जाता है कि आप उपरोक्त वाद में दिनांक 06-02-25 को समय 10:30 बजे स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर उचित पैरवी करे। अन्यथा वाद की सुनवाई एकपक्षीय की जायगी। इसे सक्त ताकिद जाने।

आज दिनांक 20.12.2024 को मेरे न्यायालय कि मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं.: MSM-TRAILER-SLRA-2-25

**कार्य का नाम:** ROH डिपो सरला (SLRA) के लिए किसी भी स्थान से किसी भी स्थान पर भारतीय रेल की विभिन्न इकाइयों तक फ्रेट स्टॉक बोगियों तथा व्हील सेटों के परिवहन के लिए दो वर्षों की अवधि के लिए किराए पर ट्रेलर (क्षमता: रेलवे की मांग के अनुसार 09, 13, 16, 20 MT अथवा उच्च क्षमता) तथा ट्रक (क्षमता: 03, 07 MT) किराए पर लेना।

**कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 89,61,220.80, EMD: रु. 1,79,200.00, निविदा दस्तावेज की कीमत: रु. 5,900.00. समापन अवधि: 24 महीने।

**निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 28.01.2025 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदाओं के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही ये सभी फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्तावों को अवैध माना जाएगा तथा किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

ऊपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

मंडल यांत्रिक अभियंता (Frt.), सम्बलपुर
PR-875/P/24-25

## शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 86 दिनांक 13.09.2024 मैं, प्रमिला देवी उर्फ अनिता देवी उर्फ प्रमिला कुमारी, जीतेंद्र साहू की पत्नी, उम्र लगभग 30 वर्ष, निवासी ग्राम, पोस्ट ऑफिस उमेडंडा, थाना बुढ़मू, उमेडंडा, रांची, झारखंड - 835214 मैं शपथपूर्वक निम्नलिखित ब्यान करती हूँ कि
1. यह कि मैं भारत का नागरिक हूँ और वर्तमान में पते पर रह रही हूँ।
2. मेरा आधार नंबर 5293 4163 3847 है और वोटर आइडी कार्ड नंबर GHF4032090 है। 3. यह कि मेरे पिछले आधार कार्ड में मेरा नाम अनिता देवी गलत अंकित है।
4. यह कि मेरा सही और वास्तविक नाम प्रमिला देवी है और उसके सभी योग्यता और अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों में मेरा नाम प्रमिला देवी के रूप में सही ढंग से उल्लेखित किया जा रहा है, जो झारखंड अकादमिक परिषद, रांची के प्रवेश पत्र को छोड़कर वास्तव में सत्य, सही और वास्तविक है। रोल कोड 1125, रोल नंबर 0081 है, जिस पर मेरा नाम प्रमिला कुमारी अंकित है। 5. यह कि सभी नाम यानी प्रमिला देवी और प्रमिला कुमारी और अनिता देवी मेरे नाम हैं और सभी एक ही महिला हैं यानी मैं। 6. यह है कि उपरोक्त शपथ पत्र में सभी बातें सत्य वा सही है।

# टूट की ओर बढ़ रहा 'इंडिया' गठबंधन

शिवसेना (यूबीटी) के प्रवक्ता संजय राउत के ताजा बयान ने 'इंडिया' ब्लॉक में चल रही उथल-पुथल की चर्चा को तेज कर दिया है। ऐसे ही बयान अन्य नेताओं और दलों की ओर से भी आये हैं। स्वाभाविक ही सवाल उठ रहे हैं कि क्या विपक्षी गठबंधन किसी बड़े संकट की ओर बढ़ रहा है। इससे पहले जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला भी कह चुके हैं कि अगर विपक्षी गठबंधन लोकसभा चुनावों तक के लिए ही सीमित था, तो इसे अब भंग कर देना चाहिए। यही नहीं, तृणमूल कांग्रेस चीफ ममता बनर्जी और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव भी साफ-साफ कह चुके हैं कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में वे कांग्रेस का नहीं आम आद पार्टी का समर्थन करते हैं। शिवसेना (यूबीटी) भी ऐसी घोषणा कर चुकी है।

**पहली नजर में इसे 'इंडिया' ब्लॉक में आपसी फूट का लक्षण माना जा सकता है। लेकिन गौर करें तो यह इस ब्लॉक से जुड़े दलों का राजनीतिक अंतर्विरोध ज्यादा है। यह अंतर्विरोध शुरू से इस ब्लॉक में रहा है।**

पहली नजर में इसे 'इंडिया' ब्लॉक में आपसी फूट का लक्षण माना जा सकता है। लेकिन गौर करें तो यह इस ब्लॉक से जुड़े दलों का राजनीतिक अंतर्विरोध ज्यादा है। यह अंतर्विरोध शुरू से इस ब्लॉक में रहा है। इसी अंतर्विरोध के चलते विभिन्न राज्यों के चुनावों के वक्त सीटों का बंटवारा जटिल सवाल बनता है। इसी अंतर्विरोध के चलते हरियाणा में आम आदमी पार्टी इस आरोप के बावजूद चुनाव लड़ती है कि उसे मिलने वाले वोट भाजपा की जीत की संभावना को मजबूती देंगे। इस बार दिल्ली में कांग्रेस के पूरी मजबूती से चुनाव लड़ने का फैसला भी इसी अंतर्विरोध को दर्शाता है। ऐसे में आप के साथ मिल कर ये क्षेत्रीय दल अगर कांग्रेस पर इस बात के लिए दबाव बनाना चाहते हैं कि वह भाजपा की जीत को आसान न बनाये, तो यह स्वाभाविक है। लेकिन इसे अभी से 'इंडिया' ब्लॉक के विखंडन का अनिवार्य संकेत मान लेना जल्दबाजी हो सकता है। आपसी संवाद में कमी, संयोजक की नियुक्ति में देर और बैठक का लगातार टलना- ऐसी शिकायतें हैं, जो बताती हैं कि 'इंडिया' ब्लॉक में सब कुछ ठीक नहीं है। अगर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो ये मुद्दे गंभीर मतभेद का रूप ले सकते हैं। निश्चित रूप से बेहतर तालमेल की जरूरत है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**कुंभ मेले में शुद्धि और मोक्ष की अभिलाषा के साथ प्रत्येक 12 वर्ष में लाखों श्रद्धालु पवित्र नदियों में स्नान करने के लिए एकत्रित होते हैं। समय बीतने के साथ-साथ कुंभ मेला विकसित हुआ और इसमें प्राचीन परंपराओं को आधुनिक नवाचारों के साथ जोड़ा गया। 4 फरवरी, 2019 का कुंभ मेला, मानवता के अब तक के सबसे व्यापक और शांतिपूर्ण समागम का साक्षी बना। आध्यात्मिकता में पूर्ण रूप से निहित यह विशिष्ट आयोजन आस्था, समुदाय और वाणिज्य का उत्सव है।**

# महाकुंभ 2025: जहां परंपरा और परिवर्तन आत्मसात होते हैं

**अमिताभ कांत**



कुंभ मेला, विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागमों में से एक है और यह आस्था, एकता और मानवता के ईश्वर से शाश्वत संबंध का प्रतीक है। पौराणिक कथाओं में निहित, यह चार पवित्र स्थलों- प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक- पर अमरता का अमृत छलकने का स्मरण दिलाता है। सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति ग्रहों की एक विशिष्ट ब्रह्मांडीय स्थिति के दौरान आकाशीय संरेखण द्वारा इसका निर्धारण होता है। कुंभ मेले में शुद्धि और मोक्ष की अभिलाषा के साथ प्रत्येक 12 वर्ष में लाखों श्रद्धालु पवित्र नदियों में स्नान करने के लिए एकत्रित होते हैं। समय बीतने के साथ-साथ कुंभ मेला विकसित हुआ और इसमें प्राचीन परंपराओं को आधुनिक नवाचारों के साथ जोड़ा गया।

4 फरवरी, 2019 का कुंभ मेला, मानवता के अब तक के सबसे व्यापक और शांतिपूर्ण समागम का साक्षी बना। आध्यात्मिकता में पूर्ण रूप से निहित यह विशिष्ट आयोजन आस्था, समुदाय और वाणिज्य का उत्सव है। मेलों, शैक्षिक कार्यक्रमों, संत प्रवचनों, भिक्षुओं के सामूहिक समारोहों और विविध मनोरंजन के साथ कुंभ मेला भारतीय समाज के जीवंत लोकाचार का उदाहरण है।

**वर्ष 2025 का महाकुंभ मेला एक आध्यात्मिक और उत्कृष्ट प्रबंधन व्यवस्था के दिव्य स्वरूप के साथ तैयार है।**

प्रयागराज में वर्ष 2019 का संस्करण विशेष रूप से उल्लेखनीय था, जिसमें 50 दिनों के दौरान अनुमानित 24 करोड़ आगंतुकों ने भागीदारी की। इनमें से 4 फरवरी को ही 3 करोड़ श्रद्धालु शामिल हुए। प्रसिद्ध गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर आयोजित किये गये कुंभ की तैयारियों में 3,200 हेक्टेयर में फैले विशाल टेंट क्षेत्र के साथ 440 किलोमीटर की अस्थायी सड़कें, 22 पंटून पुल, लगभग 50,000 एलइडी स्ट्रीटलाइट और व्यापक स्वच्छता बुनियादी ढांचा शामिल था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्ष 2019 में कुंभ मेले का दौरा आयोजकों और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करने का एक भाव था, जिन्होंने इस आयोजन को वैश्विक स्तर पर सफल बनाया। अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने स्वच्छता कर्मचारियों को सम्मानित किया, सम्मान के प्रतीक के रूप में उनके चरण धोए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन की भावना को पुष्ट बनाते हुए कहा, " कर्मठ स्वच्छता कर्मियों का सम्मान करते हुए... मैं स्वच्छ भारत की दिशा में योगदान देने वाले प्रत्येक व्यक्ति का अभिवादन करता हूं। " वर्ष 2019 के कुंभ ने स्वच्छता और सार्वजनिक स्वच्छता के लिए नए मानक स्थापित किये।

वर्ष 2013 में सिर्फ 5,000 सामुदायिक शौचालयों की तुलना में, वर्ष 2019 के आयोजन में 122,500 शौचालय निर्मित किये गये। साथ ही 20,000 डस्टबिन और 160 कचरा उठाने वाली गाड़ियों की व्यवस्था की गयी। साफ-सफाई के लिए वाटर जेट स्प्रे मशीन जैसे अभिनव उपायों ने पानी की बर्बादी को काफी हद तक कम किया और स्वच्छता कार्य को आसान बनाया। शौचालयों को सुगमता के लिए रणनीतिक रूप से रखा गया था और इसमें लिंग-विशिष्ट और दिव्यांगता-अनुकूल डिजाइन शामिल थे। महिलाकर्मियों की सेवा के माध्यम से महिलाओं के लिए पिंक शौचालय जबकि बुजुर्गों के अनुकूल शौचालय संचालित किये गये। सीवेज टैंकों की शुरुआत के साथ इनके उपयोग ने नदी में होने वाले प्रदूषण के जोखिम को समाप्त कर दिया।

इन शौचालयों की दुर्गंध को दूर करने के लिए एक नवीन तकनीक अपनायी गयी थी, जिसका पहली बार वर्ष 2018 माघ मेले के दौरान परीक्षण किया गया था और फिर कुंभ 2019 में इसको उपयोग में लाया गया। इसके लिए छात्र शोधकर्ता मेला स्थल पर ही प्रतिदिन लगभग 65,000 लीटर दुर्गंधनाशक द्रव्य तैयार कर रहे थे। इसके अतिरिक्त, स्वच्छाग्रहियों (स्वच्छता स्वयंसेवकों) ने स्वच्छता बनाये रखने और शौचालय के उपयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। आइओटी-सक्षम मोबाइल ऐप से लैस, इन स्वयंसेवकों ने विशाल मैदान में 60,000 शौचालयों की निगरानी की, जिससे वास्तविक समय में ही समस्या का समाधान सुनिश्चित किया गया। इस पहल ने न केवल परिचालन दक्षता को बढ़ाया बल्कि स्वयंसेवकों को सशक्त भी बनाया, जिनमें से कई युवा और महिलाएं शामिल थीं।

वर्ष 2017 में, यूनेस्को ने कुंभ मेले को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया। वर्ष 2019 का संस्करण इस सम्मान पर खरा उतरा, जिसमें भारत की अद्वितीय व्यापकता और महत्व के आयोजनों की क्षमता का प्रदर्शन किया गया था। वर्ष 2025 प्रयागराज में महाकुंभ मेले में दुनिया भर से 30 करोड़ से अधिक तीर्थयात्रियों के आने की आशा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अत्यंत व्यापक स्तर पर की गई तैयारियां अभूतपूर्व हैं। महाकुंभ की पवित्रता को बनाये रखने के साथ-साथ इसके वैश्विक स्वरूप को बढ़ाने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता अटूट है। बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की नियमित समीक्षा से लेकर तीर्थयात्रियों के कल्याण को सुनिश्चित करने तक का उनका व्यावहारिक दृष्टिकोण, दोषरहित निष्पादन के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है। मुख्यमंत्री का विजन सामुदायिक भागीदारी पर भी जोर देता है। वर्ष 2019 के अभूतपूर्व मेले की सफलताओं से प्रेरणा लेते हुए आगामी संस्करण में भक्ति, प्रौद्योगिकी और स्थिरता का एक सहज मिश्रण किये जाने का वादा किया गया है और यह नये वैश्विक मानक भी स्थापित करेगा।

ध्यान देने योग्य विषयों में एक प्रमुख व्यवस्था स्थल और पहुंच का विस्तार करने से भी जुड़ी है। भीड़भाड़ से बचने के लिए उन्नत भीड़ प्रबंधन तकनीकों द्वारा समर्थित, व्यस्त दिनों में भी सुरक्षित और व्यवस्थित स्नान को सक्षम करने के लिए घाटों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की गयी है। प्रयागराज को प्रमुख शहरों से जोड़ने वाली विशेष रेलगाड़ियों और बेहतर रेलवे नेटवर्क के साथ परिवहन बुनियादी ढांचे को बढ़ाया जा रहा है। भारी वाहनों के यातायात को प्रबंधित करने के लिए मल्टी-लेन राजमार्ग, उन्नत चौराहे और विस्तारित पार्किंग क्षेत्र विकसित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, प्रयागराज हवाई अड्डे का विस्तार किया जा रहा है, ताकि बढ़ी हुई यात्री क्षमता को संभाला जा सके, साथ ही अंतरराष्ट्रीय तीर्थयात्रियों के लिए चार्टर्ड उड़ानों का भी शुभारंभ किया जा रहा है।

लाखों तीर्थयात्रियों की सेवा के लिए अभूतपूर्व पैमाने पर सार्वजनिक सुविधाओं को उन्नत किया जा रहा है। 50,000 से अधिक पर्यावरण अनुकूल शौचालय और पोर्टेबल स्वच्छता इकाइयां स्वच्छता और सुविधा सुनिश्चित करेंगी। स्वच्छ पेयजल सुविधाएं, सौर ऊर्जा से संचालित प्रकाश व्यवस्था और विशाल आश्रय गृह भी विकसित किये जा रहे हैं, यह तीर्थयात्रियों के आराम और कल्याण की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। महाकुंभ 2025 के अनुभव को सुखद बनाने में प्रौद्योगिकी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी।

ड्रोन द्वारा समर्थित एआइ-संचालित भीड़ नियंत्रण प्रणाली, भीड़भाड़ को रोकने के लिए वास्तविक समय पर भीड़ घनत्व की निगरानी करेगी। तीर्थयात्रियों के पास मार्गों, घाटों के समय, मौसम के अपडेट और आपातकालीन सेवाओं के बारे में वास्तविक समय की जानकारी देने वाले समर्पित मोबाइल ऐप तक पहुंच होगी। इसके अलावा, यूपीआइ-सक्षम कियोस्क सहित डिजिटल भुगतान प्रणालियों के माध्यम से एक कैशलेस अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दिया जायेगा, जिससे विक्रेताओं और तीर्थयात्रियों के लिए लेन-देन सरल हो जायेगा। वर्ष 2019 में शुभारंभ की गयी हरित पहलों पर आधारित, स्थिरता वर्ष 2025 मेले की आधारशिला है। व्यापक रीसाइक्लिंग सिस्टम और खाद निर्माण की सुविधाओं के साथ एक शून्य-अपशिष्ट नीति संचालन का मार्गदर्शन करेगी। प्लास्टिक उपयोग को सख्ती से विनियमित किया जायेगा और पैकेजिंग एवं उपयोगिताओं के लिए बायोडिग्रेडेबल विकल्पों को बढ़ावा दिया जायेगा। उन्नत जल उपचार संयंत्र और वास्तविक समय की गुणवत्ता निगरानी प्रणाली गंगा और यमुना नदियों की पवित्रता सुनिश्चित करेगी, जबकि नदी के किनारों के आसपास बड़े पैमाने पर वनीकरण अभियान का उद्देश्य मिट्टी के कटाव को कम करना और जल प्रतिधारण में सुधार करना है। सौर पैनल और जैव-ऊर्जा प्रणाली जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत मेले के बड़े हिस्से को बिजली प्रदान करेंगे, जिससे इसके कार्बन फुटप्रिंट में काफी कमी आयेगी। इस पैमाने के आयोजन के लिए सुरक्षा और संरक्षा सर्वोपरि है। एआइ-संवर्धित चेहरे की पहचान तकनीक वाले 10,000 से अधिक सीसीटीवी कैमरे परिसर की निगरानी करेंगे, जबकि पैरामेडिक्स, अग्निशमन सेवा और आपदा प्रतिक्रिया दल सहित हजारों कर्मचारी उनके अलावा सहायता के लिए तैनात रहेंगे। उन्नत चिकित्सा सुविधाओं से लैस और टेलीमेडिसिन सेवाओं द्वारा समर्थित अस्थायी अस्पताल और क्लीनिक, उपस्थित लोगों के लिए समय पर स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करेंगे।

महाकुंभ मेला 2025 एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक प्रदर्शन भी होगा। समर्पित मंडपों में देश भर के पारंपरिक संगीत, नृत्य और कला की प्रस्तुति होगी। साथ ही कुंभ मेले के इतिहास और विज्ञान पर प्रदर्शनियां होंगी, जिन्हें वीआर अनुभवों से लैस किया जायेगा। वैश्विक आध्यात्मिक प्रमुखों और विद्वानों को शामिल करने वाले अंतरधार्मिक संवाद विभिन्न धर्मों के बीच सद्भाव और समझ को बढ़ावा देंगे। कार्यशालाओं, स्वच्छता अभियान और स्वयंसेवा के अवसरों सहित युवाओं के लिए विशेष कार्यक्रमों का उद्देश्य जिम्मेदारी और आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देना है। इसकी वैश्विक अपील को बढ़ाने के लिए, बहुभाषी सूचना केंद्र और निर्देशित पर्यटन जैसी पर्यटक-अनुकूल पहल विदेशी आगंतुकों को आकर्षित करेंगी। हेरिटेज वॉक सहित आध्यात्मिक पर्यटन पैकेज, क्षेत्र के समृद्ध इतिहास को उजागर करेंगे। व्हीलचेयर-सुलभ क्षेत्र और व्यक्तिगत सहायता सहित दिव्यांगजनों के लिए समावेशी प्रावधान सभी के लिए स्वागत योग्य वातावरण सुनिश्चित करेंगे। वर्ष 2025 का महाकुंभ मेला एक आध्यात्मिक और उत्कृष्ट प्रबंधन व्यवस्था के दिव्य स्वरूप के साथ तैयार है और यह अभूतपूर्व स्तर पर आस्था, नवाचार और स्थिरता को एक आयोजन में समाहित करेगा। यह भारत की अपनी प्राचीन परंपराओं का सम्मान करने की क्षमता को दर्शाता है। साथ ही आधुनिक प्रगति को अपनाते हुए विश्व के लाखों लोगों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करता है।

**(लेखक : भारत के जी20 शेरपा और नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। इस लेख में व्यक्त किये गये उनके विचार व्यक्तिगत हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# नामांकन दाखिल नहीं कर सकीं दिल्ली की सीएम आतिशी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी सोमवार को अपना नामांकन दाखिल करने वाली थीं, लेकिन वह ऐसा नहीं कर पायीं। उन्होंने पर्चा दाखिल करने वाले दिन एक रोड शो किया। वह मंदिर और गुरुद्वारा भी मत्था टेकने गयीं। इसके बाद वह अरविंद केजरीवाल के साथ वोटर लिस्ट में कथित हेराफेरी की शिकायत करने के लिए चुनाव आयोग के कार्यालय भी पहुंचीं। इसी में वह पर्चा दाखिल करने की दोपहर तीन बजे की समय सीमा से चूक गयीं। बताया जाता है कि अब आतिशी मंगलवार को पर्चा दाखिल करेंगी। जानकारी के मुताबिक, आतिशी ने नामांकन दाखिल करने से पहले कालकाजी में गिरिनगर गुरुद्वारा में मत्था टेका। वह कालकाजी मंदिर भी पहुंचीं। इसके बाद उन्होंने अपने कालकाजी निर्वाचन क्षेत्र में एक रोड शो का नेतृत्व किया। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया उनके साथ थे। आतिशी को नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए दोपहर तीन बजे से पहले जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय पहुंचना था। बता दें कि विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र हर दिन अपराह्न तीन बजे तक ही दाखिल किये जा सकते हैं।

लेकिन वह चुनाव आयोग के मुख्यालय चली गयीं, जहां आम आदमी पार्टी के कद्दावर नेता मतदाता सूचियों में कथित हेराफेरी समेत कई मुद्दों को उठाने के लिए जमा हुए थे। अरविंद केजरीवाल भी चुनाव आयोग के मुख्यालय पहुंचे थे। इस बीच कालकाजी से कांग्रेस उम्मीदवार अलका लांबा ने आरोप लगाया कि आतिशी के काफिले की वजह से यात्रा करने वाले लोगों को भारी असुविधा हुई। अलका लांबा ने कहा, आतिशी जब अपना नामांकन दाखिल करने गयीं, तो मैंने तस्वीरें देखीं कि उनके बहुत बड़े काफिले में लोग भारी ट्रैफिक जाम में फंसे हुए थे। आतिशी के लाव-लश्कर से आम लोग परेशान हो रहे थे। इसी वजह से मैंने फैसला किया कि मैं अपने वकीलों के साथ अकेले कल नामांकन दाखिल करने जाऊंगी।

# बिना धांधली के हुए चुनाव, सिर्फ दिल ही नहीं, दिल्ली से भी दूरी हुई कम: उमर अब्दुल्ला

**जम्मू कश्मीर के सीएम ने की पीएम मोदी की तारीफ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोनमार्ग जेड मोड़ टनल के उद्घाटन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की और उनका धन्यवाद किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर में हो रहे विकास कार्यों को सराहा और राज्य में किये गये चुनावों का जिक्र किया। सीएम उमर अब्दुल्ला ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब प्रधानमंत्री मोदी ने श्रीनगर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर अपना कार्यक्रम किया था, तो उन्होंने जम्मू कश्मीर के लोगों से तीन बड़ी बातें साझा की थीं। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने उस दिन अपनी तकरीर में दिल की दूरी और दिल्ली से दूरी मिटाने की बात कही थी और यह वाकई में सही साबित हुआ है। सिर्फ 15 दिन के अंदर ही यह दूसरा कार्यक्रम हो रहा है। इससे पहले जम्मू को रेल डिवीजन से नवाजा और आज श्रीनगर में प्रधानमंत्री ने टनल का उद्घाटन किया। इससे न सिर्फ दिल की दूरी, बल्कि दिल्ली से दूरी भी कम हो रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू कश्मीर के लोगों से यह वादा किया था कि राज्य में चुनाव होंगे और लोगों को अपनी सरकार चुनने का अधिकार मिलेगा और उन्होंने यह वादा चार महीने के अंदर पूरा किया।

इस बीच जम्मू कश्मीर में चुनाव हुए और किसी भी पोलिंग बूथ पर धांधली या गड़बड़ी की कोई शिकायत नहीं आयी। सीएम ने प्रधानमंत्री से जुड़ी एक महत्वपूर्ण बात साझा करते हुए कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने योग दिवस पर जम्मू कश्मीर के लोगों से यह वादा किया था कि जल्द ही जम्मू कश्मीर को रियासत का दर्जा मिलेगा और मेरा दिल कहता है कि बहुत जल्द वह अपना यह वादा पूरा करेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा को एक ऐतिहासिक कदम बताया और उम्मीद जतायी कि आने वाले समय में जम्मू कश्मीर के लिए और भी कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट और योजनाएं लायी जायेंगी। प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा जम्मू कश्मीर के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हो रहा है, क्योंकि इससे राज्य के विकास को एक नयी दिशा मिलेगी और राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी के क्षेत्रों में नये अवसर उत्पन्न होंगे।

# महंगाई के मोर्चे पर राहत: चार महीने के निचले स्तर पर पहुंची खुदरा मुद्रास्फीति

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** देश में खुदरा महंगाई दर दिसंबर में चार महीने के निचले स्तर 5.22 फीसदी पर आ गयी। यह दर नवंबर में 5.48 फीसदी थी। यह गिरावट खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कमी के कारण आयी है। सरकार ने सोमवार को इसको लेकर आंकड़े जारी किये। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के तहत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआइ) के आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर में खाद्य महंगाई 8.39 फीसदी रही, जबकि नवंबर में यह 9.04 फीसदी और दिसंबर 2023 में 9.53 फीसदी थी। एनएसओ के मुताबिक, दिसंबर में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सामान्य) और खाद्य महंगाई दोनों पिछले चार महीनों के सबसे निचले स्तर पर थे। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने पिछले महीने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपने मुद्रास्फीति के अनुमान को 4.5 फीसदी से बढ़ाकर 4.8 फीसदी कर दिया था। केंद्रीय बैंक ने खाद्य कीमतों पर दबाव के कारण अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कुल मुद्रास्फीति के उच्चस्तर पर बने रहने की भी आशंका जतायी थी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित कुल मुद्रास्फीति जुलाई-अगस्त के दौरान औसतन 3.6 फीसदी से बढ़कर सितंबर में 5.5 फीसदी और अक्टूबर, 2024 में 6.2 फीसदी रही थी।

# केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने किया एलान

## सड़क हादसे में घायलों को अस्पताल पहुंचाने पर मिलेंगे 25 हजार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पुणे।** केंद्र सरकार सड़क हादसे में घायल होने वालों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने वाले अच्छे लोगों के लिए इनाम राशि बढ़ाकर 25 हजार रुपये करेगी। फिलहाल यह राशि पांच हजार रुपये है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने यह जानकारी पुणे में सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम के दौरान दी। उन्होंने कहा, पहले जब कोई दुर्घटना होती थी, तो लोग घायल को अस्पताल ले जाने से कतराते थे। मगर हमने नियम बनाया कि घायल शख्स को अस्पताल लाने वाले व्यक्ति पर कोई केस नहीं बनेगा। वहीं अच्छे काम के लिए पांच हजार की राशि भी दी जाती है। मगर मैंने आदेश दिया है कि यह राशि बढ़ाकर 25 हजार कर दी जाये। इसके साथ ही हमने एक और पहल की है। जैसे ही दुर्घटना होगी और पुलिस के एफआइआर दर्ज करते ही अस्पताल को डेढ़ लाख रुपये या कम से कम सात दिन का खर्चा सरकार देगी। बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर के साथ एक इंटरव्यू के दौरान मंत्री ने कहा कि उन्होंने सड़क परिवहन मंत्रालय को इनाम राशि बढ़ाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि 474 लोग हर दिन सड़क हादसे में जान गंवा रहे हैं। हम इस संख्या को लेकर काफी असंवेदनशील हो गये हैं।

कोविड, दंगों या लड़ाई में इतनी संख्या में लोगों की मौत नहीं हुई, जितनी सड़क हादसों में होती है। अधिकतर मरने वालों की उम्र 18-34 होती है। हम इंजीनियर से पूछते हैं कि आप गलतियां क्यों कर रहे हैं। आपको कोई फर्क नहीं पड़ता। वहीं कभी-कभी कोई सड़क पर बने गड्ढों में छोटे-छोटे पत्थर डाल देता है। इससे स्कूटर वाले लोग गिर जाते हैं। ऐसे में इन सबसे तभी बचा जा सकता है कि जब हम सब मिलकर लोगों को जागरूक करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अगर लोग हेलमेट और सीट बेल्ट का इस्तेमाल करें, तो मौतें कम होंगी।

# मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर मिली नौकरी

**समाहरणालय संवर्ग में तीन निम्नवर्गीय लिपिक व एक अनुसेवक को मिला नियुक्ति पत्र**

**दो कर्मियों को मिला एमएसीपी का लाभ, वहीं दो व्यक्तियों को मिली अमीन ग्रेड- 3 के पद पर प्रोन्नति**

**समाहरणालय संवर्ग के कुल 27 कर्मियों का हुआ स्थानांतरण और पदस्थापन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में आयोजित जिला अनुकंपा समिति की बैठक में लिए गये निर्णय के आलोक में सोमवार को उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा समाहरणालय संवर्ग के कुल तीन व्यक्तियों को अपने हाथों नियुक्ति पत्र प्रदान की गयी। इसमें वर्ग- 3 के दो निम्नवर्गीय लिपिक और वर्ग- 4 के एक अनुसेवक को नियुक्ति पत्र दिया गया। इसमें मृत सरकारी सेवक स्वर्गीय आनंद कुमार खलखो, तत्कालीन प्रधान लिपिक अंचल कार्यालय रमना के आश्रित पुत्री नेहा खलखो को तृतीय वर्ग के निम्न वर्गीय लिपिक के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इसी प्रकार मृत सरकारी सेवक स्वर्गीय सुरेश प्रसाद मेहता, तत्कालीन पंचायत सचिव, प्रखंड कार्यालय रंका के आश्रित पुत्र आलोक कुमार मेहता को तृतीय वर्ग के निम्न वर्गीय लिपिक के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। मृत सरकारी सेवक स्वर्गीय प्रमोद कुमार राय, आरक्षी 767 की आश्रित पूजा देवी की नियुक्ति चतुर्थ वर्ग में अनुसेवक के पद पर हुई है, जिन्हें उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। मौके पर उपायुक्त द्वारा नियुक्ति पत्र प्राप्तकरने वाले कर्मियों को पूरी निष्ठा व सक्रियता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की बात कही गयी।

जिला अनुकंपा समिति की उक्त बैठक में कुल चार व्यक्तियों का अनुकंपा पर नियुक्ति हेतु अनुशंसा प्राप्त है। इसमें मुख्यतः वन प्रमंडल पदाधिकारी का कार्यालय दक्षिणी से स्वर्गीय कर्मी देवी की आश्रित पुत्री वनिता देवी है, जिन्हें चतुर्थ वर्गीय पद पर नियुक्ति प्रदान किया जाना है। वहीं शिक्षा विभाग के स्वर्गीय देवशरण उरांव के आश्रित पुत्र ओमप्रकाश उरांव को भी चतुर्थ वर्गीय पद पर बहाली हेतु नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाना है। शिक्षा विभाग के ही मृत सहायक शिक्षिका स्वर्गीय अगाथा टोप्पो का आश्रित पुत्र पवन लकड़ा को तृतीय वर्ग में लिपिक के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाना है। जबकि ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल संख्या- 02 के स्वर्गीय शिवराम डोम के आश्रित पुत्र मिथुन कुमार को तृतीय वर्ग में बहाली हेतु नियुक्ति पत्र प्रदान किये जाने का अनुशंसा प्राप्त है।

अनुकंपा आधारित नौकरी हेतु पुलिस विभाग से प्राप्त एक अन्य मामले में नियुक्ति प्रक्रिया लंबित है। ज्ञात हो कि पूर्व में ही स्वर्गीय चुनवा उरांव मृत एएसआई की आश्रित पूजा प्रियंका कच्छप की अनुकंपा के आधार पर तृतीय वर्ग में नियुक्ति प्रदान करने हेतु अनुशंसा की गयी थी, परंतु पुलिस अधीक्षक कार्यालय गढ़वा में रिक्ति नहीं होने के कारण इनकी नियुक्ति जिला समाहरणालय संवर्ग में करने हेतु अनुशंसा की गयी थी। जिला समाहरणालय संवर्ग में भी रिक्तियां नहीं होने के कारण नियुक्ति नहीं कि जा सकी है। ऐसे में इनकी नियुक्ति हेतु पुलिस अधीक्षक गढ़वा को डीआईजी से नियुक्ति संबंधी प्रक्रिया में पत्राचार करते हुए अग्रेतर कार्रवाई करने का दिया गया है।

इसके अतिरिक्त जिला स्थापना समिति की बैठक मैं विभिन्न निर्णय लिए गये। मुजीब अहमद खान राजस्व उप निरीक्षक अंचल कार्यालय धुरकी को प्रथम एमएसीपी का लाभ दिया गया, वहीं लवलीन बाखला सेवानिवृत्त ग्राम सेविका प्रखंड कार्यालय मंझिआंव को तृतीय एमएसीपी का लाभ प्रदान किया गया। विभिन्न दो अमीन को प्रोन्नति भी प्रदान किए गये, जिसमें जनार्दन महतो अंचल अमीन भवनाथपुर और योगेंद्र यादव अंचल अमीन नगर उंटारी को अमीन ग्रेड- 3 पद पर प्रोन्नति दी गयी है। समाहरणालय संवर्ग अंतर्गत गढ़वा जिले में पदस्थापित प्रशासी अधिकारी, कार्यालय अधीक्षक, प्रधान लिपिक, उच्च वर्गीय लिपिक और निम्न वर्गीय लिपिक को भी स्थानांतरित, पदस्थापित और समायोजित किया गया है। इसमें प्रशासी अधिकारी और कार्यालय अधीक्षक के चार पद, प्रधान लिपिक के तेरह पद, उच्च वर्गीय लिपिक के तीन पद और निम्न वर्गीय लिपिक के सात पद शामिल हैं।

## अंजुमन तरक्की उर्दू-हिंदी की रंका इकाई की बैठक

रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय स्थित हजरत तक्कूशाह दाता रहमतुल्लाह अलैहे के मजार शरीफ के सेहन में अंजुमन तरक्की उर्दू हिन्दी के रंका इकाई की बैठक हुई। इस बैठक में गढ़वा से चलकर आये पलामू कमिश्नरी इंचार्ज डॉ यासीन अंसारी, गढ़वा जिला सदर डॉ एमएन सिद्दीकी, सेक्रेटरी जनाब केबी अंसारी, जिला सलाहकार एडवोकेट कासिम साहब, मास्टर गौहर अली खान साहब ने उर्दू तरक्की पर अपनी अपनी बात रखी। इस अवसर पर मौजूद अंजुमन सदर जनाब शोएब खलिफा, जैनुल्लाह अंसारी, मुमताज अली रंगसाज, अमीनुद्दीन अहमद, इरफान ने इस तंजीम में कदम से कदम मिलाकर चलने की बात कही।

## यूथ क्रिकेट क्लब ने पांच विकेट से मैच जीता

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित लीग का दूसरा सेमी फाइनल मैच में 208 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए यूथ क्रिकेट क्लब की टीम ने 5 विकेट खोकर मैच जीत लिया। मैच में अच्छा प्रदर्शन करते हुए शेखर कुमार को मन ऑफ द मैच का पुरस्कार सुशील कुमार गिरी के द्वारा दिया गया।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती मनायी गयी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। आर के पब्लिक स्कूल, गढ़वा में युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में मनायी गयी। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का जीवन और उनका व्यक्तित्व करोड़ों युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनका विचार 'उठो, जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य ना प्राप्त हो जाए।' आज भी करोड़ों युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। मौके पर स्कूल के छात्र-छात्राओं के बीच चित्रांकन, भाषण व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षिकायें उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय के सभागार में 11 जनवरी से 13 जनवरी दिन सोमवार तक (सबकी योजना सबकी विकास) के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ संपन्न। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर महताब आलम एवं गिरिजेश कुमार के द्वारा लोगों को विभिन्न प्रकार की जानकारी दिया गया। मौके पर ब्लॉक प्रमुख दीपा कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राजेश कुमार, सांसद प्रतिनिधि पुलस्त शुक्ला, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि भुनेश्वर राम, पिपरी कला पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अशोक पासवान, प्रखंड समन्वयक पंचायती राज सुबोध कुमार, बीपीओ डिंपल गुप्ता, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक चंद्रकांत और पंचायत के जलसहिया, वॉर्ड सदस्य, महिला दीदी, वीपीआरपी सदस्य, पंचायत सहायक, पंचायत स्तरीय सहजकर्ता दल के सदस्य सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## श्री सर्वेश्वरी समूह ने महानिर्माण दिवस मनाया



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटारी में सोमवार को महानिर्माण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर समूह के सदस्यों के द्वारा मां मैत्रिणी योगिनी के समाधिक स्थल पर विधिवत पूजा अर्चना किया गया, तत्पश्चात सूक्ष्म प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में 50 असहाय महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया गया। मौके पर शाखा के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव, आनंद जायसवाल, संजीव कुमार सिंहा, नागेंद्र प्रसाद, मनोज प्रताप देव, नवनीत कुमार सिंहा, राजेंद्र यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## ट्रक और बाइक की भिड़ंत, बाल-बाल बचा चालक

डंडई (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के तसरार पंचायत के औरैया घाटी पर सोमवार को करीब 4:00 बजे हुए ट्रक और मोटरसाइकिल की जबरदस्त भिड़ंत में मोटरसाइकिल का टंकी ब्लास्ट हो जाने से मोटरसाइकिल मे भयंकर आग लग गयी और देखते ही देखते मोटरसाइकिल पूरी तरीके से जलकर खाक हो गयी, जबकि इस हुए बड़ी दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक बाल बाल बच गया। खबर लिखे जाने तक पीड़ित मोटरसाइकिल चालक का नाम की स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पायी थी व घटनास्थल पर सैकड़ों लोगों की भीड़ मौजूद थी।

## भवनाथपुर: तीन फरार वारंटी गिरफ्तार

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर थाना प्रभारी रजनी रजनी ने रविवार की रात थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अलग-अलग जगहों पर छापामारी कर तीन फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में गढ़वा न्यायालय को सुपुर्द किया। पकड़े गये फरार वारंटियों में भवनाथपुर थाना अंतर्गत हरिहर ओपी क्षेत्र के चौबे मझिगवां के नवडीहवा टोला निवासी सकचुली रजवार, भवनाथपुर थाना क्षेत्र के हेसलदाग निवासी मनोज कुमार सिंह पिता स्व. चंद्रिका सिंह का नाम शामिल है। उक्त दोनों अभियुक्त के विरुद्ध सत्रह सीएलए एक्ट के इनामी फरार वारंटी थे। जबकि एक और अन्य मामले के नामजद फरार अभियुक्त अरसली उतरी निवासी अकबर अंसारी को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

## कांडी: 21 को स्वास्थ्य मेला का आयोजन



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय पर सोमवार को बीडीओ राकेश सहाय के नेतृत्व में एक दिवसीय गैर आवासीय आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित लोगों के बीच आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु तकनीकी जानकारियां देते हुए इसके लाभ के बारे जानकारियां दिया, ताकि भविष्य में घर के कोई सदस्य बीमार पड़ता है तो उसे पांच लाख तक का मुफ्त उपचार किया जायेगा। आयुष्मान कार्ड के इच्छुक लाभुक राशन कार्ड, अधार कार्ड और बैंक अकाउंट के साथ सीएसपी केंद्र में जाकर आयुष्मान कार्ड बनवालें, ताकि भविष्य में इस योजना की लाभ लें सकें। सरकार की मनसा है कि इस योजना का लाभ हर कोई ले सके। 21 जनवरी मंगलवार को प्रखंड कार्यालय भवन में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी गोविंद सेठ, प्रखंड लिपिक अनूप कुमार, कंप्यूटर सहायक ओम प्रकाश, राजीव, पंचायत सचिव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## श्रद्धालु आज करेंगे गर्म कुंड में स्नान और पूजा



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। कैलान पंचायत के फुलवार स्थित प्रसिद्ध गर्म कुंड मेला की तैयारी पूरी कर ली गयी है। यह मेला 14 तारीख को शुरू होगा और दो दिनों तक चलेगा। श्रद्धालु हर साल इस मेले में सम्मिलित होकर गर्म कुंड में स्नान करते हैं और पूजा पाठ करते हैं। गर्म कुंड से लगातार 24 घंटे गर्म पानी निकलता है। प्रखंड मुख्याल से 10 किमी की दुरी पर यह स्थित है, चारों ओर से पहाड़ से व धनगढ़ घनघोर जंगलों से घिरा हुआ है। मेले की तैयारी में पूजा कमेटी के लालनाथ यादव, ब्रजेश यादव, बिजेंद्र यादव, मनोज यादव,आलोक यादव, लाल बिहारी कोरवा, निरंजन सिंह, दिलीप यादव, धर्मेंद्र यादव मेले की तैयारी में लगे हुए हैं।

# युग निर्माण को प्रत्येक घर तक पहुंचायेगा गायत्री परिवार

**हरिद्वार से आठ मार्च को गढ़वा में पहुंचेगा**

**अखंड ज्योति रथ, सभी पंचायतों का करेगा भ्रमण**

**गायत्री परिवार की जिलास्तरीय वार्षिक गोष्ठी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार गढ़वा शाखा की एकदिवसीय जिलास्तरीय वार्षिक गोष्ठी गायत्री शक्तिपीठ कल्याणपुर में संपन्न हुई। इसमें वर्ष 2024 के कार्यों की समीक्षा करते हुये मिशन आगामी आंदोलनात्मक कार्यक्रमों पर चर्चा की गयी। गोष्ठी की शुरूआत मुख्य अतिथि पलामू उपजोन प्रभारी शिवशंकर सिंह, मानस मंडली के राजेश मिश्र, मुख्य प्रबंध ट्रस्टी संजय सोनी, सरयू चंद्रवंशी सहित सभी अतिथियों द्वारा देवमंच पर अखंड दीपक जलाकर और स्वामी विवेकानंद की तसवीर पर माल्यार्पण कर किया गया।

गोष्ठी में बताया गया कि वर्ष 2026 में अखंड ज्योति का शताब्दी और माता भगवती देवी का जन्मशताब्दी पूरा हो रहा है। गायत्री परिवार ने अखंड ज्योति की शताब्दी पूरी होने तक देव संस्कृति को प्रत्येक घर तक पहुंचाने लक्ष्य लिया है। गढ़वा जिले में यह रथ आठ मार्च से 26 मार्च तक रहेगा। कार्यक्रम में जिला समन्वयक विनोद पाठक ने जिले का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया. इस दौरान मुख्य प्रबंध ट्रस्टी संजय सोनी, शोभा पाठक, अनिता देवी, अजीत चौबे, नागेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

### युगऋषि की भविष्यवाणी पर संदेह नहीं होना चाहिए: शिवशंकर

इस अवसर पर उपजोन प्रभारी शिवशंकर सिंह ने कहा कि यह समय विशेष है। युगऋषि की भविष्यवाणी के अनुसार हम सब युग परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं, हमें युगऋषि की वाणी पर संदेह नहीं होना चाहिये। इस दौरान सभी आंदोलनों के प्रभारी भी बनाये गये।

# शांति निवास बालिका वर्ग में बना चैंपियन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में शांति निवास ने बीएनटी संत मैरी की टीम को सात विकेट से हराकर लगातार दूसरी बार और कप में दसवीं बार चैंपियन बना।

बालिका वर्ग के फाइनल मैच में बीएनटी संत मैरी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट खोकर 42 रन बनाए। शांति निवास की ओर से रिमझिम ने तीन, शीतल और चांदनी ने दो-दो विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी खेलने उतरी शांति निवास की टीम श्रुति के 13 और अंजनी के छह रन के सहयोग से तीन विकेट खोकर जीत दर्ज करते हुए लगातार दूसरी बार और कप पर दसवीं बार कब्जा जमाया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शांति निवास के रिमझिम को दिया गया। मैच से पूर्व आरपी कॉलेज आफ फार्मेसी के निदेशक डॉ पतंजलि केशरी प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर आरपी कॉलेज और फार्मेसी के निदेशक डॉ पतंजलि केशरी ने कहा कि जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति जिले के सभी क्षेत्र के प्रतिभाओं को आगे लाने का काम कर रही है। गढ़वा जैसे शहर में लड़कियों को चौके छक्के लगाते देख में काफी प्रभावित हुआ हूं, इसके लिए मैं आयोजक को बधाई देता हूं कि उन्होंने लड़कियों को प्रतिभा को आगे लाने का काम किया जा रहा है। प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती। इस मौके पर प्रतियोगिता को उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, मनीष उपाध्याय, रोहन तिवारी, अभय दुबे आकाश, प्रवीण मिश्रा, धीरज सिंह, आकाश, नैतिक, हेमंत, गोलू दास सहित कई लोग उपस्थित थे। मैच में अंपायर की भूमिका आकाश कुमार और मनीष उपाध्याय ने निभाई वही कमेंटेटर की भूमिका में मनोज तिवारी ने निभाया।

# नदी किनारे हो रहे निर्माण कार्य पर एसडीओ की नजर पड़ते ही काम रुकवाया गया

**मौके पर अंचल की टीम को बुलाकर दो दिनों में जांच के दिये आदेश**

**किसी भी हल्का में हो रहे वर्तमान अतिक्रमण के लिए हल्का कर्मचारी पर होगी कार्रवाई**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** सोमवार को कल्याणपुर पुल के पास नदी किनारे हो रहे एक संदिग्ध निर्माण कार्य पर नजर पड़ने पर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने निर्माण काम पर रोक लगा दी। उन्होंने मौके पर अंचल अधिकारी एवं उनकी टीम को बुलाकर भूमि की प्रकृति के बारे में जानकारी ली साथ ही विस्तृत जांच कर दो दिनों के अंदर जांच प्रतिवेदन उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया।

दरअसल सोमवार को एसडीओ संजय कुमार समाहरणालय में आहूत एक बैठक में भाग लेने जा रहे थे, तभी उनकी नजर पुल के दायें तरफ नदी से सटी हुई सार्वजनिक भूमि पर नदी के डूब क्षेत्र में तेजी से हो रहे एक निर्माण कार्य पर पड़ी। बैठक से लौटते समय वे सीधे निर्माण कार्य के पास पहुंचे और निर्माण काम में लगे कर्मियों से जानकारी ली। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध लगते ही उन्होंने तुरंत काम रुकवा दिया तथा गढ़वा अंचल अधिकारी को कॉल कर अंचल की टीम को मौके पर बुलवाया।

उन्होंने सभी अंचलों के राजस्व कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वे अपने हल्का क्षेत्र में नवनिर्माण कार्यों पर नजर रखें। कहीं भी सार्वजनिक भूमि पर संदिग्ध निर्माण कार्य होता दिखे, तो वे अपने अंचल अधिकारी या अपने वरीय पदाधिकारियों के संज्ञान में लायें। कहा कि जिस राजस्व कर्मचारी के कार्यकाल में उसके हल्का में इस प्रकार के अतिक्रमण होंगे, इसकी जवाबदेही संबंधित राजस्व कर्मचारी पर तय की जायेगी। इसलिए वे नियमित तौर पर अपने हल्का क्षेत्र का भ्रमण करते रहें।

### दो दिनों के अंदर जांच करें, अतिक्रमण पाये जाने पर करें ध्वस्तीकरण

अनुमंडल पदाधिकारी ने गढ़वा सीओ को निर्देश दिया कि वे दो दिनों के अंदर इस मामले की सम्यक जांच करते हुये आश्वस्त हो लें कि यह निर्माण नदी पर अतिक्रमण कर किया जा रहा है या स्वयं की भूमि पर। अतिक्रमण प्रमाणित होने पर अविलंब निर्माण कार्य को नियमानुसार ध्वस्त कर दें।

### सभी सीओ रहें सजग, शुरू होते ही रोकें अतिक्रमण

एसडीओ ने अनुमंडल क्षेत्र के सभी अंचल अधिकारियों और नगर निकायों को निर्देश दिया कि नदी, तालाब आदि सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण के मामलों में अतिक्रमण के शुरूआती चरण में ही संरचनाओं को ध्वस्त कर दें। अन्यथा बाद में ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया अपेक्षाकृत जटिल हो जाती है।


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड**
**(कृषि प्रभाग)**

**किसानों भाईयों के लिए आवश्यक सूचना**

राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में जिला स्तरीय किसान मेला –सह– कृषि उत्पाद प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन सदर प्रखण्ड मैदान, लोहरदगा प्रखण्ड में दिनांक :–16.01.2025 को पूर्वाहन 11.00बजे से किया जा रहा है जिसमें आप सभी किसान भाई / बहनें सादर आमंत्रित है।

**किसानों द्वारा लाये जाने वाले कृषि उत्पाद की विवरणी**

| क्र0 | उत्पाद का नाम | संख्या | क्र0 | उत्पाद का नाम | मात्रा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | फुलगोभी (जड़ सहित) | 01 अदद | 14 | बिट | 02 अदद |
| 2 | पत्तागोभी (जड़ सहित) | 01 अदद | 15 | मिर्च (जड़ एवं पौधा सहित) | 01 पौधा |
| 3 | आलू (विभिन्न प्रभेद) | 05 अदद | 16 | शिमला मर्च (जड़ एवं पौधा सहित) | 04 अदद |
| 4 | कद्दू | 01 अदद | 17 | फ्रेंचबीन, (जड़ एवं पौधा सहित) | 10 अदद |
| 5 | कोहडा | 01 अदद | 18 | पपीता प्रभेद के साथ | 02 अदद |
| 6 | ओल (मिट्टी सहित) | 01 अदद | 19 | नींबू डाली के साथ | 04 अदद |
| 7 | टमाटर, (जड़ एवं पौधा सहित) | 01 पौधा | 20 | मशरूम | एक बैग |
| 8 | ब्रोकली | 01 अदद | 21 | गन्ना, जड़ सहित | 02 अदद |
| 9 | बैंगन प्रभेद सहित<br>1. गोल<br>2. लम्बा | 02 अदद<br>02 अदद | 22 | मसूर, जड़ सहित | – |
| 10 | सलगम जड़ सहित एवं प्रभेद के साथ | 02 अदद | 23 | चना, जड़ सहित | दो पौधा |
| 11 | मूली जड़ सहित एवं प्रभेद के साथ | 05 अदद | 24 | सरसों पौधा एवं प्रभेद सहित | दो पौधा |
| 12 | गाजर जड़ सहित | 05 अदद | 25 | कट फ्लावर फूल यथा–जरबेरा, ग्लेडूलस एवं गुलाब | 05 अदद |
| 13 | सेम | 10 अदद | 26 | अन्य कृषि उत्पाद | 2 अदद |

नोट :– उत्पाद का पंजीकरण दिनांक 16.01.2025 के पूर्वाहन 9.00 बजे से लेकर 10.00 बजे किया जाएगा।

–ह0 / –
जिला कृषि पदाधिकारी,लोहरदगा

PR 344199 Lohardaga(24-25).D



**जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद, रामगढ़**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 11 / 2024–25**

1. निविदादाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, रामगढ़।
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, रामगढ़।
3. परिमाण विपत्र बिक्री हेतु आवेदन प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 22.01.2025 को कार्यालय अवधि तक।
4. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 23.01.2025 को कार्यालय अवधि तक।
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, रामगढ़।
6. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 24.01.2025 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
7. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 24.01.2025 को 03:30 बजे अपराह्न ।
8. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, रामगढ़।
9. कार्य की विस्तृत विवरणी : –

| क्र०सं० | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य (रु०) | कार्य पुर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | गोला | संग्रामपुर | पंचायत संग्रामपुर ग्राम बावलीग में आंगनबाडी निर्माण। | 2416900 | 49000 | 5,000.00 | 04 (चार) माह |
| 2 | माण्डू | आरा उतरी | बघलता बस्ती में ऑगन बाडी केन्द्र नव निर्माण | 2116900 | 43000 | 5,000.00 | 06 (छः) माह |
| 3 | गोला | कोराम्बे | ग्राम कोराम्बे को जेहराटोला में पुलिया निर्माण। | 1242500 | 25000 | 2,500.00 | 03 (तीन) माह |
| 4 | गोला | कोराम्बे | ग्राम– कोराम्बे के बोनछेर टोला में सिदाम ठाकुर के घर व्यय के सामने पुलिया निर्माण। | 4412900 | 89000 | 5,000.00 | 04 (चार) माह |
| 5 | गोला | गोला | ग्राम गोला, अग्रवाल टोला स्थित गोमती पुल पर सीढ़ी निर्माण। | 2496200 | 50000 | 5,000.00 | 06 (छः) माह |
| 6 | पतरातू | बारीडीह | पंचायत बारीडीह ग्राम–जोबो से लोवाडीह करमा टोला राजेश बेदिया के घर तक पी. सी.सी. पथ निर्माण। PHASE - IV | 4711200 | 95000 | 5,000.00 | 04 (चार) माह |
| 7 | रामगढ़ | कुरूम बाभन टोला | कुरूम बाभन टोला बर पेड़ के पास चबूतरा निर्माण । | 963700 | 20000 | 5,000.00 | 06 (छः) माह |
| 8 | रामगढ़ | दोहाकातू | रामगढ़ पंचायत– दोहाकातू के लोलो चौक से लेकर बगीचा टोला लोलो तक पी. सी.सी पथ निर्माण । PHASE - II | 2078200 | 42000 | 5,000.00 | 06 (छः) माह |
| 9 | गोला | सरगडीह | प्रखण्ड गोला, पंचायत सरगडीह के ग्राम– उलादाका के परनु महतो के घर से ग्राम– सरगडीह के शंकर महतो के घर तक पी. सी. सी पथ एवं सरना स्थल के सामने पुलिया निर्माण। Phase-2 | 3052400 | 62000 | 5,000.00 | 06 (छः) माह |
| 10 | गोला | हेठ बरगा | प्रखण्ड गोला, ग्राम हेठ बरगा, लगन कुम्हार के घर से शमशान घाट तक पथ निर्माण। | 2994100 | 60000 | 5,000.00 | 06 (छः) माह |
| 11 | दुलमी | प्रियातु | ग्राम भालू के पुराना स्कुल से प्रमोद महतो के घर तक पी.सी.सी. पथ निर्माण। | 3575000 | 72000 | 5,000.00 | 06 (छः) माह |
| 12 | चितरपुर | मायल | प्रखण्ड चितरपुर, ग्राम मायल में लखी तालाब के बगल में सामुदायिक भवन एवं शौचालय निर्माण PHASE- II | 2244500 | 45000 | 5,000.00 | 06 (छः) माह |

10. निविदा प्रकोष्ट का दुरभाष नं० – 9801557645
11. इस निविदा में जिला परिशद, रामगढ़ में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक ही भाग लेंगें।
12. परिमाण विपत्र क्रय हेतु आवेदन के साथ आचरण प्रमाण पत्र एवं निबंधन प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
13. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में स्वीकार किया जायेगा जो लौटाया नहीं जायेगा। बैंक ड्राफ्ट District Engineer, District Board, Ramgarh के पदनाम से Payable at Ramgarh देय होगा ।
14. निविदा से संबंधित अन्य शर्ते जिला परिषद, रामगढ़ के कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

ह० / –
जिला अभियंता, जिला परिषद, रामगढ़।

PR.NO.344229 District(24-25):D

## सीएसआर के तहत सीसीएल प्रबंधन ने बचरा उत्तरी में गरीबों के बीच बांटे कंबल



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा उत्तरी पंचायत सचिवालय में सोमवार को कार्यक्रम आयोजित कर पंचायत के गरीब और असहाय लोगों के बीच सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा कंबल का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह और संचालन पिपरवार क्षेत्र के सीएसआर पदाधिकारी उज्जवल कुमार ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार मौजूद थे। इस कार्यक्रम मे मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने फूलों का गुलदस्ता देकर महाप्रबंधक संजीव कुमार का स्वागत किया। कार्यक्रम में सीसीएल पिपरवार प्रबंधन द्वारा सीएसआर योजना के तहत बचरा उतरी पंचायत के वृद्ध जरूरतमंद विकलांग और विधवा महिला और पुरुषों के बीच कंबल 100 कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक संजीव कुमार ने मुखिया गुंजन कुमारी सिंह और पंचायत के सम्मानित लोगों को नववर्ष और मकर संक्रांति की बधाई दी। मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने कहा कि ठंड में गरीबों को कंबल मिलने से काफी राहत मिलेगी। जीएम संजीव कुमार ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा पूण्य का काम होता है। इस मौके पर सीएसआर ऑफिसर उज्जवल कुमार, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सचिव पिंकी सिंह, टंडवा प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष रवि भारद्वाज, समाजसेवी किशन कुमार सिंह, विजय महतो, सेविका बाला कुमारी, ललिता कुमारी, सहिया रेणुका कुमारी, कवित्री कुमारी, कुलदीप महतो सहित कई स्थानीय ग्रामीण मौजुद थे।

## 59वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में संजीव कुमार ने प्राप्त किया दूसरा स्थान



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** एथलेटिक्स खिलाड़ी संजीव कुमार ने 59वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप प्रतियोगिता मे अंडर-18 बालक आयु वर्ग में 6 किलोमीटर दौड़ मे दूसरा स्थान प्राप्त कर चतरा जिला और झारखंड राज्य का नाम रौशन किया है। इन्होने अपना दौड़ अठारह मिनट एक सैकेंड मे पूरा किया है। 59वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ और एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा 12 जनवरी को मेरठ उत्तर प्रदेश मे किया गया था। चतरा जिला एथलेटिक्स कोच गणेश कुमार महतो ने बताया कि संजीव कुमार ने पिछले महीने 31 दिसम्बर को जमशेदपुर मे आयोजित 16वीं झारखंड स्टेट क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप प्रतियोगिता मे भी दूसरा स्थान प्राप्त कर अपने चतरा जिला का नाम रौशन किया था। इसके बाद इन्हे झारखंड एथलेटिक्स संघ के द्वारा झारखंड एथलेटिक्स टीम में शामिल किया गया। इस खुशी में चतरा जिला एथलेटिक्स कोच सह गणेश स्पोंटिंग क्लब राय के संस्थापक सह सचिव गणेश कुमार महतो, चतरा जिला एथलेटिक्स संघ के महासचिव राकेश कुमार सिंह, चतरा जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी, चतरा जिला ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी, चतरा जिला ओलंपिक संघ के चंद्रेश शर्मा और कई लोगो ने संजीव कुमार को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## खूंटी-कोलेबिरा रोड के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विधायक ने जतायी नाराजगी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने खूंटी-तोरपा-कोलेबिरा रोड के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि संवेदक सड़क के मजबूतीकरण और सुंदरीकरण के नाम पर सरकारी पैसे की बंदर बांट कर रहा है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की गुधवत्ता अत्यंत ही घटिया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में वे मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को पत्र लिखकर इसकी जांच करने का आग्रह करेंगे। विधायक सोमवार को कल्याण गुरुकुल केंद्र के कार्यक्रम में भाग लेने के बाद तोरपा लौटने के क्रम में खूंटी-कोलेबिरा के नवनिर्मित सड़क को टूटा हुआ देखकर, वाहन से उतरकर इसकी जांच की। उन्होंने कहा कि लगभग 53 करोड रुपये की लागत से इस सड़क का निर्माण कराया जा रहा है और गुणवत्ता इतनी खराब है कि निर्माण के दौरान ही सड़क टूटने लगी है। विधायक ने कहा कि इसके पूर्व भी उन्होंने सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को गुणवत्ता में सुधार लाने का निर्देश दिया था, लेकिन गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि रोडके बीच-बीच में टूटे रहने से दुर्घटनाएं भी हो रही हैं।

## मृतक राजेश तुरी के परिवारवालों को रैयत विस्थापित मोर्चा ने दिया सहयोग



**खलारी (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा ने मृतक राजेश तुरी के परिवार को सहायता प्रदान किया है। मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता के नेतृत्व में मोर्चा के पदाधिकारी मोहननगर स्थित राजेश तुरी के घर गये और मृतक के परिवार को शोक संवेदना प्रकट किया। मोर्चा के अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कहा कि मृतक राजेश तुरी मोर्चा के सक्रिय सदस्य थे उन्होंने मोर्चा के साथ हमेशा कार्य किया है। मोर्चा भी आज मृतक राजेश तुरी के परिजनों को हर तरह से हर सम्भव मदद करने के लिए तैयार है। मोर्चा ने परिजनों को आर्थिक सहायता की और खाद्य सामग्री देकर सहायता की। मोर्चा ने कहा कि हर तरह से पीड़ित परिवार को सहयोग करने का प्रयास किया जायेगा। इस मौके पर विनय खलखो, रामलखन गंझू, अमृत भोगता,प्रभाकर गंझु,सलामत अंसारी, अखिलेश प्रसाद, हीरादास मानिकपुरी, मनोज तुरी, सुरेंद्र चौहान सहित कई लोग मौजूद थे।

## मकर संक्रांति को लेकर बाजार और दुकानों में खरीदारी को लेकर उमड़ी भीड़



**बुंडू/तमाड़/सोनाहातु (आजाद सिपाही)।** पुरे पांच परगना छेत्र के बाजारों में अंतिम दिन मकर संक्रांति को लेकर काफी बाजार और दुकानों में खरीदारी को लेकर लोगों हुजुम था। ग्रामीण क्षेत्र में टुसू प्रतिमा मिट्टी बर्तन, नये कपड़े, जूते चप्पल और मिट्टी बर्तन चौडल आदि की खुब खरीदारी की गयी। प्रसिद्ध गुड़ और तेल की खुब विक्री हुई ज्ञात हो कि पूरे पांच पर गाना क्षेत्र में बड़े धूमधाम के साथ टुसू पर्व मनाया जाता। टुसू पर्व पांच परगना क्षेत्र का सबसे बड़ा त्यौहार है।

# पुलिस ने 15 एकड़ भूमि पर लगी अफीम की खेती को किया नष्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू/तमाड़।** पुलिस ने सोमवार को अनुमंडल क्षेत्र में कुल 15 एकड़ 50 डिसमिल भूमि पर अवैध अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। सोमवार को बुंडू थाना क्षेत्र के एदेलहातु और बड़कोलमा स्थित जंगली क्षेत्र में लगभग 5 एकड़ भूमि पर दशम फॉल थाना क्षेत्र अंतर्गत नवाडीह स्थित जंगली क्षेत्र में लगभग 2.5 एकड़ भूमि पर



राहे थाना क्षेत्र के कुकरूडीह (चांगो टोला) और इडिसिरिंग स्थित जंगली क्षेत्र में लगभग 5 एकड़ भूमि पर और तमाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ईचाडीह स्थित जंगली क्षेत्र में लगभग 3 एकड़ भूमि पर पोस्ते की खेती को नष्ट किया। साथ ही लोगों को जागरुक भी किया गया, इस अभियान में बुंडू डीएसपी ओमप्रकाश, बुंडू थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा, तमाड़ थाना प्रभारी रौशन कुमार, राहे थाना प्रभारी यशवंत, दशम फॉल थाना प्रभारी प्रशांत गौरव, प्रेम प्रदीप कुमार, राहुल कुमार मेहता, आतिश कुमार, शंभू पंडित, अनिल कुमार मोहली, सिरिल संगा के अलावे जैप और सैप के जवान शामिल थे।

# कल्याण गुरुकुल के 26 युवकों को मिली नौकरी, विधायक ने दिया ऑफर लेटर

### नशापान शरीर, समय और हुनर सबको नष्ट कर देता है: सुदीप गुड़िया

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** कल्याण विभाग झारखंड सरकार और प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित कल्याण गुरुकुल चंद्रपुर (तोरपा) में प्रशिक्षित 26 युवाओं को चेन्नई और बैंगलुरू में नौकरी मिली है। तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने सोमवार को गुरुकुल में आयोजित सामारोह में बतौर मुख्य अतिथि इन सभी छात्रों को ऑफर लेटर सौंपा। गुरुकुल के 13 छात्रों को चेन्नई के सोभा डेवलोपर लिमिटेड में सेंटरिंग कारपेंटर तथा 13 छात्रों को चेन्नई की मुदीन कंपनी में आटोमेटिक मशीन ऑपरेटर की नौकरी मिली है। इसके पूर्व विधायक और अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर



कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर युवकों को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा कि पूरी दुनियां में हुनर की कद्र है। हुनर कभी बेकार नहीं जाता है। विधायक ने कहा कि सैद्धांतिक ज्ञान से व्यावहारिक ज्ञान अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने छात्रों से कहा कि अनुसाशन में रहें और नशापान से दूर रहें। नशा से शरीर, समय और हुनर तीनों नष्ट हो जाता है। उन्होंने कहा कि वे अच्छा काम करेंगे, तो गुरुकुल के साथ ही तोरपा विधानसभा क्षेत्र का नाम का नाम रौशन होगा। आप हमेशा देश को आगे बढ़ाने के लिए ईमानदारी से अपना काम करे। प्रधानाचार्य किशोर चंद्र मोहंती ने बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजति, अल्पसंख्यक और पिछड़ी जाति कल्याण विभाग झारखंड सरकार और प्रेझा फाउंडेशन द्वारा पूरे झारखंड में 28 कल्याण गुरुकुल और आठ नर्सिंग कौशल कॉलेज और एक आइटीआइ कॉलेज का संचालन किया जा रहा है। झारखंड के दूर-दराज क्षेत्र में रहनेवाले लड़के-लड़कियों को आधुनिक प्रशिक्षण, बेहतर जीवन शैली और सुरक्षित रोजगार देने के लिए झारखंड सरकार के मार्गदर्शन में काम कर रहा है। मौके पर पत्रकार अनिल मिश्रा, सतीश शर्मा, प्रदीप कुमार, पिंटू कुमार, चंदन कुमार सहित झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रुबेन तोपनो, मिखाएल भेंगरा, शिवराम भेंगरा, दीपक भेंगरा आदि उपस्थित थे।

# आस्था का केंद्र है खलारी का प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी का प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर भक्तों के आस्था का बड़ा केंद्र है। पहाड़ी मंदिर में विराजमान बजरंग बली की महिमा तो अपरम्पार है ही, इस मंदिर का वर्तमान स्वरूप भी लोगों को आकर्शित करता है। पहाड़ी मंदिर में बजरंग बली के अलावा शिवालय तथा मां दुर्गा की प्रतिमा भी स्थापित है। पहाड़ी मंदिर विकास समिति ने पिछले दो दशक में अपने अथक मेहनत, लगन और खलारी के लोगों के सहयोग से इस मंदिर को यह भव्य रूप प्रदान किया है। करीब आठ दशक पूर्व खलारी स्थित एसीसी कंपनी ने इस मंदिर का आरंभिक निर्माण कराया था। कहा जाता है कि कारखाना के लिए रेल लाइन बिछाने के क्रम में जमीन के अंदर से एक बड़े पत्थर पर बजरंग बली का आकृति मिली थी। मंदिर में आज भी बजरंग बली की वही प्रतिमा है। पहाड़ी मंदिर खलारी की खास बात यह है कि जो कोई इस मंदिर में आया, यहां के बजरंग बली का मुरीद हो गया। खलारी में रह चुके अनेक लोग आज देश के विभिन्न राज्यों के अलावा विदेशों में बसे हुए हैं। बजरंग बली के भक्त देश-दुनिया किसी भी कोने से मन्नत मांग लेते हैं, लेकिन मन्नत पूरी होने पर खलारी आकर बजरंग बली को नारियल चढ़ाना नहीं भूलते। जानकार लोग इस मंदिर को सिद्ध पीठ भी कहते हैं. रामनवमी के दिन तो लोग घंटों कतार में लगकर बजरंग बली का दर्शन करते है। प्रत्येक मंगलवार तथा शनिवार को भारी संख्या में भक्तजन यहां दर्शन करने तथा मन्नत पूरी होने पर नारियल चढ़ाने आते हैं। पहाड़ी मंदिर विकास समिति ने पुनर्निर्माण के दौरान बजरंग बली के मंदिर के साथ ही अलग से मां दुर्गा और भगवान शिव के मंदिर का निर्माण किया है, जो मंदिर को और भी भव्यता प्रदान करती है। शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती स्वयं इस मंदिर में आकर मां दुर्गा की प्रतिमा और शिव लिंग का प्राण प्रतिष्ठा किये थे। सावन के दिनों में जलाभिषेक करने वालों की लंबी कतार लगी होती है, मंदिर का पुनर्निर्माण ओड़िया शिल्पकारों द्वारा कराया गया है। विकास समिति के लोग मंदिर को सुंदर और आकर्षक बनाने तथा श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा देने के लिए प्रयासरत रहते हैं। सीसीएल एनके एरिया द्वारा भी सामुदायिक भवन बनाया गया है। रांची जिला प्रशासन खलारी पहाड़ी मंदिर को पर्यटन केंद्र का दर्जा दिया है।



### पहाड़ी मंदिर पुनर्निर्माण की 23वीं वर्षगांठ आज, खिचड़ी भंडारा की तैयारी पूरी

**खलारी (आजाद सिपाही)।** 14 जनवरी मंगलवार को खलारी के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर के पुनर्निर्माण का तेईसवीं वर्षगांठ मनाया जायेगा। इस अवसर पर आयोजित खिचड़ी भंडारा की तैयारी पूरी हो गयी है। मंदिर को बिधुत सज्या से सजाया गया है। सोमबार सुबह से 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन शुरू हो गया है, जिसका समापन मंगलवार को सुबह होगा। भगवान को भोग लगाने के पश्चात सुबह 11 बजे से भंडारा शुरू हो जायेगा। इस बड़ी तैयारी के लिए चावल, दाल और हरी सब्जियों का खेप आ चुका ह। समिति ने लोगों से अपील किया है कि पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए 14 जनवरी को मंदिर परिसर में प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग न करें साथ ही मंदिर परिसर के साफ सफाई का ख्याल रखें। क्षेत्र के सभी लोगों को सपरिवार खिचड़ी भंडारा में भाग लेने का आमंत्रण दिया है।

### अफीम की खेती को हर हाल में रोकें जन प्रतिनिधि: एसडीओ



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर सोमवार को समाहरणालय के सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, मुखिया और अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य अवैध अफीम की खेती की रोकथाम, इसके दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करना और वैकल्पिक खेती को बढ़ावा देना था। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि अफीम खेती न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह समाज की सामाजिक और आर्थिक संरचना पर भी नकारात्मक प्रभाव डालती है। बैठक के माध्यम से उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे ऐसी अवैध गतिविधियों में संलिप्त न हों और अपने परिवार और समुदाय को भी इससे दूर रखें। अनुमंडल पदाधिकारी ने क्षेत्र के मुखिया को निर्देशित किया कि वे लोगों को वैकल्पिक खेती के प्रति जागरूक करें और अपने अपने क्षेत्र में वैकल्पिक खेती को बढ़ावा दें।

# रेलवे की बैठक में सांसद प्रतिनिधि विनय महतो धीरज ने उठाया यात्री सुविधा का मुद्दा

आजाद सियपाही संवाददाता

**सिल्ली।** रांची रेल मंडल और चक्रधरपुर मंडल के सांसदों की मंडलीय समिति की संयुक्त बैठक जमशेदपुर हाइवे स्थित होटल में संपन्न हुई। इसमें झारखंड और ओड़िशा के नौ सांसद और उनके प्रतिनिधि शामिल हुए। जमशेदपुर सांसद विद्युतवरण महतो की अध्यक्षता और रेल जीएम एके मिश्रा के नेतृत्व में शुरू बैठक में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची




सांसद संजय सेठ के प्रतिनिधि विनय महतो धीरज ने यात्री सुविधा का मुद्दा उठाया। इस दौरान सिल्ली में रांची-धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव, मुरी जंक्शन से बिसरिया गांव तक के लिए सड़क निर्माण संबंधी अधतन रिपोर्ट, मुरी में नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव, गंगाघाट रेलवे स्टेशन के पास चतरा-बोंगइबेड़ा रोड पर रेलवे ओवरब्रिज निर्माण,नामकोम जोरार बस्ती के पास एक्स आर्मी कालोनी जाने वाली सड़क को यथावत रखने, ट्रेनों के कोच में मोटिवेशनल पंक्ति लिखने समेत यात्रियों के सुविधा संबंधी सुझाव दक्षिण पूर्व जोन के रेल जीएमएके मिश्रा समेत रांची मंडल के डीआरएम के समक्ष रखा।

## ट्रेलर और ट्रक में हुई टक्कर, चालक की मौत



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सिल्ली रांगामाटी सड़क पर डुमटांड़ मोड़ के पास ट्रेलर और एलपी ट्रक की सीधी भिड़ंत हो गयी, जिससे ट्रेलर चालक चतरा निवासी 33 वर्षीय याकुब अंसारी की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना कि सुचना मिलते ही ईचागढ़ पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और ट्रैलर में फंसे मृत चालक को निकाला और पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। घटना रविवार की देर रात की बतायी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार खाली ट्रैलर हजारीबाग से जमशेदपुर जा रही थी तभी जमशेदपुर से सिल्ली की ओर जा रहे अनियंत्रित आयरन लदे ट्रक से डुमटांड़ के समीप आमने-सामने सीधे भिड़ंत हो गयी, जिसमें ट्रैलर चालक की मौत हो गयी। पुलिस दोनों वाहनों को जब्त कर ली है।

## विधायक सविता महतो ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को विधायक सविता महतो ने जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कर प्रखंड क्षेत्र में कंबल वितरण का शुभारंभ किया। समाजिक सुरक्षा कल्याण विभाग झारखंड सरकार कि ओर से ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया जा रहा है। सभी पंचायतों में जरूरतमंद लोगों को चिन्हित कर कंबल का वितरण किया जायेगा, जिसका प्रखंड क्षेत्र में विधायक द्वारा कंबल वितरण कर शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि आज शुभारंभ किया गया और सभी पंचायतों में पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को कंबल दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा हर तबके के कल्याण के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही है। उन्होंने बुड़े, बुजुर्ग और असहाय लोगों को ठंड से बचाव करने का अपील किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी एकता वर्मा, अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव, अभय यादव,सपन कुमार आदित्यदेव, पशुपति बागची, हरेंद्र नाथ महतो आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पिठा खाआ ग्रामथान बावड़ी मेला में झूमर पांता नाच



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली प्रखंड के खेदाडीह केंदुवाडीह, धधकिडीह में पिठा खाआ ग्रामथान बावड़ी मेला धूमधाम से संपन्न हुआ। मेले में पार्वती झूमर पांता नाच का आयोजन किया गया। पांता नाच को देखने के लिए आसपास के ग्रामीणों की काफी भीड़ जमी रही। मेले में मुर्गा लड़ाई का भी आयोजन किया गया। जिसमें जीतने वाले को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। यह मेला प्रति वर्ष जनवरी महीने के 13 तारीख को लगाया जाता है। मेले में मुख्य रूप से कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कार्तिक चंद्र महतो, रांची जिला उपाध्यक्ष बिना चौधरी, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बडाइक, मुखिया प्रतिनिधि लोटा पंचायत रविंद्र नाथ मुंडा, मौजूद थे। मेले को सफल बनाने में मेला समिति का काफी सरहानीय योगदान रहा।

## विधायक ने किया जलमीनार का निरीक्षण अधूरे निर्माण को पूरा करने का दिया निर्देश



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा ने सोमवार को सिलादोन पंचायत के लटरजंग गांव में बनी जनमीनार का निरीक्षण किया। इस संबंध में ग्रामीणों ने विधायक को ज्ञापन सौंपकर कहा था जलमीनार को आधा अधूरा छोड़ दिया गया गया, इसके कारण यह मात्र शोभा की वस्तु बनकर रह गयी है। आज भी गांव के लोग कुओं का दूषित पानी पीने को विवश है। जानकारी मिलते ही विधायक लटरजंग गांव पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत की। वहीं से उन्होंने पेयजल और स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियता से फोन पर बात की और निर्देश दिया कि अधूरे जलमीनार को अविलंब पूरा किया जाये। कार्यपालक ने विधायक से कहा कि बहुत जल्द जलापूर्ति शुरू कर दी जायेगी। मौके पर कुवंर मुंडा, बिरसा मुंडा, चंपा देवी, सलेमनी देवी सहित अन्य उपस्थि थे।

## मकर संक्रांति को लेकर तिलकुट की सोंधी खुशबू से महकने लगा बाजार



**खलारी (आजाद सिपाही)।** मकर संक्रांति को लेकर कोयलांचल सहित आसपास के बाजारों में रौनक बढ़ गयी है। सभी बाजारों में तिलकूट और अन्य सामानों की दुकानें सज गयी है। तिलकुट, लाई, गुड की सोंधी महक वातावरण में घुलने लगी है। बाजारों में तिलकुट, लाई, खरीदने के लिए लोगों की भीड़ भी दिखने लगी है। खलारी समेत अन्य जगहों पर कारीगर चीनी-गुड़ से निर्मित तिलकुट, खोवा तिलकुट, तिल पापड़ी, रेवड़ी आदि बना रहे हैं। क्षेत्र के मुख्य बाजार केडी, डकरा, राय, लपरा, धमधमिया, करकट्टा आदि जगहों पर तिलकुट की बिक्री को लेकर दुकाने सजी है। इसके अलावा क्षेत्र के राशन दुकान, होटलों और जेनरल स्टोर में भी तिलकुट की कई वैरायटी की बिक्री की जा रही है। इन दुकानों में तिलकुट स्थानीय कारीगर और बाहर से मंगवा कर भी बिक्री की जाती है। कई कंपनियों के द्वारा आकर्षक पैकेट में तिलकुट को बेचने के लिए दुकानदारों को उपलब्ध कराए गए है।

**260 से 400 रुपये प्रति किलो बिक रहा तिलकुट:** खलारी के बाजारों में मकर संक्रांति को लेकर चहल-पहल बढ़ गयी है। लोग इस त्यौहार की तैयारी में अभी से ही जुट गए हैं। बाजारों में चूड़ा, गुड़, तिलकूट, तिल आदि की बिक्री तेज हो गयी है। क्षेत्र में इस वर्ष 260 रुपये से लेकर 400 रूपये की दर से तिलकुट की बिक्री हो रही है। तिलकुट विक्रेता राजेश केशरी ने बताया कि 260 से लेकर 400 रुपये केजी तिलकुल बेच रहे हैं। उन्होंने बताया कि तिल लड्डू 320 रुपये, चीनी से निर्मित तिलकुल 260 रुपये, गुड़ तिलकुल 280 रुपये, तिल पापड़ी एवं खोया तिलकुल 400 रुपये और लाय 25 रुपये पैकेट की दर से बिक्री किया जा रहा है। मकर संक्रांति को लेकर खलारी क्षेत्र के सैकड़ो घरों में लाइ तैयार किया जा रहा है। चूड़ा, मकई, तिल, मुढ़ी का लाई बनाया जा रहा है। घर की महिलाएं नया गुड और चीनी का उपयोग कर इसे तैयार कर रही है। इसके अलावा घरों में गुड तिल की पापड़ी भी बनायी जा रही है।

# किसानों को अब जैविक खेती करनी चाहिए : जटाशंकर

## कहा - जैविक खेती से पर्यावरण शुद्ध तो रहता ही है, किसानों की आय में भी वृद्धि होती है

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी मेला टिकरा में स्वर्णरिखा महोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को कृषि प्रदर्शनी किसान मेला सह कृषि परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कृषि निदेशक जटाशंकर चौधरी के अकाला बीडीओ दीपाली भगत, नगडी सीओ राजेश कुमार, कृषि वैज्ञानिक हेमचन्द्र, अरविंद लाल, पर्यावरणविद ब्रज किशोर झा, पी आशीष, शीतल सिंह, महोत्सव के संयोजक जिप सदस्य पूनम देवी, नगड़ी प्रमुख मदुवा कच्छप, उप प्रमुख अफसना प्रवीण, बैंक ऑफ इंडिया के



कृषि प्रदर्शनी किसान मेला का अवलोकन करते विशेषज्ञ और अन्य गणमान्य लोग।

प्रबंधक शलैनर्द्र सुमन और संरक्षक शहीद अहमद आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किसान मेला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पूर्व कृषि निदेशक जटाशंकर चौधरी ने कहा कि नगड़ी किसान बहुल क्षेत्र है। यहां के किसान काफी मेहनत और लगनशील है। किसानों को पुर्वजों के बताये मार्ग पर चल कर अब जैविक खेती करनी चाहिए। जैविक खेती से पर्यावरण शुद्ध तो रहता ही है, किसानों की आय भी बढती है। वहीं, बीडीओ एवं सीओ ने कहा कि स्वर्णरिखा नदी के उद्गम स्थल रानी चुंआ से गौरवाविंत हमारा प्रखंड किसान की उपज फसलों से भी प्रसिद्ध है। यहां के किसानों की फसल देश के हर प्रदेश में पहुंच रही हैं। हम जल्द ही जिला के वरीय प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर यहां बड़े कोल स्टोर बनाने की मांग रखेंगे। वहीं, नगड़ी प्रखंड प्रमुख मदुवा कच्छप ने कहा कि किसान खुश रहेगा तभी हमारा देश खुश रहेगा। प्रदेश सरकार एव संबंधित कृषि मंत्री को किसानों के हित में कोल स्टोर का निर्माण करना चाहिए। वहीं, कृषि वैज्ञानिक हेमचन्द्र अरविंद लाल ने कहा कि किसानों को खेती में रासयनिक दवा का उपयोग कम करना चाहिए। अब समय की मांग है कि किसान जैविक खेती करे। साथ ही किसानों को धान के आलवे अन्य खेती को प्राथमिकता देनी चाहिए। मौके पर किसान मेला में नगड़ी, रातू, इटकी और कर्रा प्रखंड के सैकड़ों किसानों ने उपने उतकृष्ठ फसलों को लेकर प्रदर्शनी में भाग लिया। जहां उपस्थित वैज्ञानिकों ने तीन उतकृष्ठ फसलों का चयन किया। इनमें प्रथम स्थान साहेर पंचायत के समेरटोली के प्रगतिशील किसान कार्तिक महतो, दूसरा स्थान मनोकामना नगर नारो के लगनू महतो और तृतीया स्थान गुडू बाजपूर के युवा किसान मनोरंजन महतो को मिला। तीनों किसानों एवं शिविर में भाग लेने वाले किसानों को पुरस्कृत किया गया। साहू नर्सरी के संचालक सुरेश साहू ने सभी किसानों को आम, लीची और ओषधी पौधा देकर सम्मानित किया। दूसरी ओर, रोटी बैंक के संचालक विजय पाठक, गंगा यात्री पीयूष पाठक ने नगड़ी क्षेत्र के 10 किसानों को प्रशस्ति पत्र और कंबल देकर सम्मानित किया। महोत्सव की अध्यक्षता तपेश्वर केसरी, मंच संचालन महामंत्री हेमंत केसरी ने किया। इस मौके पर नगड़ी प्रखंड के खाद बीज विक्रेता संघ के दर्जनों सदस्य सहित किसान व अन्य उपस्थित थे

## सिल्ली विधायक ने जनता दरबार लगा कर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**अनगडा (आजाद सिपाही)।** सिल्ली विधायक अमित महतो ने सोमवार को प्रखंड के गुड़ीडीह पंचायत में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष कई ज्वलंत समस्याओं को रखा और शीघ्र निराकरण की मांग की। इसमें पक्की सड़क, पीसीसी पथ, पुल- पुलिया निर्माण, अबुआ आवास, मंईयां सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, प्लॉट इंट्री, दाखिल-खारिज, अतिक्रमित गैरमजरूवा-जंगल झाड़ी जमीनों को भू माफियाओं के कब्जे से मुक्त कराना आदि शामिल है। इस पर विधायक ने बीडीओ जयपाल सोय, सीओ राजू कमल आदि को उक्त समस्याओं के शीघ्र निष्पादन को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। इस मौके पर रिझुवा मूण्डा, हरदयाल मुण्डा, दिनेश प्रजापति, मधु लोहरा, माया बेदिया, नन्केश्वर मुण्डा, गुड़ीडीह मुखिया विजय उरांव, जोन्हा मुखिया कृष्णा मुण्डा, कोयनारडीह ग्राम प्रधान धर्मनाथ बेदिया, बरवादाग के पूर्व मुखिया सीताराम पातर, अर्जून भोगता, बाबु उरॉव, गणपति भोगता, सुधिर भोगता, कुन्दन लोहरा, सुरज उरॉव, बिरसी देवी, बन्धन भोगता, विनय टोप्पो, रामकिशोर बेदिया, नगेन महतो, गोपाल लोहरा, मुन्ना कच्छप, सामवेल कच्छप, विमल कच्छप, जगरनाथ उरांव आदि मौजूद थे।

## मारुति मंगल धाम में लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव ने करायी डीप बोरिंग



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड के लतरातु पंचायत क्षेत्र में सामाजिक एवं आध्यात्मिक संस्था मारुति मंगल परिवार की ओर से निर्माणाधीन मारुति मंगल धाम परिसर में राज परिवार से संबंध रखने वाले इटकी क्षेत्र के जमींदार के वंशज लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव के सौजन्य से डीप बोरिंग कराकर जल की व्यवस्था मुहैया कराई गई। लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव ने परिसर में विधिवत पूजा पाठ कर डीप बोरिंग कार्य प्रारंभ कराया। उन्होंने बताया कि मारुति मंगल धाम परिसर में आकर तन मन में सकारात्मक ऊर्जा प्रवाहित होती है। यहां पर धार्मिक, पौराणिक, सामाजिक और पर्यटन का अनूठा मिश्रण है। जो शायद ही कहीं मिलता है। कहा कि हमारे इष्ट देव जगन्नाथ स्वामी के आदेश पर ही मैं यहां उपस्थित होकर जल की व्यवस्था कर रहा हूं। मारुति मंगल धाम परिसर में डीप बोरिंग होने के अवसर पर परिवार के केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो, संगठन प्रमुख उमेश कुमार, लोहरदगा जिला सदस्य राजेश कुजूर, बसंत टोपवार, सिमडेगा जिला सदस्य जीत पहान प्रजापति, गुमला जिला सदस्य अजय जोगी, रामगढ़ जिला सदस्य बिरसा बेदिया, अमरनाथ भोक्ता, खूंटी जिला सदस्य बाल किशोर मुंडा, आशीष प्रमाणिक, एतवा उरांव, अनुपम कुमार, हरि महतो व अनिल तिवारी आदि मौजूद थे।

## पुलिस ने 6 एकड़ में फैली अफीम की फसल को नष्ट किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के अंबाझरिया पंचायत क्षेत्र में जंगल किनारे किये जा रहे अवैध अफीम के खेती को नष्ट कर दिया। पुलिस को गुप्त सुचना मिली थी कि अंबाझरिया क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अफीम की अवैध फसल लहलहा रही है। सूचना मिलते ही सिल्ली डीएसपी अनुज उरांव, अनगड़ा थानेदार हीरालाल साह व एएसआई उत्तम कुमार पासवान के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर छापामारी की गयी। इस दौरान पुलिस ने जंगल किनारे करीब 6 एकड़ भूमि पर फैली अवैध अफीम के खेती को ट्रैक्टर से नष्ट कराया। मामले में अनगड़ा थाना काण्ड सं 09/25 अंकित कर खेती करनेवाले लोगों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।



## अपहरण के आरोप में फरार आरोपित गिरफ्तार

**इटकी (आजाद सिपाही)।** अपाहरण के मामले में लंबे समय से फरार अमित गोप नामक आरोपित को गिरफ्तार कर पुलिस ने सोमवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि साल 2024 के सात अगस्त को अमित गोप एक युवती को लेकर फरार हो गया था। इस मामले में युवती के परिजनों ने अमित के खिलाफ अपाहरण का मामला दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस ने जाल बिछाया और उसे बोड़ेया गांव में छापामारी कर घर से दबोच लिया। छापामारी में एएसआई विवेक दुबे सहित शस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## सीआइटी में शोकसभा, कक्षाएं स्थगित



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** रांची कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में सोमवार को शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें इसीई ब्रांच के फिफ्थ सेमेस्टर के छात्र आकाश कुमार (25) के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। इसके बाद संस्थान ने कक्षाएं स्थगित कर दी। आकाश का निधन इलाज के दौरान यूपी के वाराणसी में हुआ। वह नवंबर महीने में रांची के रिंग रोड पर एक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। आकाश बिहार के सासाराम जिले का रहने वाला था। शोकसभा में प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन ने आकाश को याद करते हुए कहा कि वह एक होनहार छात्र था। उनके निधन से संस्थान और उनके परिवार को जो क्षति हुई है, उसकी भरपाई नहीं की जा सकती। संस्थान ने इस दुखद घड़ी में आकाश के परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की है।

## रामपुर में टुसू मेला सह फुटबॉल प्रतियोगिता 16 से

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** रामपुर पंचायत अंतर्गत जरेया स्कूल मैदान में 16 जनवरी को भव्य टुसू मेला, एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता और नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में खिजरी विधायक राजेश कच्छप के अलावा कांके विधायक सुरेश बैठा और खूंटी विधायक रामसुर्य मुंडा उपस्थित होंगें। रामपुर के पूर्व



मुखिया महादेव मुंडा ने इसकी जानकारी दी। बताया कि टुसू मेले के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। चौड़ल नृत्य पार्टी के लिए प्रथम पुरस्कार हजार, द्वितीय पुरस्कार 5 हजार, तृतीय पुरस्कार 4 हजार, सभी चौड़ल नृत्य टीम को सांत्वना पुरस्कार 2 हजार, सबसे दूर से आने वाली चौड़ल नृत्य पार्टी को 2 हजार, सबसे पहले आने वाली पार्टी को एक हजार नगद। वहीं, फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 1.5 लाख, द्वितीय पुरस्कार एक लाख, तृतीय और चतुर्थ पुरस्कार क्रमशः 50-50 हजार रुपये नगद देकर सम्मानित किया जाएगा। रात के समय नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नागपुरी गायक पवन राय, इगनेश कुमार, क्यूम आबास, गायिका चिंता देवी और ज्योति साहू के साथ डांसर मुस्कान, रानी और पिंटू अपनी शानदार प्रस्तुतियां देंगे।

## आचार्यकुलम में आशीर्वाद समारोह आयोजित



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** आचार्य कुलम में सोमवार को कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्रों को उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद देना था। समारोह का शुभारंभ गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र और गुरु शिष्य मंत्र के उच्चारण के साथ ही पवित्र यज्ञ द्वारा किया गया। जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। परम पूज्य स्वामी दिव्य देव जी, विद्यालय की प्राचार्या सुजाता कौरा व साध्वी देवेष्टि जी ने छात्रों को जीवन में नैतिक मूल्यों, परिश्रम और अनुशासन को अपनाने का संदेश देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए अपने आशीर्वचन प्रदान किये। विद्यार्थियों को शुभकामना पत्र देकर शांति पाठ द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया।

## सड़क सुरक्षा की जिम्मेवारी परियोजना के साथ आम लोगों की भी होनी चाहिए : एनएल यवतकर

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग हाईवे टोल प्लाजा में सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में एनएचएआइ के क्षेत्रीय परियोजना पदाधिकारी एनएल यवतकर, एनएचएआइ रांची के निदेशक एकता कुमारी, हजारीबाग निदेशक मनोज कुमार पांडेय, टोल प्लाजा निदेशक चेतन माल बारी ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर टोल प्लाजा में एक माह के लिए मुफ्त आंख जांच शिविर का भी आयोजन किया गया है। साथ ही बढ़ती सड़क दुर्घटना पर चिंता जताते हुए एनएचएआइ




के क्षेत्रीय परियोजना निदेशक ने कहा कि सड़क सुरक्षा की जिम्मेवारी परियोजना के साथ ही आम लोगों की भी होनी चाहिए। निदेशक एकता कुमारी ने कहा कि एजुकेशन, तकनीकी और उसके पालन पर पहल कर सड़क में होने वाली दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है। इस दौरान जमाल जी और टोल निदेशक चेतन माल बारी ने भी अपने-अपने विचार रखे। वहीं, अतिथियों को सम्मान स्वरूप पौधा भेंट किया गया। सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम में बिना हेलमेट के चलने वाले दो पहिया चालकों को हैलमेट भी दिया गया। बारीडीह आनंदी के नुक्कड़ नाटक टीम की ओर से सड़क दुर्घटना से बचाव का मंचन किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रंजीत ठाकुर, सौरभ द्विवेदी, राजेश वर्मा, प्रीतम आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## उप प्रमुख ने जरूरतमंदों में कंबल बांटा

**मांडर (आजाद सिपाही)।** उप प्रमुख अमानत अंसारी ने सोमवार को मुड़मा पंचायत के ग्राम करकरा में बढ़ते ठंड के प्रकोप से बचने के लिए गरीबों, असहायों, वृद्धों व जरूरतमंदो के बिच कंबल का वितरण किया। उन्होंने ने कहा कि गरीब और जरूरतमंदों की मदद करना ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने जरूरतमंदों को आश्वस्त किया कि आगे भी इसी तरह की मदद करते रहेंगे।

## बेड़ो में यूथ हब का किया गया उद्घाटन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के समीप ट्रांसफामिंग रूरल इंडिया फाउंडेशन की ओर से संचालित यूथ हब का उद्घाटन बीडीओ राहुल उरांव ने किया। जिसका मुख्य उदेश्य ग्रामीण युवाओं को बेहतर जीवन जीने का उपाय बताने के लिए मदद करना है। यूथ हब में युवाओं को मिलने वाली सुविधाओं में युवाओं को रोजगार से जोड़ना, उद्यम इस्थापित करना, कौशल ट्रेनिंग कंप्यूटर, प्रीतियोगिता किताबे, समाचार पत्र और इंटरनेट आदि की सुबिधा होगी। बीडीओ ने कहा कि यह ट्रांसफामिंग रूरल इंडिया फाउंडेशन का बहुत ही अच्छी पहल है जिसमें ग्रामीण युवाओं को सभी तरह की जानकारीस लाभ के साथ युवाओं के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। वहीं, विधायक प्रतिनिधि करमा उरांव ने कहा कि सभी युवा साथी जिन्हें ये सुविधा मुफ्त में मुहैया करायी जा रही है। इसका उपयोग बेहतर जीवन के लिए करें। कार्यक्रम का संचालन सचिन सिंह और नेहा रोबा तिर्की ने किया। इस मौके पर प्रमुख बिनीता कच्छप, धनजय कुमार राय, डीएवी स्कूल के संचालक कैलाश कुमार, ट्रांसफामिंग रूरल इंडिया से स्टेट लीड रूपक घोष, अभेषेक सिंह, बापी गोरई, अरित्र पात्रा, अख्तर मिरदाहा आदि थे।

## इटकी में उद्यान योजनाओं पर कार्यशाला आयोजित



**इटकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सिंगल विंडो भवन में सोमवार को उद्यान विभाग के योजनाओं पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिला उद्यान तकनिकी विशेषज्ञ मणिबाला खलखों ने कृषकों को बताया कि सरकार उद्यान योजना को बढ़ावा देने के लिए दर्जणों योजनायें चला रखी है। किसान फुलों की खेती, मधुमखी पालन, हाईटेक नर्सरी, हाईब्रीड सब्जी उत्पादन, ड्रेगन फ्रूट की खेती, पपीता, काजू, मसरूम, बागवानी जैसे अन्य योजनाओं से जुड़कर कम पुंजी में अधिक मुनाफा कमा सकते है। लेकिन किसान में उद्यान योजना के प्रति जानकारी नहीं होने और तकनीकि के अभाव में इसका लाभ उठाने से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने किसानों को फुलों की खेती से लाभ और तकनीकि को विस्तार पूर्वक बताया और किसानों को सजग रहकर योजना का भरपूर लाभ उठाने पर जोर दिया। कार्यशाला में कृषि पदाधिकारी हेमंत एक्का, पूर्व उप प्रमुख उरूज अंसारी, मनोज महतो, कृषि मित्र, जनसेवक आदि उपस्थित थे।

## ठाकुरगांव में फरार वारंटी गिरफ्तार

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पतराटोली निवासी अख्तर अंसारी को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी विनित कुमार ने कहा कि अख्तर अंसारी के विरुद्ध न्यायालय से वारंट निर्गत था। जानकारी के अनुसार पतराटोली निवासी अब्दुल हफीज पर कुछ दिनों पूर्व अख्तर अंसारी व एक अन्य आरोपी ने जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घटना के बाद से आरोपी था।

### एसडीओ ने किया रातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण

## प्रधानमंत्री व अबुआ आवास निर्माण की धीमी प्रगति पर जतायी नाराजी, तेजी लाने का निर्देश

**रातू (आजाद सिपाही)।** सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने सोमवार को रातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। वे यहां करीब ढाई घंटा तक रहे और प्रखंड व अंचल कार्यालय के साथ ही जेएसएलपीएस कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ व सीओ से विकास योजनाओं, दाखिल खारिज की जानकारी और परिसर का निरीक्षण कर बंद कमरे का उपयोग करने, परिसर में थाना की ओर से जब्त कर रखे वाहनों का हाल देखकर उसे दूसरी जगह रखने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। साथ ही जेएसएल पीएस कार्यालय



का निरीक्षण कर महिलाओं को स्कील डेवलपमेंट करने को कहा, ताकि महिलाओ को आय अर्जित हो सके। उन्होंने ट्रांसपोर्टर व मोटिया मजदूर के साथ बैठक कर मजदूरी तय करने का आश्वासन दिया। वहीं, दाखिल खारिज के मामले 90 दिनों से अधिक दिन लंबित रहने, सीमांकन व परिशोधन कार्य में देरी पर निराशा व्यक्त किया। लगे हाथ यथा शीघ्र निष्पादित करने एवं आय, आवासीय, जाति प्रमाण पत्र का सत्यापन प्रतिवेदन तत्काल करने का निर्देश दिया। ताकि प्रमाण पत्र बनने में देरी ना हो। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास निर्माण की धीमी प्रगति पर नाराजी व्यक्त कर लाभूको से यथाशीघ्र पूरा कराने को कहा। वहीं पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन स्थल की पहचान कर उसे विकसित करने को कहा। थाना दिवस का आयोजन नहीं होने पर आश्चर्य व्यक्त करते हुये इसे चालू रखने का निर्देश दिया।

## स्वाभिमान यात्रा को लेकर मारुति मंगल परिवार की बैठक

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** मारुति मंगल परिवार की ओर से आयोजित होनेवाले सनातन स्वाभिमान यात्रा की तैयारियों को लेकर मारुति मंगल भवन में रविवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता परिवार के केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो ने की। जिसमें क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों, जिला सदस्यों आदि ने एक स्वर में सनातन स्वाभिमान यात्रा को सफल बनाने में अपनी सहभागिता एवं सहयोग का संकल्प लेते हुए तैयारियों को पूर्ण करने मे जुट जाने का आह्वान किया। बैठक में संगठन प्रमुख सुमेश कुमार, दीपक उरांव, दिनेश महली, लालचंद मुंडा, पूसा तिर्की, अजय उरांव, राजकुमार महली, पीतांबर महतो, निरंजन गोप, भोला कोइरी, प्रभु लोहार, सुरेंद्र मुंडा, हुसैन अंसारी, वीगा उरांव, रमेश माली, प्रताप सिंह, पवन कुमार, अमित, दीपक, धीरज, कलिंदर, विकाश, नीतीश, हरिशंकर, दशरथ, राजिंदर, रिकेश, संजय, पवन, संदीप और मदन आदि मौजूद थे।

## 250 जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** समाजसेवी स्वामी देवेंद्र प्रकाश ने सोमवार को क्षेत्र के कई गांवों में गरीबों व जरूरतमंदों के बीच 250 कंबल का वितरण किया। इस क्रम में उन्होंने जिदु, मारवा, करकट्टा,मन्हा आदि गांवों में कंबल बांटा। कहा कि ठंड में बुजुर्गों को कंबल मिलने से उन्हें काफी सुविधा होती है। कहा कि क्षेत्र के अन्य गांवों में भी जल्द ही बुजुर्गों के बीच कंबल वितरण किया जायेगा। मौके पर उदय पासवान, परिबा साहू, जनार्दन साहू, अमृत महतो, कृष्णा लोहरा व संदीप साहू आदि थे।

## प्रशिक्षण में फलों एवं सब्जियों का उत्पादन बढ़ाने का मिला टिप्स

मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)। पलामू आत्मा के सौजन्य से टीलहा एवं अदोरिया ग्राम में सब्जी और फलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए वैज्ञानिक विधि एवं आधुनिक तकनीकी के इस्तेमाल के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें कृषि स्नातक आकाश कुमार एवं शशिकांत कुमार सिंह ने बारी-बारी से उपस्थित किसानों को उद्यानिक एवं आधुनिक तकनीकी को अपनाने पर बलदिया। अकाश ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे किसानों को जलवायु और मिट्टी के हिसाब से फसल चयन करने को लेकर प्रेरित किया। वहीं शशिकांत कुमार ने सब्जियों की खेती में एकीकृत पोषक तत्व एवं कीट प्रबंधन और पौधशाला प्रबंधन करने की सलाह दी। इस कार्यक्रम में समन्वयक सहायक तकनीकी प्रबंधक गौतम कुमार, किसान मित्र उमेश मोची एवं 35-40 किसान उपस्थित थे।

## राधा कृष्ण के प्राचीन मंदिर में सात दिवसीय मेले का उद्घाटन

छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। छतरपुर प्रखंड अंतर्गत देवगन के राधा कृष्ण प्राचीन मंदिर में मकरसंक्रांति पर सात दिवसीय मेले का उद्घाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संजू जायसवाल एवं छतरपुर के पूर्व उप प्रमुख सह जिला परिषद प्रतिनिधि रंजीत जायसवाल (फंटूश) ने किया। संजू जायसवाल ने मेला सफल होने की कामना की। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी साकेत बिहारी दास उर्फ फलहारी बाबा ने विधिवत पूजा अर्चना कर झंडा की स्थापना की। मंदिर प्रांगण में हर साल भव्य मेले का आयोजन होता है। मंदिर के पास एक बड़ा डैम है, जो पहाड़ियों के बीच स्थित होने के कारण अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है। मेले में झूला, बोट, ब्रेकडांस और कई दुकानें लगी हुई हैं, जिससे बड़ी संख्या में लोग आकर्षित हो रहे हैं।

**बड़ी कामयाबी : पलामू पुलिस ने तोड़ी बदमाशों की कमर**

# सुजीत सिन्हा गिरोह के छह गिरफ्तार, हथियार बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में सक्रिय बदमाशों पर पुलिस ने नकेल कस दिया है। जिस कारण पुलिस को बड़ी कामयाबी भी हाथ लगी है। रविवार की रात गुप्त सूचना मिली कि सुजीत सिन्हा गिरोह के कुछ सदस्य बैरिया स्थित हाउसिंग कॉलोनी में केके मेमोरियल स्कूल के बगल के एक खाली मकान में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बने रहे हैं। पलामू एसपी ने बताया कि शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन कर तुरंत कार्रवाई करते हुए उक्त स्थान की घेराबंदी कर दी गयी। जांच के दौरान वहां से बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से अवैध हथियार व अन्य आपत्तिजनक सामग्री भी जब्त की गयी है। प्रारंभिक पूछताछ में पकड़े गये गिरोह के सदस्यों ने



पकड़े गये बदमाशों की जानकारी देते पुलिस के आला अधिकारी।

स्वीकार किया कि वे सभी सुजीत सिन्हा गिरोह के हैं और व्यवसायियों से रंगदारी मांगने की योजना बना रहे थे। पलामू एसपी की मानें तो बदमाशों के पास से 7.65 एमएम की लोडेड दो पिस्टल, एक खाली मैगजीन, 7.65 एमएम के चार व 9 एमएम के सात जिंदा कारतूस, 11 मोबाइल फोन और नकद 10,130 रुपया के साथ ही बैग व कपड़े भी जब्त किये गये हैं। वहीं, पकड़े गये बदमाशों की पहचान प्रिंस कुमार (25), अमित कुमार शर्मा उर्फ सोनू (26), सौरभ सिंह (24), अमित उर्फ ऋतिक चौधरी (25), समीर अंसारी उर्फ नसरू (33) और धर्मेंद्र कुमार पांडेय उर्फ बबलू (37) के रूप में हुई है। इनमें से प्रिंस बिहार के औरंगाबाद जिले के एनटीपीसी खैरा थाना अंतर्गत एगहारा गांव का रहने वाला है। जबकि अमित गया जिले के कोतवाली थानांतर्गत तुतवाड़ी मोहल्ला व सौरभ मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कृष्णा नगर कॉलोनी का रहने वाला है। वहीं, ऋतिक झारखंड के गढ़वा जिले के भवनाथपुर थाना क्षेत्र के मेरौनी गांव व धर्मेंद्र मझिआंव थाना क्षेत्र के आमर गांव, जबकि समीर पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र स्थित महुदडवा गांव का रहने वाला है। वहीं, छापामारी दल में पुनि देवव्रत पोद्दार, थाना प्रभारी, शहर थाना। पुअनि तंजिलुल मन्नान मनौवर, पुअनि ऋषिकेश कुमार दुबे, पुअनि संगीता कुमारी झा, सअनि राकेश कुमार, सअनि भूपेंद्र सिंह, आरक्षी मधु कुमार, शाहिन परवेज, सत्येंद्र कुमार यादव, राकेश कुमार सिंह, नंदलाल पटेल, पंचम तिवारी आदि शामिल थे। गिरफ्तार आरोपितों के विरुद्ध कांड संख्या-33/2025 के तहत आर्म्स एक्ट एवं अन्य धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# हर्षित तिर्की मिस्टर मेदिनीनगर और अनीशा तिवारी ने जीता मिस मेदिनीनगर का ताज

**शहर में आयोजित महिला हुनर हाट 2025 का सफल समापन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर में पहली बार महिलाओं के हुनर को निखारने के लिए नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर के नेतृत्व में पलामू चेंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज की महिला इकाई के तत्वाधान में आयोजित 'महिला हुनर हाट 2025' का सफल समापन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्णा किशोर, पलामू सांसद वीडी राम एवं मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने किया। सभी अतिथियों ने महिलाओं द्वारा लगाए गए एक से बढ़कर एक व्यंजन एवं गृह निर्मित मिठाई, पापड़, अचार की 75 स्टॉल घूमते हुए कई सामग्री भी खरीदी। साथी ही बच्चों एवं लड़कियों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में शहर के सबसे शानदार एवं अत्याधुनिक जिम बीडी फिटनेस की ओर से 10 पुरुष प्रतिभागी और पांच महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत बीडी फिटनेस के मालिक भास्कर दुबे ने अपनी बॉडी फिटनेस का प्रदर्शन



करके किया। एक से 5 वर्ष तक के बेबी रैंप शो में बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रदर्शन किया। जबकि डॉग शो के प्रति लोगों में काफी उत्साह दिखा। अलग-अलग ब्रीड के पांच कुत्ते प्रदर्शित किए गए और इनाम दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मिस्टर मेदिनीनगर एवं मिस मेदिनीनगर के प्रति दर्शकों एवं खासकर युवाओं में सबसे ज्यादा उत्साह देखा गया। इस प्रतियोगिता में लड़कों में 10 एवं लड़कियों में 18 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मिस्टर मेदनीनगर 2025 का खिताब हर्षित तिर्की ने जीता। वहीं, ऋषभ अग्रवाल द्वितीय एवं प्रिंस अग्रवाल तीसरा स्थान पर रहे। वहीं मिस मेदिनीनगर का खिताब अनीशा तिवारी ने जीता। जबकि राजनंदनी दूसरे एवं शिखा सिंह तीसरा स्थान प्राप्त रहीं। कार्यक्रम में राजस्थान से आए कलाकारों द्वारा कालबेलिया डांस का सभी ने लुफ्त उठाते हुए काफी तारीफ की। चेंबर की महिला इकाई की अध्यक्ष अपनी पूरी टीम के साथ काफी सक्रिय दिखी और करीब 10 हजार की भीड़ का सफल संचालन कर अपनी क्षमता का लोहा मनवाया।

# हुसैनाबाद में 45 लाख के शराब गबन के आरोप में सेल्समैन सहित पांच गिरफ्तार

**पहले से होता रहा गबन, नाटकीय ढंग से चोरी होने का किया गया ढोंग, पुलिस की दबिश से खुली पोल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** हुसैनाबाद पुलिस ने बुधुआ गांव स्थित शराब की दुकान से हुई चोरी के मामले का खुलासा किया है । 45 लाख रुपये के शराब चोरी का झूठा नाटक करते हुए एक योजना के तहत घटना को अंजाम दिया गया था। इस कांड में संलिप्त सेल्समैन रणधीर कुमार, विकाश कुमार सिंह, अभय कुमार सिंह, पंकज सिंह और विपिन सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसपी रीष्मा रमेशन ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन कर मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पांचों आरोपियों ने एक्ससाइज डिपार्टमेंट को पैसे का हिसाब देने से बचने के लिए चोरी होने का नाटक रचा था। जांच के दौरान पता चला कि सभी आरोपी शराब की बिक्री के पैसे को रोजाना आपस में बांट लिया करते थे। इसके लिए योजना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देश पर थाना प्रभारी सोनू कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई की गयी। आरोपियों के पास से पुलिस ने एक लॉकर, तीन ताला, एक देशी कट्टा, एक कारतूस, एक पलास, तीन बाइक और 62 हजार 600 रुपये नकद बरामद किया है।



# नरेश पासवान बने मुखिया संघ के अध्यक्ष और अमरेंद्र ठाकुर सचिव

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय स्थित मुखिया कक्ष में सोमवार को मुखियाओं की बैठक हुई। जिसमें मुखिया संघ अध्यक्ष के लिए विचार विमर्श किया गया। अध्यक्ष पद के लिए पथरा पंचायत के मुखिया नरेश पासवान व बेनिकला के मुखिया श्रवण राम ने दावेदारी पेश की। इसे लेकर गुप्त मतदान कराने का निर्णय लिया गया। इसके लिए मुखिया विनोद कुमार सिंह को पर्यवेक्षक बनाया गया। गुप्त मतदान में 18 मुखिया शामिल हुए। जिसमें नरेश पासवान को 11 व श्रवण राम को 7 मत मिले। इस तरह नरेश पासवान मुखिया संघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इसके बाद सर्वसम्मति से संगठन का गठन किया गया। जिसमें मुखिया आत्मेश कुमार सिंह को उपाध्यक्ष, अमरेंद्र ठाकुर को सचिव, विनोद कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष, मीना कुमारी को मीडिया प्रभारी बनाया गया। वीं, उपस्थित लोगों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को माला पहनाकर बधाई दी। मौके पर मुखिया ओम प्रकाश राजवंशी, प्रेमा देवी, अनंति देवी, सुदामा यादव, संजू देवी, अशोक चौधरी, सुषमा देवी और रीना देवी आदि मौजूद थे।



## मां महा मैत्रायणी योगिनी का मनाया गया महानिर्वाण दिवस




**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** श्री सर्वेश्वरी समूह के गुरी प्रार्थना गृह में सोमवार को मां महा मैत्रायनी योगनी जी का महानिर्वाण दिवस पूरे विधि विधान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशेष पूजा के बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। इसके अलावा एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता रश्मि राय व संचालन संजीत मिश्रा ने किया। गोष्ठी के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रंजित सिंह ने सर्वेश्वरी समूह के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बताया कि जीवन के आदर्शों से अवगत कराने के लिये, भूले-भटके लोगों को सिखाने व आदर्श जीवन की प्रेरणा देने के लिये ही सर्वेश्वरी समूह की स्थापना की गयी है। बच्चों के बीच में अच्छे संस्कार देना व नशा मुक्ति अभियान पर भी जोर दिया। समूह द्वारा चलाये जा रहे 19 सूत्रीय कार्यक्रम पर भी उन्होंने विस्तृत प्रकाश डाला। इसके बाद समूह की ओर से तोलरा दुसाध टोला स्थित स्कूल परिसर में गर्म वस्त्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। जहां परमपूज्य गुरुदेव गुरुपद संभव बाबा जी, परम पूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु जी व अघोराचार्य बाबा किना राम जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया गया। यहां भी विशेष पूजा आरती हुई। इसके बाद वस्त्र वितरण समारोह का विधिवत उद्घाटन रश्मि राय, रंजित सिंह व मुखिया रोहित तिवारी ने संयुक्त रूप से किया।

# नगर प्रबंधक और संवेदक के बीच मारपीट मामले में एसपी को ज्ञापन देकर निष्पक्ष जांच की मांग

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत के संवेदक रोहन कुमार सिंह ने पलामू एसपी को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है। विदित हो कि गत दिनों नगर प्रबंधक राकेश कुमार सिंह व संवेदक के बीच एक निविदा को लेकर मारपीट हो गयी थी। इस संबंध में दोनों पक्ष के लोगों ने हुसैनाबाद थाना को आवेदन देकर एक-दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाया है। हुसैनाबाद थाना प्रभारी ने दोनों पक्ष के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पलामू एसपी को दिए पत्र में संवेदक ने कहा कि नगर प्रबंधक द्वारा निविदा वापस करने के लिए बार-बार दबाव और धमकी दी जा रही थी। गत 10 जनवरी की दोपहर दो बजे नपं कर्मी अमरेंद्र ठाकुर के मोबाइल नम्बर 8674961422 से कॉल कर मुझे सीटी मैनेजर ने खुद ऑफिस में बुलाया और कार्यपालक पदाधिकारी तरनिस हंस ने कार्यालय कक्ष में बुलाकर कहा कि निविदा संख्या 12 में कुल 14 काम निकाला गया हैं। जिसमें सभी कार्यो का प्रत्येक संवेदक को आवंटन कर दिया गया। एक मात्र इस काम में आप अपना पेपर लिखित रूप से वापस ले लीजिए। तब उसने कहा कि पेपर क्लियर करना तो आपका सक्षम अधिकार हैं तो मुझे जबरन क्यों बुलाया गया हैं। इस पर प्रशासकीय पदाधिकारी ने कहा कि इस संबंध में आप मेरे सिटी मैनेजर से बात कर लीजिए। जिसके बाद सिटी मिशन मैनेजर राकेश सिंह ने अपने कार्यालय में बुलाकर जबरन पेपर वापस लेने का दबाव बनाया और गली गलौज करने लगे। बताया कि नगर प्रबंधक द्वारा थाना को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि हथियार के साथ उनके कार्यालय में घुसकर मारपीट की और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जो सरासर बेबुनियाद है। क्योकि नगर प्रबंधक के साथ हुए विवाद का सीसीटीवी फुटेज नपं कार्यालय में लगे सीसीटीवी में उपलब्ध है। जो जांच का विषय है।


**GOVT. OF JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA**
**(2nd Call)**

**Very Short-Inviting E-Quotation No. 09/2024-25**

**Letter No. 19** **Dated-13.01.2025**

Rate though e-quotations are invited for "Material" category annexed as (i) 10 H.P. AC Solar Pump Solar Panel, Steel Structure supplying, installation & commissioning for Lift Irrigation Scheme from Manufacture/Supplier having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for Inclusion Estimates Under Minor Irrigation Circle, Hazaribagh, Government of Jharkhand to be used in different Pump Plants replacement operation maintenance work shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in

Details of work experience and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate including taxes for the Materials online from 16.01.2025 2:00 P.M to 22.01.2025 at 5:00 P.M. The technical envelope will be opened on 24.01.2025 at 12:00 P.M.

The quotation is invited to ascertain and assess the rate of Materials at per the lowest market rate for framing of Estimates under Minor Irrigation Circle, Hazaribagh.

Address for Communication: -
Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma
Mobile No. :- +91 99391 93214,Email - eemidkod-cemr-jhr@nic.in

**Executive Engineer**
**Minor Irrigation Division,**
**Koderma**

**PR 344184 Minor Irrigation(24-25)#D**


# टीम वर्क से ही होगा पलामू का समग्र विकास : वित्त मंत्री

**पलामू सांसद ने रामगढ़ के एसबीआइ ब्रांच में कैश ट्रांसफर से जुड़े मामले को रेखांकित किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राज्य के वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य विभाग के मंत्री राधाकृष्ण किशोर की अध्यक्षता व पलामू सांसद विष्णु दयाल राम एवं डीसी शशि रंजन की मौजदूगी में सोमवार को सितंबर तिमाही 2024 की जिला स्तरीय समीक्षा सह परामर्शदात्री समिति की बैठक हुई। जिसमें वित्त मंत्री ने सितंबर तक की वार्षिक साख योजना की उपलब्धि, साख जमा अनुपात की उपलब्धि, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना झारखंड राज्य कृषि ऋण माफी योजना आदि



दिशा की बैठक में राज्य के वित्त मंत्री, पलामू सांसद, डीसी व अन्य गणमान्य।

योजनाओं पर बिंदुवार समीक्षा की। बैठक में वित्तमंत्री ने किसान क्रेडिट कार्ड की समीक्षा करते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त लक्ष्य 98359 के विरुद्ध सितंबर तिमाही तक 16928 किसानों को लाभ दिया गया है। इस आंकड़े में तेजी लाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि योग्य किसानों को केसीसी का लाभ हर हाल में देना सुनिश्चित करें। वहीं, सांसद ने भी दिशा की बैठकों में केसीसी से जुड़े शिकायतें प्राप्त होने को रेखांकित किया एवं संबंधितों को इस पर गंभीरता बरतते हुए किसान क्रेडिट कार्ड के आवेदनों का निष्पादन करने की बात कही। इसी तरह सीडी रेशीयो की समीक्षा के दौरान वित्तमंत्री ने कुछ बैंकों द्वारा डिपॉजिट से अधिक एडवांस देने के विषय को रेखांकित करते हुए संबंधितों से रिपोर्ट देने की बात कही। उन्होंने कहा कि कुछ एजेंट्स द्वारा गलत तरीके से लोन की रिकवरी की जाती है। लोन रिकवरी आरबीआई के गाइड लाइन्स के अनुरूप हो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। वहीं मुद्रा लोन के संबंध में लीड बैंक के मैनेजर को प्रखंड स्तर पर इस विषय से संबंधित आम जनों को जागरूक करने की बात कही।

### आर्थिकी में महिलाओं की हो सहभागिता

सभी सेक्टरों की समीक्षा के बाद वित्त मंत्री ने लाभार्थियों की सूची में महिलाओं के प्रतिशत की जानकारी ली। सभी कॉन्सर्ड लोगों को अगली बैठक में उनके विभाग से लाभावित हो रही महिलाओं की जानकारी का प्रतिवेदन के साथ ही शामिल होने की बात कही। कहा कि देश में नारी सशक्तिकरण की बात होती है। ऐसे में महिलाओं को भी ऋण देकर उनके हाथों को मजबूत बनाने में सहयोग करें। कहा कि इस बैठक का एकमात्र उद्देश्य पलामू का समग्र विकास करना है और यह तभी संभव है जब हम सभी टीमवर्क की भावना के साथ लोगों के कल्याण के लिए कार्य करें। बैठक में पलामू सांसद द्वारा रामगढ़ के एसबीआई ब्रांच में कैश ट्रांसफर से जुड़े मामले को भी रेखांकित किया गया। इस मौके पर सदर एसडीएम सुलोचना मीणा, डीडीसी शब्बीर अहमद, आरबीआई के प्रतिनिधि, चतरा सांसद प्रतिनिधि आदि मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा**

**ई-अतिअल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा संख्या- **30/2024-25/RWD/CHATRA** दिनांक- **10.01.2025**

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा **जिला योजना अनाबद्ध राशि अन्तर्गत** निम्न विवरण के अनुसार **e-procurement** पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र॰ सं॰ | आईडेन्टिफिकेशन संख्या /पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं॰ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ CHATRA/159 /2024-25 | टण्डवा | कबरा | सिसई | गेन्शु भुईयां के घर से माधवतरी शमशान तक पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण। | 24,96,700.00 | चौबीस लाख छियानबे हजार सात सौ मात्र | 03 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/ CHATRA/160 /2024-25 | टण्डवा | एदला | एदला | मिठु महतो के घर से बैजनाथ भुईयां के घर तक पी॰सी॰सी॰ पथ निर्माण। | 24,99,700.00 | चौबीस लाख निन्यानबे हजार सात सौ मात्र | 03 माह | प्रथम |
| 3 | RWD/ CHATRA/161 /2024-25 | टण्डवा | बचरा उत्तरी | बचरा उत्तरी | बचरा उत्तरी में सामुदायिक भवन का निर्माण। | 19,45,250.00 | उन्नीस लाख पैंतालीस हजार दो सौ पचास मात्र | 03 माह | प्रथम |
| 4 | RWD/ CHATRA/162 /2024-25 | टण्डवा | किचटो | चिरैया टांड | चिरैयाटांड़ में सामुदायिक भवन का निर्माण। | 19,45,250.00 | उन्नीस लाख पैंतालीस हजार दो सौ पचास मात्र | 03 माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- **15.01.2025**
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- **22.01.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।**
4. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- **24.01.2025 अपराह्न 3.30 बजे।**
5. ई-निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- **कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।**
6. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :- 06541-296208

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा**

**PR 344144 Rural Work Department(24-25)#D**

# कारू यादव की गिरफ्तारी के लिए 30 टीम बनाकर पुलिस ने तेज की दबिश

## सरकारी अमीन को बुलाकर कारू के ठिकाने आशाकोठी और आसपास करायी गयी मापी

## पुलिस पर हमला और उपद्रव मचाने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा : एसएसपी

**कहा- आशाकोठी में बिहार के जमुई के बदमाशों का बसेरा**

आजाद सिपाही संवाददाता





कारू यादव के आशाकोठी व अन्य ठिकानों पर सर्च अभियान चलते धनबाद के एसएसपी एचपी जनार्दनन व जमीन की मापी करते सरकारी अमीन।

**महुदा।** बीसीसीएल गोविंदपुर एरिया 03 के हिलटॉप आउटसोर्सिंग में झड़प और बाघमारा एसडीपीओ पर हमले के बाद से पुलिस ने आरोपित कारू यादव की गिरफ्तारी के लिए दबिश तेज कर दी है। पुलिस आशाकोठी और खरखरी सहित पकड़े गए अन्य आरोपियों की निशानदेही पर दूसरे जिलों में भी ताबड़तोड़ छापामारी कर रही है। इसके लिए पुलिस ने 30 टीम बनाई हैं, जो क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों में लगातार दबिश दे रही हैं। इसी क्रम में रविवार को भी पुलिस ने महुदा के भाटडीह बस्ती, सीनिडीह, नावागढ़ बस्ती, आशाकोठी, खरखरी एवं ब्रह्मणडीहा से दर्जनों आरोपितों को पकड़ा है। पुलिस ने उक्त मामले में अबतक 120 से अधिक उपद्रवियों को नामजद आरोपित बनाया हैं। घटना के पांचवे दिन यानी सोमवार को धनबाद एसएसपी, ग्रामीण एसपी समेत भारी संख्या में पुलिस कारू के ठिकानों पर पहुंची। इस दौरान पुलिस ने आशाकोठी स्थित जमीन की मापी के लिए सरकारी अमीन को भी बुलाया और जमीन की मापी कराई। उधर, मापी करने आये अमीन ने बताया कि मौजा आशाकोठी प्लॉट नंबर 56, रैयती प्लॉट हैं, जो नाथु रवानी, विजय रवानी, पुनू रवानी पिता जीतू रवानी के नाम पर हैं, उसमें कारू यादव ने अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है। इसके आलावा प्लॉट नंबर 73 जो बीसीसीएल की जमीन हैं। उन्होंने कहा कि अभी मापी जारी हैं। मापी में प्रतीत हो रहा हैं कि पूरे आशाकोठी में करीब 60 घर हैं, जो बीसीसीएल एवं रैयती प्लॉट में अवैध रूप से कब्जा कर रह रहे हैं। जमीन की मापी ग्रामीण एसपी व डीडीसी के आदेश पर अंचलधिकारी की निगरानी में की जा रही हैं।

दूसरी ओर, आशाकोठी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसएसपी एचपी जनार्दन ने प्रशासन पर हमले को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। कहा कि हमले में शामिल आरोपियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्हें स्पीडी ट्रायल के जरिए कड़ी सजा दिलाई जाएगी। एसएसपी ने बताया कि यह घटना दो गुटों के बीच वर्चस्व की लड़ाई का परिणाम था, जिसमें मुख्य भूमिका कारू यादव और स्थानीय महाप्रबंधक गणेश चन्द्र साहा की थी। एसएसपी ने आरोप लगाया कि कारू यादव और उनके समर्थकों ने हिंसक माहौल पैदा करने के लिए भीड़ इकट्ठा किया था। उन्होंने पुलिस पर हुए हमले के संदर्भ में कहा कि आरोपी कारू यादव व अन्य को किसी भी हालत में नहीं छोड़ा जाएगा। उन्हें कड़ी सजा दिलाने के लिए पुलिस पूरी ताकत से काम करेगी। एसएसपी ने गिरीडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और क्षेत्र के महाप्रबंधक पर भी जांच की बात की। हालांकि कहा कि यह जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि उनकी भूमिका क्या थी। यह भी बताया कि घटना के बाद पुलिस ने 120 से अधिक नामजद आरोपियों के खिलाफ 30 टीमों के साथ ताबड़तोड़ छापामारी की, और उपद्रवियों को पकड़ने के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं। यह भी जांच की जाएगी कि महाप्रबंधक ने ग्रामिणों द्वारा कंपनी के काम को लेकर दी गई चेतावनी के बावजूद जबरन कार्य कराया, और इस कदम से इस तरह की बड़ी घटना का जन्म हुआ। इस पूरे मामले में आगे की जांच से ही स्पष्ट होगा कि महाप्रबंधक ने ऐसा क्यों किया और उनका इसमें क्या रूची थी। बताया कि बिहार के जमुई से गुंडे को लाकर योजनाबद्ध तरीके से अवैध गतिविधियों को ट्रैंड करने के लिए आशाकोठी में बसा कर उनसे आसपास के आउटसोर्सिंग कंपनियों से रंगदारी वसूली करना एवं अवैध कोयला का साम्राज्य को स्थापित के लिए क्षेत्र में गोली-बम से दहशत व शांति भंग किया जाता हैं।

# खेल प्रतिभाओं को उचित मंच देना हम सभी की जिम्मेदारी: योगेंद्र प्रसाद

**गोमिया के लटकुट्टा में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शामिल हुए राज्य के मद्य निषेध मंत्री**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गोमिया।** प्रखंड के लटकुट्टा नाई टोला में ललिता केंद्र समिति की ओर से आयोजित आनंद वॉलीबॉल प्रतियोगिता में राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए उन्होंने आयोजन समिति को भी शुभकामनाएं दी। कहा कि खेल ना सिर्फ हमें शारीरिक रूप से स्वस्थ रखता हैं, बल्कि मानसिक मजबूती और आपसी संबंधों को भी सुदृढ़ बनाता हैं। खेल हमें सिखाते है कि जीत या हार से ज्यादा मायने रखती है खेल भावना और सकारात्मक दृष्टिकोण। उन्होंने कहा कि स्थानीय खेल प्रतिभाओं को उचित मंच देना हम सभी की जिम्मेदारी है। यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों को अपना हुनर प्रदर्शित करने के साथ ही उसे तरासने का भी एक बेहतर अवसर है। उन्होंने वॉलीबॉल प्रतियोगिता में खेल रहे सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। इसके अलावा मंत्री ने जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण भी किया। इस मौके पर झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष अमित पासवान, पूर्व मुखिया चंद्रदीप पासवान, झाकोमयु नेता शंकर पासवान, राहुल वर्णवाल, दीपक ठाकुर, अनिल कसेरा, रंजीत मोहसिल, उमेश ठाकुर, विक्की ठाकुर, गजेंद्र ठाकुर आदि थे।

# किक बॉक्सिंग यूथ कप प्रतियोगिता में बोकारो की टीम ने जीते 12 मेडल

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** एमेच्योर स्पोर्ट्स किकबॉक्सिंग यूथ कप प्रतियोगिता का आयोजन एमेच्योर स्पोर्ट्स किकबॉक्सिंग एसोसिशन झारखण्ड की ओर से रामगढ़ स्टेडियम में हुआ। जिसमें बोकारो से कुल 25 बच्चों ने हिस्सा लेकर जिले का नाम रोशन किया। जिसमें साहिल कुमार, डोली कुमारी, दीपकृति कुमारी, श्रेया अग्रवाल को स्वर्ण पदक, दिव्यांशु महतो, सोनिया कुमारी, तमन्ना कुमारी, स्वास्तिक सिंह एवं मोहम्मद तौफीक को रजत और अदिति गोहिल, मरियम एवं दिव्यांश कुमार आदि ने कास्य पदक जीता। उपरोक्त जानकारी जिला के कोच नईम अंसारी ने दी। साथ ही संघ के सचिव उमेश नायडू ने बच्चों को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।


## जिला परिवहन पदाधिकारी का कार्यालय,लातेहार।

**चालक अनुज्ञप्ति धारियों के चालक अनुज्ञप्ति से संबंधित हेतु आवश्यक सूचना**

ज्ञापांक– 14/जि0परि0 दिनांक– 10.01.2025

एतद द्वारा निम्न चालक अनुज्ञप्तिधारकों को सूचित किया जाता है कि जिला परिवहन कार्यालय, लातेहार से Online चालक अनुज्ञप्ति का निर्गमन वर्ष 2016 से प्रारंभ हो गया था। आप सभी का चालक अनुज्ञप्ति का निर्गत वर्ष 2019 एवं Backlog Entry अरूणाचल प्रदेश में दिखाया गया है, जबकि जिला परिवहन कार्यालय, लातेहार से वर्ष 2019 में कोई भी मैनुअल DL निर्गत नहीं हुआ है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 21.01.2025 तक जिला परिवहन कार्यालय, लातेहार में आकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें अन्यथा चालक अनुज्ञप्ति को निरस्त कर दिया जायेगा।

| Sl No | DL No | Sl No | DL No | Sl No | DL No | Sl No | DL No |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH19 20190007001 | 86 | JH19 20190007092 | 171 | JH19 20190002446 | 256 | JH19 20190008081 |
| 2 | JH19 20190007002 | 87 | JH19 20190007093 | 172 | JH19 20190002447 | 257 | JH19 20190008082 |
| 3 | JH19 20190007003 | 88 | JH19 20190007094 | 173 | JH19 20190002448 | 258 | JH19 20190008083 |
| 4 | JH19 20190007004 | 89 | JH19 20190007095 | 174 | JH19 20190002449 | 259 | JH19 20190008084 |
| 5 | JH19 20190007005 | 90 | JH19 20190007096 | 175 | JH19 20190002450 | 260 | JH19 20190008085 |
| 6 | JH19 20190007006 | 91 | JH19 20190007097 | 176 | JH19 20190002461 | 261 | JH19 20190008086 |
| 7 | JH19 20190007007 | 92 | JH19 20190007098 | 177 | JH19 20190002462 | 262 | JH19 20190008087 |
| 8 | JH19 20190007008 | 93 | JH19 20190007099 | 178 | JH19 20190002463 | 263 | JH19 20190008088 |
| 9 | JH19 20190007009 | 94 | JH19 20190007100 | 179 | JH19 20190002464 | 264 | JH19 20190008089 |
| 10 | JH19 20190007010 | 95 | JH19 20190002302 | 180 | JH19 20190002465 | 265 | JH19 20190008091 |
| 11 | JH19 20190007011 | 96 | JH19 20190002303 | 181 | JH19 20190002466 | 266 | JH19 20190008092 |
| 12 | JH19 20190007012 | 97 | JH19 20190002304 | 182 | JH19 20190002467 | 267 | JH19 20190008093 |
| 13 | JH19 20190007013 | 98 | JH19 20190002305 | 183 | JH19 20190002468 | 268 | JH19 20190008094 |
| 14 | JH19 20190007014 | 99 | JH19 20190002312 | 184 | JH19 20190002469 | 269 | JH19 20190008096 |
| 15 | JH19 20190007015 | 100 | JH19 20190002313 | 185 | JH19 20190002471 | 270 | JH19 20190008097 |
| 16 | JH19 20190007016 | 101 | JH19 20190002362 | 186 | JH19 20190002473 | 271 | JH19 20190008098 |
| 17 | JH19 20190007018 | 102 | JH19 20190002363 | 187 | JH19 20190002474 | 272 | JH19 20190008099 |
| 18 | JH19 20190007019 | 103 | JH19 20190002364 | 188 | JH19 20190002475 | 273 | JH19 20190008100 |
| 19 | JH19 20190007020 | 104 | JH19 20190002365 | 189 | JH19 20190002476 | 274 | JH19 20190008101 |
| 20 | JH19 20190007021 | 105 | JH19 20190002366 | 190 | JH19 20190002477 | 275 | JH19 20190008102 |
| 21 | JH19 20190007023 | 106 | JH19 20190002367 | 191 | JH19 20190002478 | 276 | JH19 20190008104 |
| 22 | JH19 20190007024 | 107 | JH19 20190002368 | 192 | JH19 20190002480 | 277 | JH19 20190008105 |
| 23 | JH19 20190007025 | 108 | JH19 20190002369 | 193 | JH19 20190002482 | 278 | JH19 20190008107 |
| 24 | JH19 20190007026 | 109 | JH19 20190002370 | 194 | JH19 20190002483 | 279 | JH19 20190008108 |
| 25 | JH19 20190007027 | 110 | JH19 20190002371 | 195 | JH19 20190002484 | 280 | JH19 20190008109 |
| 26 | JH19 20190007028 | 111 | JH19 20190002372 | 196 | JH19 20190002485 | 281 | JH19 20190008110 |
| 27 | JH19 20190007029 | 112 | JH19 20190002373 | 197 | JH19 20190002488 | 282 | JH19 20190008111 |
| 28 | JH19 20190007030 | 113 | JH19 20190002374 | 198 | JH19 20190002489 | 283 | JH19 20190008112 |
| 29 | JH19 20190007031 | 114 | JH19 20190002375 | 199 | JH19 20190002490 | 284 | JH19 20190008113 |
| 30 | JH19 20190007032 | 115 | JH19 20190002376 | 200 | JH19 20190002492 | 285 | JH19 20190008114 |
| 31 | JH19 20190007033 | 116 | JH19 20190002377 | 201 | JH19 20190002493 | 286 | JH19 20190008115 |
| 32 | JH19 20190007035 | 117 | JH19 20190002378 | 202 | JH19 20190002494 | 287 | JH19 20190008117 |
| 33 | JH19 20190007036 | 118 | JH19 20190002379 | 203 | JH19 20190002498 | 288 | JH19 20190008118 |
| 34 | JH19 20190007038 | 119 | JH19 20190002380 | 204 | JH19 20190008019 | 289 | JH19 20190008119 |
| 35 | JH19 20190007039 | 120 | JH19 20190002381 | 205 | JH19 20190008021 | 290 | JH19 20190008120 |
| 36 | JH19 20190007040 | 121 | JH19 20190002382 | 206 | JH19 20190008022 | 291 | JH19 20190008121 |
| 37 | JH19 20190007041 | 122 | JH19 20190002383 | 207 | JH19 20190008023 | 292 | JH19 20190008122 |
| 38 | JH19 20190007042 | 123 | JH19 20190002384 | 208 | JH19 20190008024 | 293 | JH19 20190008123 |
| 39 | JH19 20190007043 | 124 | JH19 20190002385 | 209 | JH19 20190008025 | 294 | JH19 20190008124 |
| 40 | JH19 20190007044 | 125 | JH19 20190002386 | 210 | JH19 20190008026 | 295 | JH19 20190008125 |
| 41 | JH19 20190007045 | 126 | JH19 20190002387 | 211 | JH19 20190008027 | 296 | JH19 20190008126 |
| 42 | JH19 20190007046 | 127 | JH19 20190002388 | 212 | JH19 20190008028 | | |
| 43 | JH19 20190007047 | 128 | JH19 20190002389 | 213 | JH19 20190008029 | | |
| 44 | JH19 20190007048 | 129 | JH19 20190002392 | 214 | JH19 20190008031 | | |
| 45 | JH19 20190007049 | 130 | JH19 20190002394 | 215 | JH19 20190008032 | | |
| 46 | JH19 20190007050 | 131 | JH19 20190002395 | 216 | JH19 20190008033 | | |
| 47 | JH19 20190007051 | 132 | JH19 20190002396 | 217 | JH19 20190008034 | | |
| 48 | JH19 20190007052 | 133 | JH19 20190002397 | 218 | JH19 20190008035 | | |
| 49 | JH19 20190007053 | 134 | JH19 20190002399 | 219 | JH19 20190008036 | | |
| 50 | JH19 20190007054 | 135 | JH19 20190002400 | 220 | JH19 20190008037 | | |
| 51 | JH19 20190007055 | 136 | JH19 20190002401 | 221 | JH19 20190008038 | | |
| 52 | JH19 20190007056 | 137 | JH19 20190002402 | 222 | JH19 20190008039 | | |
| 53 | JH19 20190007057 | 138 | JH19 20190002405 | 223 | JH19 20190008040 | | |
| 54 | JH19 20190007059 | 139 | JH19 20190002406 | 224 | JH19 20190008041 | | |
| 55 | JH19 20190007060 | 140 | JH19 20190002407 | 225 | JH19 20190008042 | | |
| 56 | JH19 20190007061 | 141 | JH19 20190002408 | 226 | JH19 20190008043 | | |
| 57 | JH19 20190007062 | 142 | JH19 20190002409 | 227 | JH19 20190008044 | | |
| 58 | JH19 20190007063 | 143 | JH19 20190002410 | 228 | JH19 20190008045 | | |
| 59 | JH19 20190007064 | 144 | JH19 20190002411 | 229 | JH19 20190008046 | | |
| 60 | JH19 20190007065 | 145 | JH19 20190002413 | 230 | JH19 20190008048 | | |
| 61 | JH19 20190007066 | 146 | JH19 20190002415 | 231 | JH19 20190008049 | | |
| 62 | JH19 20190007067 | 147 | JH19 20190002416 | 232 | JH19 20190008050 | | |
| 63 | JH19 20190007068 | 148 | JH19 20190002418 | 233 | JH19 20190008052 | | |
| 64 | JH19 20190007069 | 149 | JH19 20190002419 | 234 | JH19 20190008053 | | |
| 65 | JH19 20190007070 | 150 | JH19 20190002420 | 235 | JH19 20190008054 | | |
| 66 | JH19 20190007071 | 151 | JH19 20190002421 | 236 | JH19 20190008055 | | |
| 67 | JH19 20190007072 | 152 | JH19 20190002422 | 237 | JH19 20190008057 | | |
| 68 | JH19 20190007073 | 153 | JH19 20190002424 | 238 | JH19 20190008058 | | |
| 69 | JH19 20190007074 | 154 | JH19 20190002425 | 239 | JH19 20190008059 | | |
| 70 | JH19 20190007075 | 155 | JH19 20190002426 | 240 | JH19 20190008060 | | |
| 71 | JH19 20190007076 | 156 | JH19 20190002428 | 241 | JH19 20190008062 | | |
| 72 | JH19 20190007077 | 157 | JH19 20190002429 | 242 | JH19 20190008063 | | |
| 73 | JH19 20190007078 | 158 | JH19 20190002430 | 243 | JH19 20190008064 | | |
| 74 | JH19 20190007079 | 159 | JH19 20190002432 | 244 | JH19 20190008065 | | |
| 75 | JH19 20190007080 | 160 | JH19 20190002433 | 245 | JH19 20190008067 | | |
| 76 | JH19 20190007081 | 161 | JH19 20190002434 | 246 | JH19 20190008068 | | |
| 77 | JH19 20190007082 | 162 | JH19 20190002436 | 247 | JH19 20190008069 | | |
| 78 | JH19 20190007083 | 163 | JH19 20190002437 | 248 | JH19 20190008070 | | |
| 79 | JH19 20190007084 | 164 | JH19 20190002438 | 249 | JH19 20190008071 | | |
| 80 | JH19 20190007085 | 165 | JH19 20190002439 | 250 | JH19 20190008072 | | |
| 81 | JH19 20190007086 | 166 | JH19 20190002441 | 251 | JH19 20190008073 | | |
| 82 | JH19 20190007087 | 167 | JH19 20190002442 | 252 | JH19 20190008074 | | |
| 83 | JH19 20190007089 | 168 | JH19 20190002443 | 253 | JH19 20190008075 | | |
| 84 | JH19 20190007090 | 169 | JH19 20190002444 | 254 | JH19 20190008076 | | |
| 85 | JH19 20190007091 | 170 | JH19 20190002445 | 255 | JH19 20190008080 | | |

PR 344133 Transport(24-25)D

जिला परिवहन पदाधिकारी लातेहार।


# हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है: जयराम महतो



**टुसू प्रदर्शनी सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नावाडीह/बेरमो।** नावाडीह टुसू परब आयोजन समिति की ओर से बिनोद बिहारी महतो स्टेडियम में सोमवार को जबर टुसू पर्व के अवसर पर टुसू प्रदर्शनी सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर छऊ नृत्य, झूमर नृत्य कई टोली की ओर से प्रस्तुत दी गयी। टुसू गीत पर भी कलाकारों व लोगों ने नृत्य किया। गायिका सावित्री कर्मकार एवं लाली पटेल ने घुराय देबे तोरा टुसू पर्व मेला, ले जीबो हथिया पत्थर मैला... आदि गीतों से लोगों को खूब झुमाया। वहीं, कार्यक्रम में शामिल डुमरी विधायक सह जेबीकेएसएस केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। किसान के लिए धान बेटी के समान है। फसल तैयार होने के बाद धान को घर में प्रवेश कराने की खुशी में टुसू परब मनाया जाता है। झारखंड के 24 वर्ष पूरा होने के बावजूद यहां की संस्कृति व सभ्यता को लोग भुलते जा रहे हैं। अपनी संस्कृति व सभ्यता को कायम रखने के लिए प्रत्येक वर्ष इस प्रकार के कई कार्यक्रमों को किया जाता है। कहा कि टुसू को नावाडीह से मेन रोड फुसरो होते हुए हिंदुस्तान पूल के समीप हथिया पत्थर के दामोदर नदी घाट में विसर्जन किया जायेगा। साथ ही प्रदर्शनी के विजेताओं को सम्मानित किया गया। मौके पर जेबीकेएसएस के केंद्रीय उपाध्यक्ष मोती लाल महतो, पूजा महतो, प्रखंड अध्यक्ष देवनारायन महतो, संदीप झारखंडी, अक्षय कुमार, अनंतलाल महतो, कैलाश महतो, रंजन महतो, मनोज महतो आदि हजारों लोग मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के युवाओं का अहम योगदान रहा।

# सांसद सीपी चौधरी पर दर्ज मुकदमा वापस लेने समेत अन्य मांगों को लेकर आजसू का धरना

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** मधुबन थाना अंतर्गत बाघमारा में गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के कार्यालय में विगत दिनों गई आगजनी, बाघमारा एसडीपीओ पर हमला एवं सांसद के खिलाफ दर्ज कथित झूठे मुकदमा के विरोध में सोमवार को आजसू ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रणधीर वर्मा चौक पर धरना दिया। प्रदर्शनकारियों ने हेमंत सरकार के खिलाफ जुबानी हमला करते हुए रैयतों-विस्थापितों की जमीन पर बीसीसीएल के गुंडों द्वारा कब्जा बंद करने, हिलटॉप कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने, रैयत विस्थापित पर झूठा मुकदमा बंद करने, सांसद के आवासीय कार्यालय को जलाने वाले दोषी कारू यादव को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की। आजसू के प्रदेश संयोजक हीरालाल महतो ने कहा कि सांसद पर दर्ज मुकदमा झूठा है। अगर मुकदमा वापस नहीं लिया जाता है तो आंदोलन और तीव्र किया जायेगा। वहीं, आजसू नेता पप्पू सिंह ने कहा कि आजसू सड़क पर उतरकर धरना दे रही है। मांगे अगर नहीं मानी गई तो सदन तक लड़ाई लड़ी जाएगी। इस मौके पर पार्टी के केंद्रीय महासचिव संतोष महतो, रिंकू महतो, डुमरी विस प्रभारी यसोदा देवी, नरेश महतो, केंद्रीय सचिव सुभाष रवानी, प्रमोद चौरसिया, केंद्रीय सदस्य कुलु चौधरी, रतिलाल महतो, वीरेंदर निषाद, सदानंद महतो, संतोष कुशवाहा, सौरभ महतो, प्रमोद महतो, नरेश महतो सहित दर्जन कार्यकर्ता मौजूद थे।

# द्वारिका मेमोरियल के विद्यार्थियों का विज्ञान प्रदर्शनी में पहला स्थान

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** आइएसएम के पेनमेन हॉल में आइआइटी-आइएसएम के वार्षिकोत्सव उम्मीद में स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। जिसमें लगभग 60 स्कूली बच्चों ने भाग लिया। इसी के तहत विज्ञान प्रदर्शनी में धनबाद के बिशनपुर द्वारिका मेमोरियल फाउंडेशन एकेडमी के छात्रों ने प्रथम स्थान हासिल किया। नवम वर्ग के छात्र आदित्य झा, अभिमन्यु वर्मा, हर्ष कुमार, हिमांशु कुमार ने बोरवेल रेस्क्यू रोबोट एवं ट्रांसमिशन लाइन फाल्ट डिटेक्शन सिस्टम बनाया, जिसे निर्णायक मंडली ने सराहा एवं सर्वश्रेष्ठ स्थान दिया। नवम वर्ग की छात्रा इशिका कुमारी ने गायन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के निदेशक डॉक्टर उमेश प्रसाद सिंह, प्राचार्य मदन सिंह आदि ने विजेताओं को बधाई दी।

# डिगवाडीह कार्मेल स्कूल कांड को लेकर भाजयुमो ने फूंका प्राचार्या का पुतला



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** डिगवाडीह कार्मल स्कूल कांड के प्रतिवाद में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने रणधीर वर्मा चौक पर प्राचार्या का पुतला दहन किया। साथ ही दोषी प्राचार्या के खिलाफ अविलंब कार्रवाई करने की मांग की गयी। पुतला दहन कार्यक्रम में शामिल विधायक राज सिन्हा ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा गठित जांच टीम के 48 घंटे बीत गए हैं। पर अब तक जांच रिपोर्ट नहीं आयी है। जांच के संदर्भ में मंगलवार को डीसी से मिलकर जानकारी लेंगे। उन्होंने घटना की घोर निंदा करते हुए कहा कि इस मामले में अगर कोई लीपापोती करने का प्रयास किया गया तो ऐसा होने नहीं दिया जाएगा। इस मामले को फरवरी महीने के बजट सत्र में भी उठाएंगे। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि ऐसे विद्यालय का वे बहिष्कार करें। वहीं, भाजयुमो जिला अध्यक्ष नित्यानंद मंडल ने कहा कि मंगलवार को डिगवाडीह कार्मल स्कूल के समक्ष भी भाजयुमो की ओर से प्रदर्शन करते हुए प्राचार्या का पुतला दहन किया जाएगा। साथ ही 16 जनवरी को स्कूल के बाहर एक हजार कार्यकर्ताओं के साथ धरना भी दिया जाएगा। इसमें अभिभावकों को भी शामिल होने की अपील की गई है।

## बाघमारा प्रखंड कांग्रेस ने निकाला आंबेडकर सम्मान मार्च

# भाजपा और आसएसएस संविधान विरोधी : संतोष सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता




**तेतुलमारी/कतरास।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर कथित रूप से बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के आपमान करने के खिलाफ सोमवार को बाघमारा प्रखंड कांग्रेस की ओर से तेतुलमारी के पांडेडीह में 'जय बापू', 'जय भीम', 'जय संविधान' का नारा देते हुए आंबेडकर सम्मान मार्च निकाला। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद जिला जिलाध्यक्ष संतोष सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी शामिल हुए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संतोष सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस शुरू से संविधान विरोधी रही है। संविधान सभा की बैठक 6 दिसंबर 1946 से शुरू हुई। उस समय भी आरएसएस अंग्रेसों से मिलकर काम कर रहे थे। वहीं, कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा पहले महात्मा गांधी पर जुबानी हमले करती रही। फिर पंडित जवाहरलाल नेहरू और अब संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर पर जुबानी हमले कर देश की जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। पर राहुल गांधी ने ठाना है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को तोड़ मरोड़ कर पेश करने वालों के खिलाफ सड़क से संसद तक आंदोलन करेंगें और जनता को भाजपा की कारगुजारियों से अवगत करायेंगें। इस मौके पर जिला महासचिव सह जिप सदस्य प्रतिनिधी राजेश राम, बाघमारा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष बलराम महतो, प्रवेक्षक दीपक सिंह, प्रोफेसर सह वरीय कांग्रेसी नेता तेज प्रकाश पांडेय, कतरास नगर कांग्रेस अध्यक्ष रणजीत पांडेय, लगनदेव यादव, इंदल यादव, बिनोद शर्मा, धनेशवर ठाकुर, शौकत खान, आलम अंसारी, जियाउल अंसारी, मनोज कुमार आदि उपस्थित थे।

# एसओए में पीएमकेवीवाइ प्रशिक्षुओं के 8वें बैच को बांटे गये प्रमाण पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी (एसओए) के कुलपति प्रो प्रदीप्त कुमार नंदा ने कहा कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाइ) जैसी पहल युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें उद्योग से संबंधित कौशल से लैस करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, जिससे उनकी रोजगार क्षमता बढ़ती है। प्रो नंदा ने हाल ही में एसओए में पीएमकेवीवाई प्रशिक्षुओं के 8वें बैच को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए कहा, ऐसी पहल आर्थिक विकास को बढ़ावा देती है और एसओए कौशल-उन्मुख वातावरण को बढ़ावा देकर शिक्षा और उद्योग के बीच की खाई को पाटने के लिए प्रतिबद्ध है। एसओए के कृषि विज्ञान संकाय के कृषि विज्ञान संस्थान (आइएएस) में स्किल हब पहल योजना के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रों को शामिल करते हुए कौशल विकास पाठ्यक्रमों के सफल समापन को चिह्नित किया गया, जिन्होंने पीएमकेवीवाइ के तहत विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया। एसओए में पीएमकेवीवाई कार्यक्रम ने कृषि, प्रौद्योगिकी और उद्यमिता जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यावसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश की। विश्वविद्यालय छात्रों को व्यावहारिक कौशल हासिल करने में मदद कर रहा है जो उन्हें नौकरी के बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाता है। समारोह में आइएएस के डीन प्रोफेसर संतोष कुमार राउत, डीन (छात्र कल्याण) प्रोफेसर ज्योति रंजन दास और विश्वविद्यालय और कौशल विकास और उद्यमिता केंद्र (सीएसडीइ) के कई प्रमुख अधिकारी शामिल हुए। कौशल विकास और उद्यमिता के उप महाप्रबंधक अशोक कुमार नायक ने कौशल विकास के मिशन को आगे बढ़ाने में अपने अटूट समर्थन के लिए विश्वविद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में इंजीनियरिंग, चिकित्सा विज्ञान और कृषि विज्ञान के क्षेत्र में नियमित कौशल कार्यक्रम शुरू होंगे। रामकृष्ण मोहंती ने कार्यक्रम का संचालन किया।




# हंसिता के साथ बीजद नेता का लिंक है: प्रदीप पुरोहित

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** सांसद प्रदीप पुरोहित का चांचल कर बयान, बीजद सरकार के कई नेता हंसिता को सहयोग कर रहे थे। बरगड सांसद प्रदीप पुरोहित ने आरोप लगाया है कि हंसिता अभिलिप्सा के बीजद सरकार के तहत कालाहांडी जिले के एक पूर्व उद्योग मंत्री के साथ संबंध थे। प्रदीप ने सीधे तौर पर पूर्व मंत्री और जूनागढ़ विधायक दिव्यशंकर मिश्र पर उंगली उठायी। उन्होंने आरोप लगाया कि सभी कानूनों का उल्लंघन कर उन्हें पर्याप्त काम दिया गया और सैकड़ों करोड़ रुपये लूटे गये। पुलिस को इस फर्जीवाड़े में कुछ बड़े लोगों की संलिप्तता मिली है। इसे देखते हुए प्रदीप का बयान कई सवाल खड़े करता है। प्रदीप का आरोप है कि तमाम नियम तोड़ कर उन्हें अपर्याप्त काम दिया गया, और सैकड़ों करोड़ रुपये की लूट की गयी। उन्होंने कहा कि इसमें पूर्व मंत्री समेत एक-दो विधायक शामिल थे, बीजद नेता के साथ हंसिता का धोखाधड़ी मामले से लिंक हैं। बीजद नेता और पूर्व मंत्री हंसिता को नियमों के बाहर काम देकर राजस्व लूटते थे। भाजपा सांसद प्रदीप पुरोहित ने इस तरह के कुछ चौंकाने वाले बयान देकर हंसिता धोखाधड़ी मामले को एक नया मोड़ दिया है।

उन्होंने दावा किया कि हंसिता अभिलिप्सा का बीजद सरकार के तहत कालाहांडी जिले के एक पूर्व औद्योगिक मंत्री के साथ संबंध था। प्रदीप के मुताबिक हंसिता को उद्योग विभाग के नियम-कायदों से परे जाकर कई काम दी गयी हैं। सरकारी काम दिलाने के बहाने सैकड़ों करोड़ रुपये का राजस्व लूटा गया है। इस घटना में प्रदीप पुरोहित ने मांग की कि जांच के दायरे में तत्कालीन मंत्री और बीजद विधायक को भी शामिल किया जाना चाहिए। इसमें शामिल सभी नेताओं और मंत्रियों की जांच होनी चाहिए और सभी बड़े लोगों को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। हंसिता और अनिल की जोड़ी पर लोगों से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप था। फिलाल धोखेबाज जोड़ी हंसिता-अनिल का काला पर्दा उठ गया है। आयकर विभाग ने अपनी जांच तेज कर दी है। नेता, शराब कारोबारी और सोना कारोबारी अब आयकर विभाग की जांच के दायरे में हैं। अब पुलिस इससे जुड़े सभी सुराग तलाश रही है।

## आपातकाल के दौरान जेल गये लोगों को 20,000 रुपये की पेंशन और मुफ्त चिकित्सा



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा सरकार ने आपातकाल के दौरान जेल गये लोगों को 20,000 रुपये की पेंशन और मुफ्त चिकित्सा उपचार प्रदान करने के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। गृह विभाग ने आज यह जानकारी दी। गृह विभाग ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, राज्य सरकार ने सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद, 25.06.1975 से 21.03.1977 की अवधि के दौरान मीसा (आंतरिक सुरक्षा अधिनियम, 1971) या डीआइआर (भारत की रक्षा नियम) या डीआइएसआइआर (भारत की रक्षा और आंतरिक सुरक्षा नियम) के तहत ओडिशा राज्य की जेलों में बंद व्यक्तियों को, जैसा कि नीचे दर्शाया गया है, पेंशन और अन्य लाभ प्रदान करने की कृपा की है। इसमें कहा गया है, जीवित व्यक्तियों (अर्थात जो 01.01.2025 को जीवित थे) को जेल में हिरासत की अवधि की परवाह किए बिना 20,000 रुपये प्रति माह की पेंशन स्वीकृत की जायेगी। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के संकल्प संख्या 24786/एच दिनांक 21.10.2009 और पत्र संख्या 9990/एच दिनांक 24.04.2010 में निहित प्रावधानों के अनुसार मुफ्त चिकित्सा उपचार का लाभ उठाया जा सकता है। इसमें आगे कहा गया है कि ये लाभ 1 जनवरी, 2025 से शुरू होने वाली अवधि के लिए प्रदान किये जायेंगे। 1 जनवरी, 2025 से पहले की अवधि के लिए कोई लाभ नहीं दिया जायेगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री मोहन माझी ने 2 जनवरी को 38वें स्वतंत्रता सेनानी दिवस के अवसर पर जेल में बंद स्वतंत्रता सेनानियों की पेंशन दोगुनी करने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जेल गये स्वतंत्रता सेनानियों की मासिक पेंशन 10,000 रुपये से बढ़ाकर 20,000 रुपये की जायेगी। मुख्यमंत्री ने उन स्वतंत्रता सेनानियों की पेंशन भी बढ़ाने की घोषणा की है, जो जेल में बंद नहीं हुए थे। उनकी पेंशन 9,000 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये कर दी गयी है। इसके अलावा, राष्ट्रीय पेंशनभोगियों की सूची में शामिल स्वतंत्रता सेनानियों को अब 8,000 रुपये की जगह 10,000 रुपये मिलेंगे।

## जिंदल स्टील एंड पावर ने आयोजित राज्य स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी-2025 में प्रथम पुरस्कार जीता

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी), अंगुल को भुवनेश्वर के एकाम्रकानन बॉटनिकल गार्डन के क्षेत्रीय संयंत्र संसाधन केंद्र (आरपीआरसी) में आयोजित राज्य स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी-2025 में प्रतिष्ठित प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वार्षिक राज्य स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी का उद्घाटन सात जनवरी, 2025 को ओड़िशा केमुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने किया था, और यह 12 जनवरी, 2025 को संपन्न हुई। जेएसपी के विजयी प्रदर्शन ने जजों और आगंतुकों दोनों को ही आकर्षित किया, जिसमें 'प्रवासीभारती' थीम के तहत प्रदर्शित विदेशी पौधों की प्रजातियों की एक श्रृंखला शामिल थी। इस थीम ने ओड़िशा के विकास में योगदान देने के लिए अनिवासी भारतीयों (एनआरआइ) को आमंत्रित करने पर जोर दिया। जेएसपी अंगुल की बागवानी टीम ने, अंगुल स्थान के प्रभारी कार्यकारी निदेशक पंकज मल्हान, कार्यकारी उपाध्यक्ष बी पी मिश्रा और इएमडी के उपाध्यक्ष आलोक कुमार साहू के प्रेरक मार्गदर्शन में एक शानदार प्रदर्शन प्रस्तुत किया, जो सभी प्रविष्टियों में सबसे अलग रहा। डॉ एसपी शर्मा, वाचस्पति मिश्रा और जेएसपी, अंगुल की पूरी बागवानी टीम ने पूरे प्रदर्शनी में कंपनी का प्रतिनिधित्व किया और एक मजबूत उपस्थिति और प्रभावशाली प्रदर्शन सुनिश्चित किया। प्रदर्शनी में टाटा स्टील, ओएमएस, अडानी, नाल्को, हिंडाल्को, जेएसडब्ल्यू, किट्स यूनिवर्सिटी आदि सहित लगभग 20 कॉर्पोरेट घरानों ने भाग लिया। पुरस्कार समारोह में वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन, श्रम और कर्मचारी राज्य बीमा मंत्री गणेश राम सिंह खुंटिया की उपस्थिति में विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की गयी। प्रेम कुमार झा, आइएफएस, निदेशक, पर्यावरण-सह-विशेष सचिव; श्री सुरेश पंत, ओडिशा वन विकास निगम लिमिटेड (ओएफडीसी लिमिटेड) के प्रबंध निदेशक, खिरोद कुमार पटनायक, प्लांट लवर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष, और हेमंत कुमार पाल, ओड़िशा रोज सोसाइटी के सचिव। राज्य पुष्प प्रदर्शनी में जेएसपी का उत्कृष्ट योगदान और जीत पर्यावरणीय स्थिरता और सामुदायिक सहभागिता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह उपलब्धि जैव विविधता को बढ़ावा देने और ओड़िशा के हरित आवरण को बढ़ाने के लिए कंपनी के समर्पण को उजागर करती है।

# ओड़िशा में आयुष्मान भारत के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर

- जिससे लगभग साढ़े तीन करोड़ लाभार्थियों को होगा फायदा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के कार्यान्वयन के लिए सोमवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकार के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। ओड़िशा के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत और गोपबंधु जन आरोग्य योजना के लिए एक कार्ड दिया जायेगा। इस अवसर पर मुकेश महालिंग ने जानकारी दी. विज्ञान भवन में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, धर्मेंद्र प्रधान, अश्विनी वैष्णव, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मुकेश महालिंग और उपमुख्यमंत्री केवी सिंहदेव की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। यह योजना पहली बार ओड़िशा में लागू की गयी है। गौरतलब है कि राज्य में आगामी फरवरी से आयुष्मान भारत योजना लागू किया जायेगा। इसकी जानकारी पहले स्वास्थ्य मंत्री मुकेश महालिंग ने दी थी। स्वास्थ्य मंत्री मुकेश महालिंगा ने कहा कि एमओयू पर हस्ताक्षर के बाद फरवरी से कार्ड मुद्रित और लागू किये जायेंगे। आज एमओयू पर हस्ताक्षर होने के बाद जल्द ही नये कार्ड जारी किये जायेंगे। इस में पुरुषों के लिए पांच लाख और महिलाओं के लिए 10 लाख की स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जायेगी। राज्य के एक करोड़ परिवारों के लिए आयुष्मान कार्ड गोपबंधु जन आरोग्य और आयुष्मान भारत एक कार्ड में उपलब्ध होगा। इस में 3.5 करोड़ लाभार्थियों को होगा फायदा। देश के 30 हजार अस्पतालों में चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध।

## पिकअप वैन और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दो लोगों की मौत

**कामाख्यानगर (आजाद सिपीह)।** ओड़िशा के ढेंकनाल जिले में सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में पिकअप वैन और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। यह हादसा कामाख्यानगर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत कामाख्यानगर-कांकदाहाड पीडब्ल्यूडी रोड पर तिलेइबेरेनी के पास हुआ। मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पायी है। सूचना मिलने के बाद कांकड़हाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक, पिकअप वैन और दोनों शवों को कब्जे में ले लिया।







# भुवनेश्वर पार्क उत्सव 16 जनवरी तक बढ़ाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने राज्य की राजधानी के निवासियों की मांग को ध्यान में रखते हुए पार्क उत्सव को 16 जनवरी तक बढ़ा दिया है। पार्क उत्सव आज अपने आठवें दिन पहुंच गया, जहां अभिनेत्री प्रिया ने बुद्ध पार्क में अपने मनमोहक नृत्य प्रर्दशन से दर्शकों का मन मोह लिया। उन्होंने मुन तो हिरो गोरी तू हीरोइन और इसरा रे तोरा हेली पगला जैसे लोकप्रिय गानों से उत्सव की शुरूआत की। इसके बाद उन्होंने कई बेहतरीन गानों की प्रस्तुति दी, जिस पर भीड़ झूम उठी। उनके प्रदर्शन ने सितारों से सजे माहौल को और भी बढ़ा दिया, साथ ही अन्य मशहूर हस्तियों ने भी अलग-अलग पार्कों में दर्शकों का मन मोह लिया। पार्क उत्सव पांच बीडीए पार्कों में मनाया जा रहा है, जिसमें आइजी पार्क, फॉरेस्ट पार्क, मधुसूदन पार्क और अब्दुल कलाम पार्क शामिल हैं। दोपहर 4 बजे से, पार्क सांस्कृतिक प्रदर्शनों से जीवंत हो उठा, जिसमें ओड़िशा की लोककथाओं से प्रेरित कहानी सुनाने के सत्र और हॉलीवुड की मशहूर हस्तियों के साथ संवादात्मक कार्यक्रम शामिल थे। शाम को लाइव संगीत प्रदर्शन, स्थानीय प्रतिभा और रोशनी की जादुई चमक ने इसे और भी शानदार बना दिया। फ्ली मार्केट और फूड फेस्टिवल में खूब चहल-पहल रही, शॉपिंग करने, स्थानीय जायके का लुत्फ उठाने और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुत्फ उठाने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़े। आगंतुक गाते, नाचते, तस्वीरें लेते और खूबसूरती से सजी रोशनी का आनंद लेते देखे गये। जैसी कई गतिविधियां शामिल की गयी हैं। यह उत्सव 16 जनवरी तक चलेगा।

## भद्रक जिले में दुर्लभ शाही उल्लू को बचाया गया

**भद्रक (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के भद्रक जिले में सोमवार को एक दुर्लभ शाही उल्लू को बचाया गया है। झटियासाही गांव के गणेश दास की बेटी लक्ष्मीप्रिया दास ने आज सुबह अपने बगीचे से बड़े शाही उल्लू को बचाया। सोमवार की सुबह वह किसी काम से अपने बगीचे में गयी थी, तभी उसने देखा कि एक उल्लू पर कौओं ने हमला कर दिया है। कुछ ही देर में उसने कौओं को भगाया और उल्लू को बचा लिया। हालांकि, बताया गया है कि पक्षी को जल्द ही धामनगर वन विभाग को सौंप दिया जायेगा।




# केयर हॉस्पिटल्स के 'केयर कनेक्ट' कार्यक्रम में मरीजों की देखभाल में हुई प्रगति को दिखाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** केयर हॉस्पिटल्स, भुवनेश्वर ने आज अपना 'केयर कनेक्ट' कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें मरीजों के अनुभवों और न्यूरोसर्जिकल देखभाल में नवीनतम प्रगति पर गहन चर्चा की गयी। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों और मरीजों ने कहानियों और ज्ञान को साझा करने के लिए एक साथ आये। केयर हॉस्पिटल्स में उपचार करवाने वाले मरीजों ने अपनी यात्रा और छुट्टी के बाद के जीवन के बारे में दिल से बातें की, जिसमें अस्पताल की देखभाल के उनके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले गहरे प्रभाव पर जोर दिया गया। उनके प्रशंसापत्रों ने दयालु और प्रभावी स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए अस्पताल की प्रतिबद्धता को उजागर किया। केयर हॉस्पिटल्स के प्रसिद्ध डॉक्टरों ने भी न्यूरोसर्जरी में अत्याधुनिक प्रगति के बारे में जानकारी साझा की। इसके अलावा, न्यूरो और स्पाइन सर्जन डॉ आत्मरंजन दाश ने कहा, बाय-पोर्टल एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी को अपनाना कम से कम आक्रामक तकनीकों पर हमारे फोकस को दशार्ता है, जो प्रभावी परिणाम देते हुए रिकवरी को बढ़ाते हैं। न्यूरोसर्जन डॉ सुसंत दास ने जोर देकर कहा, मस्तिष्क सर्जरी तकनीकों में हालिया प्रगति इष्टतम रोगी परिणाम प्राप्त करने के लिए नवीनतम तकनीकों का लाभ उठाने के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। न्यूरोलॉजिस्ट डॉ मिताली कर ने कहा, स्ट्रोक प्रबंधन प्रोटोकॉल को आगे बढ़ाकर, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि रोगियों को समय पर और समग्र न्यूरोलॉजिकल देखभाल मिले जो तीव्र और दीर्घकालिक दोनों जरूरतों को पूरा करती है। केयर हॉस्पिटल्स के बहु-विषयक दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए, न्यूरोसर्जरी में वरिष्ठ सलाहकार डॉ सुचारिता आनंद ने कहा, मिर्गी और अन्य जटिल विकारों के लिए उन्नत उपचारों के साथ, अत्याधुनिक तकनीक द्वारा समर्थित, हम व्यक्तिगत देखभाल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो हमारे रोगियों के जीवन की गुणवत्ता में काफी सुधार करती है। केयर कनेक्ट कार्यक्रम स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों और रोगियों के बीच सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करना जारी रखता है, रोगी की जरूरतों की गहरी समझ को बढ़ावा देता है और स्वास्थ्य सेवा वितरण में निरंतर सुधार करता है।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**